राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 2
लखनऊ, रविवार 31 अगस्त, 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





निर्यात मामले में प्रदेश के मानचित्र पर दसवें स्थान पर पहुंचा संभल : ब्रजेश पाठक 03

छात्र-छात्राओं ने एक पेड़ मां के नाम लगाकर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश 10


### प्रधानमंत्री मोदी ने जापान के विभिन्न प्रांतों के गवर्नरों के साथ की मुलाकात, कहा

# भारत-जापान में सहयोग बढ़ाना समय की मांग

**भारत के राज्यों व जापान के प्रान्तों के बीच सहयोग भारत-जापान मैत्री का महत्वपूर्ण स्तंभ**

एजेंसी

**टोक्यो/नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को यहां जापान के विभिन्न प्रांतों के गवर्नरों के साथ मुलाकात की और कहा कि दोनों देशों के संबंधों का विस्तार अब उनके राज्यों तथा प्रांतों के बीच भी किये जाने की जरूरत है जिससे वे विकास यात्रा में साझेदार बन सकें। जापान यात्रा के दूसरे दिन श्री मोदी ने यहां जापान के 16 प्रांतों के गवर्नरों के साथ विस्तार से बातचीत की।

बातचीत के बाद उन्होंने कहा कि भारत के राज्यों और जापान के प्रान्तों के बीच सहयोग भारत-जापान मैत्री का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा, आज सुबह टोक्यो में, जापान के 16 प्रान्तों के गवर्नरों के साथ बातचीत की। राज्य-प्रान्त सहयोग भारत-जापान मैत्री का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। यही कारण है कि कल 15वें वार्षिक भारत-जापान शिखर सम्मेलन के दौरान इस पर एक अलग पहल शुरू की गई।



व्यापार, नवाचार, उद्यमिता आदि क्षेत्रों में सहयोग की अपार संभावनाएँ हैं। स्टार्टअप, तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे भविष्योन्मुखी क्षेत्र भी लाभकारी हो सकते हैं। गवर्नरों को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा भारत-जापान के समकालीन संबंध दोनों देशों के बीच सदियों पुराने सभ्यतागत संबंधों से शक्ति प्राप्त करते हुए निरंतर फल-फूल रहे हैं। विभिन्न क्षेत्रों में भारत-जापान विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी की गति पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अब समय आ गया है कि टोक्यो और दिल्ली तक सीमित संबंधों से आगे बढ़कर राज्य-प्रान्तों के बीच संबंधों को नए सिरे से बढ़ावा दिया जाए। उन्होंने इस संदर्भ में शुक्रवार को हुए 15वें वार्षिक शिखर सम्मेलन में शुरू की गई राज्य-प्रान्त साझेदारी पहल पर प्रकाश डाला जो दोनों देशों के बीच व्यापार, प्रौद्योगिकी, पर्यटन, कौशल, सुरक्षा और सांस्कृतिक संबंधों को बढ़ावा देगी। उन्होंने गवर्नरों और भारत में राज्य सरकारों से इस नई पहल का लाभ उठाने के लिए विनिर्माण, प्रौद्योगिकी, नवाचार, गतिशीलता, अगली पीढ़ी के बुनियादी ढाँचे, स्टार्ट-अप और लघु एवं मध्यम उद्यमों (एसएमई) के क्षेत्रों में साझेदारी बनाने का आग्रह किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि जापान के प्रत्येक प्रान्त की अपनी विशिष्ट आर्थिक और तकनीकी शक्तियाँ हैं, और इसी प्रकार भारतीय राज्यों की भी अपनी विविध क्षमताएँ हैं। उन्होंने इसका लाभ उठाने के लिए, गवर्नरों को भारत की विकास गाथा में भागीदार बनने के लिए आमंत्रित किया। प्रधानमंत्री ने उनसे दोनों देशों द्वारा की गई युवा और कौशल आदान-प्रदान प्रतिबद्धताओं में योगदान देने और जापानी तकनीक को भारतीय प्रतिभा के साथ सर्वोत्तम रूप से संयोजित करने का आग्रह किया। गवर्नरों ने कहा कि भारत-जापान व्यापार, शैक्षिक, सांस्कृतिक और लोगों के बीच संबंधों को महत्वाकांक्षा के अगले स्तर तक ले जाने के लिए सहयोग महत्वपूर्ण है।

### शंघाई शिखर सम्मेलन में भाग लेने तियानजिन पहुंचे मोदी

**नई दिल्ली/तियानजिन।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को दो दिवसीय दौरे पर चीन के तियानजिन पहुंचे, जहां वे शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। चीन के तियानजिन में भारतीय समुदाय ने प्रधानमंत्री मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया। प्रधानमंत्री मोदी ने तियानजिन पहुंचने पर सोशल मीडिया पर लिखा, फ्रतियानजिन, चीन पहुंचा। एससीओ शिखर सम्मेलन में विचार-विमर्श और विभिन्न विश्व नेताओं से मुलाकात को लेकर उत्सुक हूं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने भी पोस्ट कर जानकारी दी कि प्रधानमंत्री मोदी एससीओ शिखर सम्मेलन के लिए तियानजिन पहुंच गए हैं और इसके साथ ही उन्होंने भारत की अब तक की एससीओ बैठकों में भागीदारी की मुख्य झलकियां साझा कीं। यह प्रधानमंत्री मोदी की सात सालों में पहली चीन यात्रा है। हालांकि प्रधानमंत्री की यह 7वीं शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर बैठक होगी। इससे पहले वे छह बार एससीओ शिखर सम्मेलनों में हिस्सा ले चुके हैं। इनमें नई दिल्ली (वर्चुअल, जुलाई 2023), समरकंद (उज्बेकिस्तान, सितंबर 2022), दुशांबे (ताजिकिस्तान, वर्चुअल, सितंबर 2021), मॉस्को (रूस, वर्चुअल, नवंबर 2020), बिश्केक (किर्गिस्तान, जून 2019) और छिंगदाओ (चीन, जून 2018) शामिल हैं। एससीओ की स्थापना 15 जून 2001 को हुई थी। यह एक बहुपक्षीय संगठन है। इसमें वर्तमान में 10 सदस्य देश, 2 पर्यवेक्षक और 14 संवाद भागीदार शामिल हैं। भारत 2005 में पर्यवेक्षक के रूप में एससीओ में शामिल हुआ और 2017 में एक पूर्ण सदस्य देश बन गया।

## नोएडा में देश की पहली टेम्पर्ड ग्लास निर्माण इकाई शुरू

एजेंसी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्वनी वैष्णव ने शनिवार को नोएडा में मोबाइल उपकरणों के लिए देश की पहली टेम्पर्ड ग्लास निर्माण इकाई का उद्घाटन किया। इसे ऑप्टिमस इलेक्ट्रॉनिक्स और अमेरिका की कॉर्निंग इंकॉर्पोरेटेड के संयुक्त उद्यम से स्थापित किया गया है। इकाई 'इंजनियर बॉय कॉर्निंग' ब्रांड के अंतर्गत उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद तैयार करेगी और इससे घरेलू व अंतरराष्ट्रीय बाजारों में आपूर्ति होगी। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि टेम्पर्ड ग्लास मोबाइल फोन का एक महत्वपूर्ण सहायक उपकरण है और इसका स्वदेशी निर्माण आत्मनिर्भर भारत तथा 'मेक इन इंडिया' अभियान की दिशा में अहम कदम है।

चरणबद्ध तरीके से भारत मोबाइल फोन में उपयोग होने वाले सभी घटकों का निर्माण कर रहा है। इसमें चिप्स, कवर ग्लास, लैपटॉप और सर्वर उपकरण शामिल हैं। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही भारत में निर्मित चिप बाजार में आएगी। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में भारत का इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन छह गुना बढ़कर 11.5 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचा है। इसमें से तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक का निर्यात हुआ है और 25 लाख से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार मिला है। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत की सबसे बड़ी ताकत उसका डिज़ाइन क्षेत्र है और सरकार अनुसंधान एवं विकास को निरंतर प्रोत्साहित करेगी। उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि आईआईटी मद्रास से जुड़े एक स्टार्टअप ने भारत का पहला माइक्रोकंट्रोलर तैयार किया है, जो जल्द ही भारतीय उत्पादों में इस्तेमाल होगा।

### -: सर्राफा बाजार भाव :-

| सोना | प्रति 10 ग्राम |
|---|---|
| 24 कैरेट | = 1,05,100/ |
| 22 कैरेट | = 96,350/ |
| 18 कैरेट | = 78,840/ |
| चांदी | प्रति किलो |
| | = 1,21,000/ |



## संक्षिप्त समाचार

**जम्मू-कश्मीर में एमबीबीएस सीट दिलाने के नाम पर ठगी**

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में आर्थिक अपराध शाखा (पूर्व में अपराध शाखा कश्मीर) ने बंगलादेश में फर्जी तौर पर एमबीबीएस में प्रवेश दिलाने वाले एक गिरोह के संबंध में कश्मीर में छह ठिकानों पर छापेमारी की है। यह छापेमारी उस शिकायत मिलने के बाद की गयी जिसमें आरोप लगाया गया कि एक गिरोह के कुछ लोगों ने विदेश में मेडिकल सीट दिलाने के नाम पर छात्रों और उनके परिवार से मोटी रकम वसूली है। हालांकि जांचकर्ताओं पाया कि गिरोह द्वारा किसी भी कॉलेज में धनराशि जमा नहीं करायी है। आर्थिक अपराध शाखा ने आधिकारिक बयान में कहा, प्रारंभिक जांच में धोखाधड़ी के आरोपों की पुष्टि हुई। आरोपियों ने मेडिकल छात्रों को बंगलादेश में फर्जी प्रवेश दिलाने का झांसा दिया था।

**जयशंकर ने फिनलैंड की विदेश मंत्री से फोन पर की बातचीत**

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने शनिवार को अपनी फिनलैंड की समकक्ष एलीना वालटोनेन से टेलीफोन पर बातचीत की। यह चर्चा यूक्रेन में जारी संघर्ष को लेकर तथा उसके प्रभाव पर केंद्रित रही। डॉ. जयशंकर ने इस बातचीत की जानकारी एक्स पर साझा करते हुए लिखा कि आज फिनलैंड की विदेश मंत्री एलीना वालटोनेन के साथ हमारी चर्चा यूक्रेन संघर्ष और उसके परिणामों पर केंद्रित रही। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत का रुख हमेशा से विवादों के संवाद और कूटनीति के जरिए समाधान का रहा है और इस संदर्भ में भारत को अनुचित रूप से निशाना नहीं बनाया जाना चाहिए। रूस से तेल खरीद के मुद्दे पर अमेरिका भारत को यूक्रेन संघर्ष में भागीदार बताते हुए टैरिफ लगा रहा है।

**रामबन में बादल फटने से सात दबे, चार की मौत**

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में बादल फटने से कम से कम चार लोगों की मौत हो गई जबकि एक लापता है वहीं रियासी जिले में भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में एक ही परिवार के सात लोग मलबे में दब गए हैं। अधिकारियों ने यहां शनिवार को बताया कि रामबन के राजगढ़ इलाके में बादल फटने की घटना में चार लोगों की मौत हो गई है और एक लापता है। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, अभी रामबन के डिप्टी कमिश्नर मोहम्मद अलियास खान से बात की। राजगढ़ इलाके में बादल फटने से चार लोगों की मौत हो गई जबकि पांचवा व्यक्ति लापता है जिसकी खोज जारी है।

## एनएचएआई ने किया समझौता, टोल पर अब बिना रुके चलेंगी गाड़ियां

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने गाड़ियों को टोल बूथों पर बिना रुके या स्पीड कम किए तेजी से निकलने की राह आसान कर दी है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की कंपनी भारतीय राजमार्ग प्रबंधन कंपनी लिमिटेड (आईएचएमसीएल) ने गुजरात के चोर्यासी टोल प्लाजा और हरियाणा के घरौंडा टोल प्लाजा पर देश का पहला मल्टी-लेन फ्री फ्लो (एमएलएफएफ) सिस्टम शुरू करने के लिए आईसीआईसीआई बैंक के साथ समझौता किया है।

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के अनुसार, देश की पहली व्यापक मल्टी-लेन फ्री फ्लो टोलिंग प्रणाली लागू करने के लिए नई दिल्ली के एनएचएआई मुख्यालय में एनएचएआई के अध्यक्ष संतोष कुमार यादव, आईएचएमसीएल और आईसीआईसीआई बैंक के अधिकारियों की उपस्थिति में इस समझौते हस्ताक्षर किए गए। एमएलएफएफ सिस्टम गाड़ियों को बिना रोके या गति धीमी किए फास्टैग के जरिए टोल का पैसा अपने आप काट लेगा, जिससे टोल पर लंबी लाइन नहीं लगेगी, समय बचेगा, ट्रैफिक कम होगा और पर्यावरण को भी फायदा होगा। गुजरात का चोर्यासी टोल प्लाजा देश का पहला ऐसा टोल बनेगा।



## अयोध्या होगा प्रदूषण मुक्त, ईवी से उठेगा कूड़ा

**अयोध्या।** भगवान राम की नगरी अयोध्या को स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त बनाने की दिशा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत अयोध्या नगर निगम को 20 इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) प्राप्त हुए हैं, जो डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन में उपयोग किए जाएंगे। इन वाहनों को भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) ने सीएसआर फंड के तहत टाटा मोटर्स के सहयोग से उपलब्ध कराया है। इस पहल से न केवल कूड़ा प्रबंधन में सुधार होगा, बल्कि शहर को प्लास्टिक और प्रदूषण मुक्त बनाने का अभियान भी गति पकड़ेगा। रविवार को अयोध्या के महापौर गिरीशपति त्रिपाठी, नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार और अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा कचहरी के पास से इन वाहनों को झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा।

## सीएम के नोएडा आगमन से पूर्व कई सपा नेता हाउस अरेस्ट

समृद्धि न्यूज

**गौतमबुद्ध नगर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शनिवार को नोएडा आगमन से पूर्व समाजवादी पार्टी (सपा) के जिला एवं महानगर इकाई के कई नेताओं व पदाधिकारियों को पुलिस ने आवास पर अरेस्ट कर लिया है। यह सभी मुख्यमंत्री को नोएडा प्राधिकरण के लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ एक शिकायती ज्ञापन सौंपने वाले थे।

नोएडा के ग्राम सलारपुर में हाउस अरेस्ट समाजवादी पार्टी युवजन सभा के राष्ट्रीय सचिव अमित भाटी ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि नोएडा प्राधिकरण के अधिकारी अपने भ्रष्टाचार को छुपाने के लिए सपा कार्यकर्ताओं को हाउस अरेस्ट करवा रहे हैं। जिससे उनके भ्रष्टाचार की शिकायतें कोई भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से न कर सकें। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव राकेश यादव के आवास पर भी सुबह पुलिस ने दस्तक दी। लेकिन राकेश यादव अपने आवास पर नहीं मिले। इन दिनों राकेश यादव बिहार प्रदेश के दौरे पर है। समाजवादी पार्टी के नोएडा महानगर अध्यक्ष डा. आश्रय गुप्ता, बबलू चौहान, विकास यादव, बाबूलाल बंसल, भीष्म यादव, सुखेंद्र, मुनव्वर खान, तनवीर हुसैन, शालिनी खारी, बबली शर्मा, राम सहेली, रोहित यादव, नरेश यादव, दीपक देसवाल, सतवीर यादव, नेहा शर्मा, मोहित यादव, शिव कुमार यादव, कृपाशंकर, राणा मुखर्जी, उदय सिंह सहित अन्य सपा कार्यकर्ताओं को पुलिस ने सेक्टर-51 के सोसाइटी के बाहर रोक लिया। सहायक पुलिस आयुक्त प्रवीन रंजन और थाना सेक्टर 49 के प्रभारी अनुज कुमार सैनी भारी पुलिस बल के साथ सपा नेताओं को रोके रहे। सपा नेताओं के हाथ में कई तख्तियां लिए हुए थे। इस दौरान उन्होंने नारेबाजी की। हाउस अरेस्ट होने वाले नेताओं में सपा जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी, जगबीर नंबरदार, अश्वय चौधरी, सुभाष भाटी, रोहित गुर्जर, कुलदीप भाटी, प्रशांत भाटी, तेज प्रकाश त्यागी, शाहरुख चौधरी आदि रहे। इस हाउस अरेस्टिंग को लोकतंत्र की हत्या बताते हुए सपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार समाजवादी पार्टी से घबराई हुई है। जिस तरह से समाजवादी लोग भाजपा के झूठ की पोल खोल रहे हैं और जनता की समस्याओं को उठा रहे हैं, उससे भाजपा खेमे में खलबली मची हुई है।

### बिहार की जनता फिर रोकेगी भाजपा का रथ : अखिलेश



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी ने निर्वाचन आयोग को जुगाड़ आयोग बना दिया है और जनता भाजपा का रथ फिर रोकेगी। उन्होंने वोटर अधिकार यात्रा के तहत आयोजित सभा में उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव के नतीजों का हवाला देते हुए कहा, हमने उन्हें अवध में हराया था, आप लोग उन्हें मगध बिहार में हराइए। श्री यादव ने कहा कि बिहार का महत्वपूर्ण चुनाव है, जिस पर पूरे देश की निगाहें हैं। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, यह उत्साह बता रहा है कि जनता भाजपा और उसके सहयोगियों को हराने जा रही है। उन्होंने कहा, मैं नारा दे रहा हूं अबकी बार, भाजपा बिहार से बाहर। सपा नेता ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर से बढ़कर कोई सिरफिरा फैसला नहीं हो सकता। बिहार ने एक बार भाजपा का रथ रोका था और इस बार भी बिहार के लोग भाजपा का रथ रोकेंगे। बिहार में बदलाव होगा।

## यूपी को चार नए ऑटोमेटिक टेस्ट स्टेशन की सौगात

**वाहनों की सुरक्षा और प्रदूषण मानकों की होगी जांच**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** राज्य सरकार ने सड़क सुरक्षा, पारदर्शिता और प्रदूषण नियंत्रण को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से आटोमेटिक टेस्टिंग स्टेशन (एटीएस) नेटवर्क का त्वरित विस्तार किया जा रहा है। निर्धारित प्रक्रिया और मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के अनुरूप चार नए एटीएस को फाइनल रजिस्ट्रेशन सार्टिफिकेट (आरसी) निर्गत किए गए।

प्रदेश में कार्यरत एटीएस की कुल संख्या 14 हो गई है। वर्तमान चरण में आरसी निर्गमन का यह सिलसिला जनवरी 2025 से चरणबद्ध रूप से चल रहा है।



नियमानुसार समस्त आरसी रजिस्ट्रीकरण प्राधिकारी व परिवहन आयुक्त की ओर से ही निर्गत किए गए हैं। आरसी प्राप्त चार नए आटोमेटिक टेस्टिंग स्टेशन में अकरस एटीएस प्राइवेट लिमिटेड लखनऊ, सार्प-एन इंडिया विद ट्री पीलिया टेक इंटिग्रेटर आगरा, एमएस एयर सेल्स कार्पोरेशन कानपुर नगर व एमएस ममता हाईजिन प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड मीरजापुर शामिल हैं। इन नई स्वीकृतियों के साथ प्रदेश में अब फिरोजाबाद, बिजनौर, झांसी, मुरादाबाद, कानपुर देहात, वाराणसी, बरेली, मुरादाबाद (द्वितीय), फतेहपुर, रामपुर, लखनऊ, आगरा, कानपुर नगर और मीरजापुर में कुल 14 एटीएस कार्यरत हैं। परिवहन आयुक्त ब्रजेश नारायण सिंह ने शनिवार को बताया कि एटीएस नेटवर्क का विस्तार उत्तर प्रदेश की रोड सेफ्टी को प्राथमिकता देने की ठोस प्रतिबद्धता का प्रतीक है। चार नए एटीएस को अंतिम पंजीकरण प्रमाण-पत्र जारी होने के साथ प्रदेश में कुल 14 एटीएस कार्यरत हैं। स्वचालित, मानकीकृत और कैमरा-आधारित फिटनेस परीक्षण से नागरिकों को पारदर्शी सेवा और राज्य को विश्वसनीय डेटा मिलेगा। हमारा लक्ष्य है कि एसओपी के अक्षरशः पालन के साथ एटीएस कवरेज का त्वरित विस्तार किया जाए, ताकि हर फिट वाहन सुरक्षित सड़कों का आधार बने।

## एआई के वरिष्ठ प्रबंधक राहुल विजय 232 करोड़ के गबन के आरोप में गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रबंधक राहुल विजय को लगभग 232 करोड़ रुपये के गबन के आरोप में गिरफ्तार किया है। सीबीआई को एएआई से एक शिकायत मिली, जिसके आधार पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। सीबीआई के अनुसार, राहुल विजय पर आरोप है कि उन्होंने देहरादून हवाई अड्डे पर तैनात रहते हुए सरकारी रिकॉर्ड में हेराफेरी कर एएआई के पैसों में धोखाधड़ी की और 232 करोड़ रुपये अपने निजी खाते में जमा कर लिए। सीबीआई की जांच में सामने आया कि राहुल विजय ने 2019 से 2023 के बीच फर्जी संपत्तियां बनाईं और कुछ संपत्तियों के मूल्यों में हेरफेर किया।

## भारत-चीन में हुए लिपुलेख समझौते को लेकर नेपाल ने किया विरोध

एजेंसी

**काठमांडू।** शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में सहभागी होने के लिए तियांजिन पहुंचे नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने चीनी राष्ट्रपति सी जिनपिंग के साथ मुलाकात कर भारत और चीन के बीच हुए समझौते पर आपत्ति व्यक्त की है।

इस मुलाकात को लेकर नेपाल के विदेश मंत्रालय की तरफ से जारी बयान में कहा गया कि नेपाल की भूमि लिपुलेख को लेकर हुए समझौते पर नेपाल ने कड़ा विरोध किया है। नेपाल के विदेश मंत्रालय ने दावा किया कि हाल ही में चीन और भारत के बीच लिपुलेख पास के जरिए व्यापारिक मार्ग पर समझौते करने पर प्रधानमंत्री ओली ने कड़ी आपत्ति दर्ज करते हुए इसे नेपाल का भ-भाग होने की बात कही। इससे पहले नेपाल के प्रधानमंत्री के निजी सचिवालय की तरफ से मीडिया को भेजे गए बयान में भी इस बात का जिक्र किया गया है। चीनी राष्ट्रपति के साथ हुई द्विपक्षीय मुलाकात के दौरान मौजूद रहे नेपाल के विदेश सचिव अमृत राई के हवाले से कहा गया है कि लिपुलेख को लेकर नेपाल के तरफ से आपत्ति जताई गई है। नेपाल के प्रधानमंत्री इस समय तियांजिन में हैं, जो एससीओ शिखर सम्मेलन में डायलॉग पार्टनर देश के रूप में सहभागी होने के लिए पहुंचे हैं। आज ही तियांजिन पहुंचे ओली वहां से बीजिंग में होने वाले सैन्य परेड के भी सहभागी होने वाले हैं।

### एफआईएच पुरुष जूनियर विश्व कप 2025 : भारत में खेलेगा पाकिस्तान

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान एफआईएच पुरुष जूनियर विश्व कप 2025 में भाग लेगा, जो 28 नवंबर से 10 दिसंबर के बीच भारत के चेन्नई में आयोजित किया जाएगा। हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने शनिवार को यह जानकारी दी। राजगीर में चल रहे एशिया कप 2025 के दौरान भोलानाथ ने कहा, मैं पुष्टि कर सकता हूँ कि पाकिस्तान भारत में होने वाले जूनियर विश्व कप में खेलेगा। मैंने कल रात पाकिस्तान हॉकी महासंघ के अधिकारियों से बात की और उन्होंने मुझे आश्वासन दिया कि उनकी टीम भारत में खेलेगी। जब उनसे पूछा गया कि क्या भारत एफआईएच प्रो लीग के लिए पाकिस्तान की मेज़बानी करेगा, तो भोलानाथ ने पुष्टि की कि वे ओलंपिक चार्टर का पालन करेंगे।

**लोकार्पण**

### रक्षा मंत्री और सीएम योगी ने गौतमबुद्ध नगर में रक्षा उपकरण व ड्रोन निर्माण इकाई का किया लोकार्पण

# रक्षा उत्पादन में अग्रणी भूमिका निभा रहा है उत्तर प्रदेश

**रक्षा उपकरणों के लिए अब हमे नहीं रहना होगा दुनिया पर निर्भर**

समृद्धि न्यूज

**गौतमबुद्ध नगर।** रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को गौतमबुद्ध नगर में रक्षा उपकरण एवं ड्रोन निर्माण इकाई, एयरक्राफ्ट इंजन और डिफेंस एयरोस्पेस टेस्ट फेसिलिटी का लोकार्पण किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे।

सीएम योगी ने कहा कि शस्त्र और शास्त्र के समन्वय से ही राष्ट्र मजबूत होता है और यूपी रक्षा उत्पादन में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि यह नोएडा को डिफेंस हब के रूप में स्थापित करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा, जो राष्ट्रीय सुरक्षा को नई ऊंचाई देगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज की बढ़ती हुई चुनौतियों को देखते हुए रक्षा क्षेत्र में इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर का सामना करने के लिए अत्याधुनिक ड्रोन निर्माण के साथ एयरक्राफ्ट इंजन एंड डिफेंस एयरोस्पेस टेस्ट फेसिलिटी विकसित की गई है। पहले हमें दुनिया पर निर्भर रहना पड़ता था, डाटा कैप्चर कर दुश्मन हमें पंगु बनाने की कोशिश करता था। अब ऐसा नहीं होगा।



उन्होंने कहा कि 1947 से भारत विभिन्न युद्धों का सामना करता रहा है। प्रत्येक युद्ध का पैटर्न बदलता रहा है। ऑपरेशन सिंदूर ने युद्ध के एक नए दौर में प्रवेश किया, जिसने भारत के सामर्थ्य का एहसास दुनिया को कराया। लेकिन इसने हमें भविष्य की चुनौतियों से जूझने की प्रेरणा भी दी। हम सभी जानते हैं कि ताकत हो तो दुनिया नतमस्तक होती है। सीएम योगी ने गुरु द्रोणाचार्य का जिक्र करते हुए कहा कि जब उनसे पूछा गया कि आप शस्त्र क्यों धारण कर रहे हैं, तो उन्होंने कहा- शस्त्र और शास्त्र के बेहतर समन्वय से राष्ट्र शक्तिशाली होता है।

शांति मांगने से नहीं, ऐसी स्थिति में अगला व्यक्ति शांति की अपील करता है। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप ने भी कहा था- वीर भोग्या वसुंधरा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि रक्षा के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश पहले से समृद्ध रहा है। यहां 9 ऑर्डिनेंस फैक्ट्री पहले से कार्यरत है, जो रक्षा उत्पादन में योगदान दे रही हैं। डिफेंस पीएसयूज़ उत्तर प्रदेश में पहले से मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने देश की चुनौतियों को देखते हुए दो नए डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉरिडोर दिए, जिसमें एक यूपी को मिला। हम 6 नोड्स- अलीगढ़, आगरा, कानपुर, लखनऊ, झांसी और चित्रकूट में विकास कर रहे हैं। अब तक 12.5 हजार एकड़ लैंड उपलब्ध कराई गई है। जितनी भी सुविधा चाहिए, यूपी सरकार उपलब्ध कराएगी। सीएम योगी ने कहा कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ब्रह्मोस मिसाइल का केंद्र लखनऊ में बनाया है। अब लखनऊ ब्रह्मोस मिसाइल के रूप में भी जाना जाता है।

## आरसीबी ने मृतकों के परिवारों को 25 लाख का मुआवजा देने की घोषणा की

एजेंसी

**बेंगलुरु।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) फ्रेंचाइजी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) ने उन प्रत्येक पीड़ित परिवारों को 25 लाख रुपये की आर्थिक मदद देने की घोषणा की है, जिन्होंने 4 जून को एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर हुई भगदड़ में अपनों को खो दिया था।

आरसीबी ने शनिवार को अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर इस संबंध में एक बयान जारी किया है। दरअसल, आरसीबी ने आईपीएल 2025 का खिताब जीता था। टीम ने 3 जून को अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में खेले गए फाइनल में पंजाब किंग्स को 6 रन से मात देकर 18 साल के आईपीएल ट्रॉफी के इंतजार को खत्म किया था। इसके बाद फेंचाइजी ने 4 जून को बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में इस जीत का जश्न मनाया था।

जश्न के दौरान स्टेडियम के पास भगदड़ मच गई, जिसमें 11 लोगों की मौत हो गई थी और कई लोग घायल हो गए थे। आरसीबी ने भगदड़ में मारे गए लोगों के परिवारों के लिए 25 लाख रुपये के मुआवजे की घोषणा की है। आरसीबी ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर जारी बयान में कहा, 4 जून, 2025 वह दिन है जिसने हमारा दिल तोड़ दिया। टीम ने लिखा कि हमने आरसीबी परिवार के ग्यारह सदस्यों को खो दिया। वे हमारा हिस्सा थे।

# मिट्टी के उपकरण बनाकर आत्मनिर्भर बनेंगी महिलाएं

- महिला समूहों को मिले इलेक्ट्रॉनिक चरखे
- खंड विकास अधिकारी धौरहरा संदीप कुमार की सतर्कता से नित नए आयाम कायम कर रहा धौरहरा

**ईसानगर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

लखीमपुर खीरी कलेक्ट्रेट सभागार में विकास खंड धौरहरा क्षेत्र की 10 महिला स्वयं सहायता समूहों को इलेक्ट्रॉनिक चरखे और चेक वितरित किए गए वही 5 विभिन्न योजनाओं के पात्र जो जीरो पॉवर्टी सूची में शामिल नहीं थे नोडल अधिकारी ने उन्हें भी योजनाओं का लाभ दिलाते हुए प्रमाण पत्र प्रदान किए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कलेक्ट्रेट सभागार में शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में नोडल अधिकारी आईएएस मिनिस्ती, जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल और मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में विकास खंड धौरहरा क्षेत्र की 10 महिला स्वयं सहायता समूहों को इलेक्ट्रॉनिक चरखे और चेक वितरित किए गए। अब तक महिलाएं हाथ से चलने वाले चरखों पर काम करती थीं, लेकिन सरकार की इस पहल से अब



उन्हें इलेक्ट्रॉनिक चरखों की सुविधा मिलेगी। इन चरखों से महिलाएं विभिन्न मिट्टी के उपकरण और आकर्षक हस्तशिल्प सामग्री तैयार कर सकेंगी। इससे न केवल महिलाओं को आत्मनिर्भरता का अवसर मिलेगा, बल्कि धौरहरा खंड को भी नई पहचान और स्वरोज़गार का सशक्त साधन प्राप्त होगा।

वही कार्यक्रम में ऐसे 5 लाभार्थियों को भी आमंत्रित किया गया, जो जीरो पॉवर्टी सूची में शामिल नहीं थे, किन्तु विभिन्न योजनाओं के पात्र थे। नोडल अधिकारी ने उन्हें भी योजनाओं का लाभ दिलाते हुए प्रमाण पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर कुल 20 योजनाओं के अंतर्गत लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया।

जीरो पॉवर्टी प्रमाण पत्र पाने वालों में ग्राम पंचायत हरदी के मनोहर, वकील, निजामुद्दीन, सुशील कुमार तथा ग्राम पंचायत चकलाखीपुर के गंगाराम शामिल रहे।

नोडल अधिकारी ने खंड विकास अधिकारी धौरहरा की सक्रियता की सराहना करते हुए कहा कि ÷कोई भी पात्र लाभार्थी योजनाओं से वंचित न रहे, इसके लिए विशेष निगरानी रखी जाए। जनता की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। कार्यक्रम उपरांत नोडल अधिकारी ने अफसरों संग बैठक कर जनपद की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी धौरहरा संदीप कुमार ने कहा अब पहले की तरह हाथ से नहीं चलेंगे चरखे। सरकार की पहल से महिला समूहों को मिले इलेक्ट्रॉनिक चरखे, जिनसे बन सकेंगे आकर्षक मिट्टी के उपकरण। इन चरखों से धौरहरा खंड को मिलेगा नया रूप।

## शारदा का कटान, कांप गांव संकट में

**ग्रामीण बोले- अगर हालात नहीं सुधरे तो छोड़ना पड़ेगा घर**



**बिजुआ-खीरी, समृद्धि न्यूज।**

बिजुआ ब्लॉक के कांप गांव में शारदा नदी का कटान तेज हो गया है। गांव के आसपास खेत तेजी से नदी में समा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अगर यही हालात बने रहे तो अगले एक साल में उन्हें पलायन करना पड़ेगा।

कांप गांव तक पहुंचना आसान नहीं है। यहां जाने के लिए घने जंगलों से गुजरना पड़ता है। जो रस्ते है वो बरसात में खराब हो जाते है जिन्हें ग्रामीण स्वयं बनाते है यही वजह है कि नेता और अधिकारी शायद ही कभी इस गांव तक पहुंचते हैं। आमतौर पर वे तब ही आते हैं जब कोई बड़ी घटना हो जाती है।

कटान की वजह से ग्रामीण दहशत में हैं। रोजाना खेतों की जमीन कटकर नदी में समा रही है। लोगों ने प्रशासन से गुहार लगाई है कि कटान रोकने के लिए तटबंध और सुरक्षा कार्य तत्काल कराए जाएं। ग्रामीणों का कहना है कि अगर समय रहते कदम न उठाए गए तो गांव उजड़ जाएगा।

## खबरें एक नजर में

### हरियाणा में मजदूरी कर रहे युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, गांव में मातम



**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज।** हरियाणा में रोज़गार की तलाश में गए एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। शुक्रवार को जैसे ही शव पैतृक गांव पहुंचा, पूरे गांव में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्राम झंडी राज निवासी 25 वर्षीय सुभाष कश्यप पुत्र मुल्लू कश्यप मजदूरी करने हरियाणा गए हुए थे। बताया जाता है कि गुरुवार की दोपहर वह खाना बना रहे थे, तभी अचानक बेसुध होकर गिर पड़े। आनन–फानन में आसपास मौजूद लोग उन्हें नजदीकी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची हरियाणा पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद शव गांव लाया गया। गमगीन माहौल में परिजनों ने उनका अंतिम संस्कार किया। ग्रामीणों ने बताया कि सुभाष स्वभाव से मिलनसार और मेहनती युवक थे। उनकी असमय मौत की खबर ने पूरे गांव को स्तब्ध कर दिया। परिजनों ने बताया कि खबर लिखे जाने तक पोस्टमार्टम रिपोर्ट उपलब्ध नहीं हो सकी थी।

### पंखे के तार में करंट उतरने से शिक्षिका की मौत, गांव में छाया मातम



**निघासन (खीरी), समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के कुर्मीनपुरवा गांव में शुक्रवार की सुबह दर्दनाक हादसा हो गया। घर की साफ-सफाई कर रही 25 वर्षीय युवती की करंट लगने से मौत हो गई। घटना से परिवार में कोहराम मच गया और गांव में शोक की लहर दौड़ गई। गांव के तेज नारायण तिवारी की पुत्री राधा तिवारी शुक्रवार सुबह रोज की तरह घर की साफ–सफाई कर रही थीं। इसी दौरान उनका हाथ पंखे के तार से छू गया। तार में करंट उतरने से उन्हें जोरदार झटका लगा और वह मौके पर ही बेहोश होकर गिर गईं। चीख–पुकार सुनकर परिजन व पड़ोसी मौके पर पहुंचे और आनन–फानन में राधा को सीएचसी निघासन ले गए। जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही घर में कोहराम मच गया। ग्रामीणों के अनुसार राधा स्वभाव से बेहद मिलनसार और सरल थीं। वह निघासन के एक निजी विद्यालय में शिक्षण कार्य करती थीं। उनकी असमय मौत से परिवार के साथ ही पूरे गांव में गहरा दुख व्याप्त है।

### तेज रफ्तार कार ने दंपति को मारी टक्कर पत्नी की मौत, पति गंभीर

**मैगलगंज खीरी, समृद्धि न्यूज।** शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे महोली बाईपास पर हुए सड़क हादसे में दवाई लेने सीतापुर जा रहे दंपति की बाइक को तेज रफ्तार वैगनआर कार ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में पत्नी की मौत हो गई जबकि पति गंभीर रूप से घायल हैं। जानकारी के मुताबिक, जमुनिया सहवाज गांव निवासी रज्जन बाबू शुक्ला (68 वर्ष) अपनी पत्नी रजनी शुक्ला (65 वर्ष) को दवाई दिलाने बाइक से सीतापुर जा रहे थे। तभी शाहजहांपुर की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल रजनी शुक्ला को इलाज के लिए लखनऊ ट्रामा सेंटर ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। जबकि रज्जन बाबू शुक्ला का इलाज जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों की सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए वैगनआर कार को रिछही चौकी क्षेत्र में पकड़ लिया। हादसे की खबर से गांव में मातम छा गया।

### भीखमपुर कस्बे में शहीद गेट के पास शराब की दुकान को लेकर विरोध

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज।** कस्बा भीखमपुर के मुख्य मार्ग पर बने अमर शहीद राजनारायण मिश्र स्मृति द्वार के निकट संचालित देशी शराब की दुकान को लेकर कस्बेवासियों और युवाओं ने कड़ा विरोध जताया है। युवाओं का कहना है कि शहीद गेट के पास शराब की दुकान होना शहीद के सम्मान के साथ–साथ श्रद्धालुओं और महिलाओं के लिए भी असुविधाजनक है। कस्बे के रानू पांडे, दिवाकर पांडे, सीतेश, सचिन मिश्र, सरोज कुमार, तनवीर यादव, मिथिलेश कुमार, ललित कुमार, संतकिशोर, दिलीप, सतीश, अवनीश पांडे समेत कई युवाओं ने आरोप लगाया कि गेट के पास शराब पीने वालों की भीड़ रहती है, जो अक्सर गाली–गलौज और अभद्रता करते हैं। इससे मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं और महिलाओं को परेशानी होती है। ग्रामीणों का कहना है कि शहीद गेट के पास शराब बिकना अमर शहीद राजनारायण मिश्र के सम्मान का अपमान है। इस संबंध में ग्राम प्रधान विमलेश कुमारी मिश्र ने भी माना कि अगर लोगों को दिक्कत है तो शराब की दुकान का स्थान बदला जाना चाहिए, ताकि श्रद्धालुओं और ग्रामीणों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### मैगलगंज पुलिस की कार्रवाई, 10 अभियुक्त को जेल




**मैगलगंज (खीरी), समृद्धि न्यूज।** अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में मैगलगंज पुलिस ने शनिवार को दस अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ विभिन्न थानों में आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि अपराधियों पर शिकंजा कसना जारी रहेगा। गिरफ्तार आरोपी में रेहमान (गुरुदेवखेड़ा), मंगू (बाइकुआँ), रूपराम (ढाका), जानकी (भगोतीपुर), रामशंकर व पुष्पेंद्र (कैमटा बनवारी), हरजीत (चौगानपुर), खुशीराम (नकारा), रामपाल (बेहड़ा भूड़), मैनुद्दीन (सिकटिहा) मौजूद रहे।

## आर.एम. ज्ञान दायिनी इंटर कॉलेज में गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम सम्पन्न




**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

**राजाजीपुरम,** राजापुर स्थित आर.एम. ज्ञान दायिनी इंटर कॉलेज में शनिवार को भारत विकास परिषद के तत्वावधान में गुरु वंदन छात्र अभिनंदन÷ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधक राकेश वर्मा एडवोकेट, परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष रमेश वर्मा, सचिव प्रबोध शुक्ला, शाखा प्रभारी छोटेलाल, मधुलिका त्रिपाठी, रामजनम बरनवाल, सतीश टंडन सहित परिषद के अन्य पदाधिकारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में छात्राओं निशी (इंटरमीडिएट में जिला टॉप-10 में पाँचवाँ स्थान) और अद्रिका वर्मा (हाईस्कूल परीक्षा में जिला स्तर पर चौथा स्थान) को स्मृतिचिह्न व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा श्रेष्ठ शिक्षक सम्मान से प्रतिभा, मानसी दीक्षित, सुनीत तिवारी और अतुल को नवाज़ा गया, जबकि श्रेष्ठ कार्यालयी कार्य हेतु आनंद और आशीष कुमार वर्मा को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुआ।

अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य सचिन शुक्ला ने सभी अतिथियों एवं परिषद के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

## लखीमपुर अर्बन कोऑपरेटिव बैंक ने रचा इतिहास

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

लखीमपुर अर्बन कोऑपरेटिव बैंक ने एक बार फिर अपनी कार्यशैली, पारदर्शिता और ग्राहक सेवा के दम पर पूरे देश में परचम लहराया है। केंद्र सरकार की मिनिस्ट्री ऑफ कोऑपरेशन द्वारा जारी नेशनल कोऑपरेटिव डाटाबेस (एनसीडी) रैंकिंग में इस बैंक ने देशभर में प्रथम स्थान प्राप्त कर लखीमपुर सहित पूरे उत्तर प्रदेश का नाम रोशन किया है।

बैंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शवल गुप्ता ने बताया कि वर्ष 2024-25 बैंक के लिए उपलब्धियों से भरा रहा। बैंक की जमाओं में 4त्न की वृद्धि, ऋण वितरण में 52त्न का इजाफा और शुद्ध लाभ में 21त्न की बढ़ोतरी हुई है। खास बात यह रही कि बैंक का एनपीए 1त्न से भी नीचे रहा, जो बैंकिंग क्षेत्र में बेहद सराहनीय उपलब्धि मानी जाती है।




- नेशनल कोऑपरेटिव डाटाबेस रैंकिंग में देशभर में मिला प्रथम स्थान, प्रदेश का बढ़ाया मान

अंतरिम प्रबंध कमेटी के अध्यक्ष एवं सहायक आयुक्त (सहकारिता) रजनीश प्रताप सिंह ने इस ऐतिहासिक सफलता पर बैंक प्रबंधन, कर्मचारियों और ग्राहकों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि - यह सफलता पारदर्शी नीतियों, कर्मचारियों की मेहनत और ग्राहकों के विश्वास का नतीजा है। आने वाले वर्षों में भी बैंक को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का संकल्प लिया गया है। बैंक सचिव ने जानकारी दी कि लखीमपुर अर्बन कोऑपरेटिव बैंक अपनी 12 शाखाओं के माध्यम से लखीमपुर, सीतापुर और शाहजहांपुर जनपदों के हजारों ग्राहकों को आधुनिक बैंकिंग सुविधाएं दे रहा है। डिजिटल युग की मांग को देखते हुए बैंक ने यूपीआई सेवा प्रसार अभियान शुरू किया है ताकि ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के अधिक से अधिक लोग कैशलेस लेन-देन से जुड़ सकें। मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने कहा कि बैंक की प्राथमिकता हमेशा ग्राहकों की संतुष्टि और सुविधा रही है। ग्राहकों को और बेहतर सेवा देने के लिए बैंक की घरेलू जमा योजना और डेली डिपॉजिट स्कीम को अधिक प्रोत्साहित किया जा रहा है। आने वाले त्योहारी सीजन में ग्राहकों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए बैंक विशेष कार लोन योजना भी लाने जा रहा है। इस उपलब्धि ने न केवल लखीमपुर, बल्कि पूरे प्रदेश की सहकारी बैंकिंग प्रणाली को गौरवान्वित किया है। लखीमपुर अर्बन कोऑपरेटिव बैंक की यह सफलता यह साबित करती है कि पारदर्शिता, ग्राहकों का विश्वास और आधुनिक तकनीक का सही उपयोग किसी भी संस्था को राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचा सकता है। यह सम्मान लखीमपुर अर्बन कोऑपरेटिव बैंक को देश की अग्रणी सहकारी संस्थाओं में शुमार करता है और आने वाले समय में बैंकिंग क्षेत्र में नई संभावनाओं के द्वार खोलता है।

## बजाज हिंदुस्तान यूनिट की तीन चीनी मिलों पर किसानों के करोड़ों रुपए बकाया

- शासन के हस्तक्षेप पर मिल के तीन वरिष्ठ अधिकारियों पर केस दर्ज
- कार्यवाही से संतुष्ट नहीं किसान, उन्हें चाहिए भुगतान

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले में तीन प्रमुख चीनी मिलों द्वारा किसानों के गन्ना मूल्य का भुगतान न किए जाने से किसानों के आर्थिक हित प्रभावित हो रहे हैं। स्थानीय अधिकारियों ने संबंधित मिलों के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी दी है, लेकिन मिलों के प्रबंधन की लापरवाही के कारण समस्या का समाधान नहीं हो सका है।

**तीन प्रमुख मिलों पर बकाया राशि का विवरण:-** जिला गन्ना अधिकारी के अनुसार, बजाज हिन्दुस्थान लिमिटेड की तीन मिलों—गोला गोकर्णनाथ, पलियाकलां, और खम्भारखेडा—पर इस साल के पेराई सत्र (2024–25) के तहत किसानों का कुल बकाया गन्ना मूल्य 1 करोड़ रुपये से अधिक है। अधिकारियों के मुताबिक, इन चीनी मिलों द्वारा गन्ना किसानों को निर्धारित समय सीमा के भीतर उनका मूल्य का भुगतान नहीं किया गया, जिसके कारण किसानों में गहरी नाराजगी है।

गोला गोकर्णनाथ चीनी मिल में पेराई सत्र 2024–25 में 137.99 लाख किलोग्राम गन्ने की खरीद की गई। राज्य सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम मूल्य के आधार पर किसानों का कुल बकाया 50.68 लाख रुपये है। हालांकि, मिल को 14 दिनों के भीतर यह राशि किसानों को चुकता करनी चाहिए थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

पलियाकलां चीनी मिल ने 89.33 लाख किलोग्राम गन्ना खरीदा था, जिसका बकाया मूल्य 32.71 लाख रुपये है। विभागीय नोटिस और राज्य सरकार के निर्देशों के बावजूद मिल द्वारा कोई भुगतान नहीं किया गया है। इसके परिणामस्वरूप किसानों की आर्थिक स्थिति खराब हो रही है और वे संबंधित अधिकारियों के पास बार–बार दौड़ रहे हैं। खम्भारखेडा चीनी मिल में 94.23 लाख किलोग्राम गन्ने की खरीद हुई थी। इस मिल का कुल बकाया 34.61 लाख रुपये है, जो अभी तक किसानों को नहीं मिल सका है। हालाँकि गन्ना आयुक्त, उत्तर प्रदेश ने इस मिल के खिलाफ 27.40 लाख रुपये का वसूली प्रमाण पत्र जारी किया है, फिर भी कोई सुधार नहीं दिखा है।

कृषकों का कहना है कि हमारे गन्ने का उचित मूल्य मिलों द्वारा नहीं दिया जा रहा है, जिसके कारण हमारी आर्थिक स्थिति दिन–ब–दिन बिगड़ती जा रही है। इस समस्या के समाधान के लिए कई बार जिला गन्ना अधिकारी और उप गन्ना आयुक्त लखनऊ द्वारा नोटिस जारी किए गए, लेकिन मिलों के प्रबंधन ने उन्हें अनदेखा किया। राज्य गन्ना आयुक्त, उत्तर प्रदेश ने इन तीनों चीनी मिलों के प्रबंध निदेशकों को भी पत्र लिखकर भुगतान करने की दिशा में कार्यवाही करने का आदेश दिया है।

इसके बावजूद, किसानों के भुगतान में कोई प्रगति नहीं हुई है। कृषकों के बढ़ते विरोध और मिलों के खिलाफ लंबित शिकायतों को ध्यान में रखते हुए, अधिकारियों ने मिलों के प्रबंध निदेशकों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 318 और 61 (2) के तहत एफआईआर दर्ज करने का प्रस्ताव रखा है। अधिकारियों द्वारा बार–बार जारी नोटिस के बावजूद, संबंधित मिलों के प्रबंधकों की ओर से कोई सुधार नहीं हुआ है। इसलिए, किसानों के साथ धोखाधड़ी करने और उनका आर्थिक शोषण करने के आरोप में इन मिलों के प्रबंध निदेशकों और मुख्य वित्त अधिकारियों के अजय कुमार शर्मा (प्रबंध निदेशक, बजाज हिन्दुस्थान लिमिटेड, गोला गोकर्णनाथ) सुनील कुमार ओझा (मुख्य वित्त अधिकारी, बजाज हिन्दुस्थान लिमिटेड) नीरज यादव (डी.जी.एम. लीगल, बजाज हिन्दुस्थान लिमिटेड) के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की संभावना जताई जा रही है। लखीमपुर खीरी जिले में स्थित तीनों चीनी मिलों पर लाखों रुपये का बकाया है, जो कि स्थानीय किसानों के लिए एक गंभीर संकट बन चुका है। प्रशासन और किसानों की लगातार कोशिशों के बावजूद मिलों के प्रबंधन की लापरवाही से कोई ठोस समाधान नहीं निकल सका है। अब सवाल यह है कि क्या यह समस्या भविष्य में और अधिक गंभीर रूप लेगी, या फिर प्रशासन जल्द ही इन मिलों पर दबाव बना कर गन्ना किसानों को उनका बकाया दिलाने में सफल होगा।

## महिला लापता, परिजनों ने पुलिस से लगाई गुहार

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।**



कोतवाली उतरौला क्षेत्र के ग्राम पुरैना वाजिद से एक विवाहिता के अचानक लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों के मुताबिक महिला शुक्रवार सुबह घर से शौच के लिए निकली थीए लेकिन काफी समय बाद भी वापस न लौटने पर परिजन परेशान हो उठे। काफी खोजबीन के बाद भी जब कुछ पता नहीं चला तो परिवार ने पुलिस से मदद मांगी और गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई।

ग्राम निवासी मोहम्मद याकूब ने बताया कि उनके छोटे भाई यूनुस की पत्नी सहीदुननिशा (उम्र करीब 40 वर्ष) 29 अगस्त की सुबह लगभग पांच बजे घर से शौच के लिए गई थीं। समय बीतने के बाद भी जब वह घर नहीं लौटीं तो परिवारजन चिंतित हो गए। याकूब के अनुसार सहीदुननिशा का रंग सांवला हैए उन्होंने हरे रंग का कपड़ा पहन रखा था और हाथों में चूड़ियां थीं। आसपास के बाजारों, रिश्तेदारी और गांव के कोनों-कोनों में तलाश की गईए लेकिन उनका कुछ भी पता नहीं चल सका।

याकूब ने बताया कि मामले की जानकारी मायके पक्ष को भी दी गई है। मायके वाले भी अलग-अलग जगहों पर खोजबीन कर रहे हैं, लेकिन अभी तक कोई सफलता नहीं मिली है। इस बीच परिजनों की तहरीर पर कोतवाली उतरौला में गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है।

## बिना वैध दस्तावेज चल रहे मदरसा पर कार्रवाई

- 39 छात्राओं को परिजनों के सुपुर्द कर बंद कराया गया मदरसा

**श्रीदत्तगंज (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।**

थाना श्रीदत्तगंज क्षेत्र के ग्राम कपौवा शेरपुर कर्बला के पास स्थित जामिया अलीमा सादिया लड़कियों का मदरसा शुक्रवार को प्रशासनिक कार्रवाई के बाद बंद करा दिया गया। अचानक अपर पुलिस अधीक्षक समेत कई थानों की पुलिस और जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी की टीम के पहुंचने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। मदरसे के बाहर पुलिस बल की तैनाती देख लोग उत्सुकतावश मौके पर जुट गए।

जांच के दौरान मदरसे के संचालन से जुड़े सदर गुलाम मैनुद्दीन कोई भी दस्तावेज़ प्रस्तुत नहीं कर सके। मदरसे में हॉस्टल भी संचालित था, जहां 39 छात्राएं रह रही थीं। जांच टीम ने परिजनों को सूचना देकर सभी छात्राओं को उनके हवाले कर दिया।

सीओ उतरौला राघवेंद्र सिंह ने बताया कि जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी द्वारा मदरसे की जांच की जा रही है। दस्तावेज़ उपलब्ध न होने के कारण कार्रवाई करते हुए मदरसे को फिलहाल बंद करा दिया गया है। जांच पूरी होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## प्रशासन एकादश व पुलिस एकादश के बीच फ्रेंडली क्रिकेट मैच आयोजित



**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय खेल दिवस फिटनेस एवं खेलो को बढ़ावा देने के लिए स्पोर्ट स्टेडियम में प्रशासन एकादश एवं पुलिस एकादश में फ्रेंडली क्रिकेट मैच हुआ। मैच में डीएम पवन अग्रवाल एवं विकास कुमार द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस दौरान डीएम पवन अग्रवाल ने कहा कि सभी स्वस्थ रहने के लिए नियमित खेलों से जुड़े रहें। फ्रेंडली मैच में मुख्य विकास अधिकारी, एडीएम वित्त एवं राजस्व, मुख्य चिकित्सा अधिकारी,सीओ उतरौला, सीओ लालिया, बीएसए व अन्य संबंधित अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

## विघ्नहर्ता से की भक्तों ने मंगल की कामना

**सादुल्लानगर/ बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**

घर में पधारो गजानंद जी ,मेरे घर में पधारो गजानन जी, देवा हो देवा गणपति देवा तुमसे बढ़कर कौन, देवा श्री गणेशा, एक दंत दयावंत चारभुजा धारी, जैसे भगवान गणेश को समर्पित भक्ति गीतों से सादुल्ला नगर छेत्र के अचलपुर चौधरी, घासीपोखरा,रामपुर अरना, अतरौरा, अहरौला, खारिकामासूमपुर आदि मंदिरो में गुंजायमान है।



पूजा पंडालो में विघ्नहर्ता मंगल करता की उपासना कर रहे हैं। सुबह शाम गणपति बप्पा के जयकारों के साथ विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। गजानन भगवान की आरती में शामिल होने के लिए महिलाओं व बच्चों में होड़ है। अनंत चतुर्दशी तक चलने वाले पूजन के बाद प्रतिमाओं को नदियों में विसर्जित कर दिया जाएगा।

सादुल्लानगर में स्थित श्री हनुमानगढ़ी मंदिर परिसर में आयोजित नव युवक श्री गणपति पूजा समिति सादुल्लानगर के द्वारा गणपति पूजन महोत्सव से माहौल भक्ति मय है।

शुक्रवार की रात यहां महाआरती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुलायम यादव, शनि गुप्ता, संतोष गुप्ता, राहुल गुप्ता समेत नगर के सैकड़ो लोग उपस्थित रहें।

## 60 साल पुराना जमीनी विवाद सुलझा, पुलिस की पहल पर दोनों पक्षों में बनी सहमति

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज।**

ग्राम पंचायत अदलाबाद में लगभग छह दशक से चली आत रही जमीनी खींचतान का आखिरकार पटाक्षेप हो गया। गेंदू पुत्र रामेश्वर और दुर्गेश पुत्र सवितादीन के बीच 18 बिस्वा भूमि को लेकर लम्बे समय से विवाद चला आ रहा था। यह मामला न्यायालय में भी विचाराधीन था, लेकिन किसी ठोस नतीजे पर नहीं पहुंचा था।

गुरुवार को झंडी चौकी प्रभारी राजवीर सिंह के संज्ञान में यह विवाद आया। उन्होंने तत्काल ग्राम प्रधान रामगोपाल को बुलाकर दोनों पक्षों को आमने-सामने बैठाया। चौकी प्रभारी ने धैर्यपूर्वक दोनों परिवारों की बातों को सुना और उन्हें आपसी सहमति से विवाद खत्म करने के लिए प्रेरित किया। लंबी बातचीत और समझाइश के बाद आखिरकार दोनों पक्ष इस बात पर राजी हो गए कि विवादित 18 बिस्वा भूमि को बराबर-बराबर बांट लिया जाए। चौकी इंचार्ज राजवीर सिंह ने मौके पर ही लिखित सहमति बनवाकर 60 वर्षों पुराने विवाद का अंत कर दिया। इस फैसले से न केवल दोनों परिवारों में लंबे समय से चला आ रहा तनाव समाप्त हुआ, बल्कि गांव में भी शांति का माहौल बन गया। ग्रामीणों ने पुलिस की इस पहल को सराहते हुए कहा कि इतने पुराने विवाद का समाधान निष्पक्ष तरीके से करना वाकई सराहनीय कार्य है।

## खाद की कालाबाजारी रोकने के लिए सख्त कार्रवाई निरंतर जारी

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**

उर्वरक की कालाबाजारी पर विक्रेता मेसर्स-संजय कृषि खाद बीज भण्डार, फुलवरिया बाईपास बलरामपुर के विरुद्ध उर्वरक (नियंत्रण) आदेश-1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम-1955 की धारा-3/7 के अन्तर्गत् प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज

कृषक बंधुओं को सुलभ एवं निर्धारित मूल्य पर यूरिया उर्वरक उपलब्ध कराए जाने हेतु डीएम पवन अग्रवाल के निर्देशन में यूरिया की कालाबाजारी / ओवर रेटिंग आदि रोकने के लिए तहसील स्तर एवं थाना स्तर पर गठित टास्क फोर्स द्वारा निरंतर निगरानी रखते हुए सख्त कार्यवाही की जा रही हैं।

इस क्रम में थाना कोतवाली नगर में टास्क फोर्स द्वारा ई-रिक्शा पर 15 बोरी यूरिया लाद कर ले जाते हुए रास्ते मे रोक कर पकड़ गया। उर्वरक की जानकारी करने पर पाया गया कि 15 बोरी यूरिया उर्वरक गैसड़ी के जाया रहा है।

तत्पश्चात उप निदेशक कृषि द्वारा मेसर्स-संजय कृषि खाद बीज भण्डार, प्रो0-संजय कुमार गुप्ता फुलवरिया बाईपास जनपद बलरामपुर से सम्पर्क कर उर्वरक वितरण की सूचना चाही, विक्रेता द्वारा बताया गया कि 05 लोगो के नाम पर दिया गया था, परन्तु उन लोगो का नाम बिक्री पंजिका मे दर्ज नही पाया गया। तत्पश्चात् पकड़े गये उर्वरक को उप कृषि निदेशक बलरामपुर द्वारा ई-रिक्शा वाहन संख्याः - क्क47ञ्ज-7071 (15) बोरी यूरिया सहित थाना प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर बलरामपुर को सुपुर्द कर दिया गया।

उक्त के सम्बन्ध मे दिनांकः 28.08.2025 को जिला कृषि अधिकारी द्वारा मेसर्स-रांजय कृषि खाद बीज भण्डार, के प्रतिष्ठान का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के समय पी0ओ0एस0 मशीन गे प्रदर्शित मात्रा यूरिया 27 बोरी के सापेक्ष-07 बोरी उपलब्ध पायी गयी, इस प्रकार 20 बोरी यूरिया उर्वरक का अन्तर पाया गया। विकेता के स्टाक एवं वितरण पंजिका का अवलोकन करने पर पाया गया कि उर्वरक क्रय करने वाले किसी भी कृषकों का मोबाइल नम्बर, आधार नम्बर, हस्ताक्षर एवं खतौनी का विवरण बिक्री पंजिका मे अंकित नही है तथा उर्वरक बिक्री के उपरान्त कृषकों को कैशमेमो भी नही दिया जा रहा है।

पी0ओ0एस0 मशीन एवं भौतिक स्टाक मे अन्तर तथा उर्वरको की कालाबाजारी करने के कारण विक्रेता को दोषी मानते हुए, मेसर्स-संजय कृषि खाद बीज भण्डार, प्रो0-संजय कुमार गुप्ता पुत्र श्री राम बरन गुप्ता, फुलवरिया बाईपास बलरामपुर के विरुद्ध उर्वरक (नियंत्रण) आदेश-1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम-1955 की धारा-3/7 के अन्तर्गत् प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करा दी गयी है।

## रबी 2025-26 में निःशुल्क दलहनी बीज मिनीकिट वितरण के लिए आवेदन शुरू

**सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**

राज्य सरकार द्वारा वित्तपोषित निःशुल्क दलहन बीज मिनीकिट वितरण एवं प्रसार कार्यक्रम के अंतर्गत रबी 2025-26 में कृषकों को चना (16 किग्रा.), मटर (20 किग्रा.) एवं मसूर (8 किग्रा.) के बीज मिनीकिट निःशुल्क उपलब्ध कराए जाएंगे।

कृषि विभाग के एडीओ रेहराबाजार रणधीर सिंह ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत लाभार्थियों का चयन लॉटरी पद्धति द्वारा जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय समिति के माध्यम से पारदर्शी ढंग से किया जाएगा।

**महत्वपूर्ण तिथि**

बुकिंग प्रारंभ तिथि : 01 सितम्बर 2025।
बुकिंग समाप्ति तिथि : 25 सितम्बर 2025।
बुकिंग का माध्यम : कृषि दर्शन–2 पोर्टल https:// agridarshan. up. gov. in कृषि विभाग ने स्पष्ट किया है कि— एक कृषक केवल एक ही दलहनी फसल का मिनीकिट प्राप्त कर सकेगा। केवल विभाग में पंजीकृत कृषक ही आवेदन कर पाएंगे। लक्ष्य से अधिक आवेदन होने की स्थिति में चयन लॉटरी से किया जाएगा।

**सूचना**

विकास खण्ड मोहम्मदी ग्राम सभा देवलरिया में ग्राम प्रधान पुष्पांजलि पत्नी आत्माराम द्वारा डुग्गी पिटवाकर लेखपाल रणधीर व सभी सदस्यों के समक्ष खुली बैठक में यू. के. लिप्टिस पेड़ों की नीलामी की गई।

# सफाई व्यवस्था को और अधिक कराएं दुरुस्त, कराएं पौधरोपण

### वित्त मंत्री ने साफ-सफाई को लेकर कई वार्डों का किया निरीक्षण, महापौर सुषमा खर्कवाल, नगर आयुक्त गौरव सहित अन्य अधिकारी रहे मौजूद

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री तथा जनपद लखनऊ के प्रभारी मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने शनिवार को नगर के विभिन्न वार्डों का साफ-सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं को लेकर औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महापौर सुषमा खर्कवाल, नगर आयुक्त गौरव कुमार सहित नगर निगम के अधिकारीगण उपस्थित रहे।



उन्होंने जोन एक एवं दो के पांच वार्डों का निरीक्षण किया। इनमें रानी लक्ष्मीबाई वार्ड, गणेशगंज वार्ड, लेबर कॉलोनी वार्ड, गोलागंज वार्ड एवं कुंवर ज्योति प्रसाद वार्ड शामिल हैं। निरीक्षण के दौरान सभी जगह पर पहले की तुलना में सफाई व्यवस्था बेहतर मिली। प्रभारी मंत्री सबसे पहले रानी लक्ष्मीबाई वार्ड पहुंचे। उन्होंने पार्क एवं आसपास की खाली भूमि की साफ-सफाई, सड़क निर्माण के निर्देश दिए। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को खाली पड़ी जमीन पर व्यवस्थित पार्किंग बनाने के निर्देश दिए। साथ ही, मौके पर पड़े जल निगम के पाइप एवं अन्य निर्माण सामग्री को तत्काल हटाने के कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग भी की जाए। उन्होंने लेबर कॉलोनी वार्ड एवं गोलागंज वार्ड में निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सफाई व्यवस्था को और अधिक दुरुस्त कराएं। स्थान चिन्हित कर वृक्षारोपण कराएं। सुरेश कुमार खन्ना जोन दो के कुंवर ज्योति प्रसाद वार्ड पहुंचे। वहां पर मेहंदी बेग खेड़ा के पास पार्क को व्यवस्थित किए जाने एवं वृहद वृक्षारोपण के निर्देश दिए।

#### एक सप्ताह बाद दोबारा होगा स्थल का निरीक्षण

महापौर खर्कवाल ने कहा कि एक सप्ताह बाद इस स्थल का पुनः निरीक्षण किया जाएगा। श्री खन्ना ने गणेशगंज वार्ड में निरीक्षण के दौरान नालियों पर अतिक्रमण एवं बंद पड़ी नालियां पाई। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिया कि नालियों से अतिक्रमण हटवाकर नालियों को खुलवाया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि जिन लोगों द्वारा नालियों पर अतिक्रमण कर उन्हें बाधित किया गया है, उन पर जुर्माना अधिरोपित किया जाए। उन्होंने कहा कि ड्रेनेज सिस्टम को हर हाल में व्यवस्थित किया जाए। बिना व्यवस्थित नालियों के सफाई व्यवस्था सुनिश्चित नहीं हो सकती है।

# ऊर्जा मंत्री व महापौर ने किया शिलान्यास

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** शहर की विकास यात्रा को गति देते हुए नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने शनिवार को जानकीपुरम सेक्टर-जे (विस्तार) योजना की विभिन्न जलकल परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इस अवसर पर महापौर सुषमा खर्कवाल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

कार्यक्रम में विधायक आदरणीय डॉ. नीरज बोरा और विधायक योगेश शुक्ला भी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन शिव मंदिर पार्क, भाग-1, सेक्टर-जे, जानकीपुरम में भव्य रूप से किया गया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों, नगर निगम अधिकारियों और बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने हिस्सा लिया। जलकल विभाग, नगर निगम लखनऊ द्वारा संचालित इस परियोजना के अंतर्गत जानकीपुरम सेक्टर-जे (विस्तार) योजना में अनेक महत्वपूर्ण कार्य कराए जाएंगे। इनमें नलकूप की स्थापना, जलाशय क्षमता वृद्धि, नए ओवरहेड टैंक का निर्माण एवं पुराने टैंकों का पुनर्निर्माण शामिल है।

इन परियोजनाओं से क्षेत्र की पेयजल आपूर्ति व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी तथा नागरिकों को नियमित और स्वच्छ पानी मिल सकेगा। सेक्टर-जे के भाग-4 में नलकूप का रीबोर कार्य, सेक्टर-जे में 3/385 आवासीय योजना शिव मंदिर एलडीए पार्क में नए नलकूप का निर्माण, भवन संख्या 06 के सामने, निकट सुलभ आवास में नए नलकूप का निर्माण, सेक्टर-जे के अन्दर जलाशय परिसर में 660 किलोलीटर क्षमता का सीडब्ल्यूआर का निर्माण, सेक्टर-जे के भाग-1 में 1500 किलोलीटर क्षमता के ओवरहेड टैंक का ध्वस्तीकरण उपरांत पुनर्निर्माण का शिलान्यास किया गया। इन परियोजनाओं के पूरा होने से न केवल जल आपूर्ति में स्थिरता आएगी बल्कि बढ़ती जनसंख्या की जरूरतें भी पूरी हो सकेंगी। कार्यक्रम में पार्षद राघव राम तिवारी, प्रदीप शुक्ला, पार्षद दीपक लोधी, मान सिंह पार्षद प्रतिनिधि राजकुमार मौर्य और सौरभ तिवारी उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### मेले में 16 हजार नौकरी, इंटरनेशनल लेवल पर 1612 चयनित

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में आयोजित 3 दिवसीय रोजगार मेले में युवाओं की भीड़ उमड़ी और कंपनियों ने जमकर प्लेसमेंट किए। समापन के बाद शनिवार को सामने आए फाइनल आंकड़े में अलग-अलग सेक्टरों की 21 कंपनियों में कुल 16,212 अभ्यर्थियों का चयन हुआ। इनमें 14,600 घरेलू और 1,612 अंतरराष्ट्रीय चयन शामिल हैं। रोजगार मेले में सबसे ज्यादा चयन इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर से हुए। यहां कुल 3,115 युवाओं को नौकरी मिली। वहीं ऑटोमोबाइल सेक्टर में 2,376 अभ्यर्थियों का चयन हुआ। इन दोनों सेक्टरों ने मिलकर करीब 5,500 से अधिक युवाओं को रोजगार दिया। निर्माण (कंस्ट्रक्शन) सेक्टर ने घरेलू 254 के अलावा 967 युवाओं को अंतरराष्ट्रीय रोजगार दिया। वहीं हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में 934 युवाओं का घरेलू और 261 का अंतरराष्ट्रीय चयन हुआ। तेल और गैस (ऑयल एंड गैस) सेक्टर में भी 326 उम्मीदवारों को विदेश में नौकरी के अवसर मिले। रिटेल सेक्टर ने 1343 और हेल्थकेयर सेक्टर ने 1080 युवाओं को नौकरी दी। इसके अलावा आईटी,आईटीईएस में 856, लॉजिस्टिक्स में 906 और पावर सेक्टर में 426 अभ्यर्थियों का चयन हुआ। इस रोजगार मेले में कृषि से 536, परिधान से 368, दूरसंचार से 263 और बीमा से 144 युवाओं को रोजगार मिला। वहीं सुरक्षा सेक्टर में 58 अभ्यर्थियों का अंतरराष्ट्रीय चयन किया गया।

### राह चलती महिला के गले से उड़ाई चेन, दो चैन स्नैचर गिरफ्तार

लखनऊ पुलिस ने शनिवार को चेन स्नैचिंग की बड़ी वारदात का खुलासा करते हुए दो शातिर लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से पीड़िता की छीनी गई सोने की चेन और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी बरामद की गई है। गौरतलब है कि 22 अगस्त को आशियाना थाना अंतर्गत बाइक सवार बदमाशों ने एक महिला के गले से सोने की चेन छीन ली थी। जिसके बाद महिला की लिखित शिकायत पर पुलिस ने लुटेरों के खिलाफसुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की थी। उसके बाद पुलिस ने लुटेरों की तलाश में जांच शुरू की। सर्विलांस सेल और सीसीटीवी कैमरे की मदद से आरोपितों की पहचान की। वारदात के सात दिन बाद 29 अगस्त की रात मुखबिर की सूचना पर थाना इन्दिरानगर पुलिस और क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम ने छापेमारी कर दोनों लुटेरों को गिरफ्तार किया। आरोपितों की पहचान अहान अली और साहिल अली के रूप में हुई। दोनों ही आरोपित अगरबत्ती बेचने का काम करते हैं। इसके साथ ही आरोपित हसनगंज थाना अंतर्गत पकडिया ढाल के पास आजाद नगर कॉलोनी के रहने वाले हैं। डीसीपी पूर्वी शशांक सिंह के मुताबिक, आरोपितों के पास से महिला की सोने की चेन और पीली धातु बरामद हुई है। साथ ही घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को सीज कर लिया गया है।

### नकली इंजेक्शन बेचने वाले चार लोग गिरफ्तार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के पारा इलाके में एसटीएफ, नारकोटिक्स और पारा पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में नकली इंजेक्शन को बेचने वाले चार आरोपियों गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से बड़ी मात्रा में नकली इंजेक्शन बरामद हुए हैं। पुलिस पूरे नेटवर्क को खंगाल रही है। पारा के मुजफ्फरखेड़ा में शुक्रवार को रात करीब 8 बजे छापा मार कर चार लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान इरफान, शाहनवाज, शाहिबे और दिलदार रूप में हुई है। आरोपियों के पास से बड़ी मात्रा में नकली इंजेक्शन बरामद हुए हैं, जिसकी अनुमानित लागत 2 करोड़ हैं। आरोपियों को पकड़ने के लिए यूपीएसटीएफ, नारकोटिक्स और पारा थाने की पुलिस लगी थी। पुलिस इनके नेटवर्क को खंगाल रही है।

### 13 साल की किशोरी को ब्लैकमेल कर 50 हजार ऐंठे

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** अमीन नगर नाका निवासी पीड़ित ने बताया कि उनकी 13 साल की बेटी को इंस्टाग्राम पर आर्यन नाम के युवक ने फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजी थी। इसके बाद बातचीत बढ़ने पर उसने फर्जी आईडी बनाकर किशोरी को दे दी। जिसका पासवर्ड उसके पास भी था। उसी से किशोरी से चैट करता और उसकी गलत इस्तेमाल भी करता। आरोप है जब किशोरी ने ये बात उसकी बहन को बताई वो गाली-गलौज करने लगा और जान से मारने की धमकी देने लगा। किशोरी को डराकर आरोपी ने कई बार 45 से 50 हजार रुपए वसूल लिए। उसको पिता और भाई को जान से मारने की धमकी देता। जिसकी वजह से उसने ये बात किसी को नहीं बताई। शुक्रवार को आरोपी किशोरी से बुलेट बाइक के लिए 50 हजार रुपए और जेवर मांगने लगा। इसंपेक्टर नाका श्रीकांत राय ने बताया कि पीड़ित परिवार ने पुलिस के पास शिकायत की। इसके बाद उसे रुपए लेने के लिए बुलाया गया। परिवार ने आरोपी को बातचीत में उलझाकर रखा था। इस दौरान पुलिस ने पहुंचकर उसे हिरासत में ले लिया। आरोपी की पहचान टिकैतराय तालाब खालाबाजार निवासी आर्यन सिंह (18) के रूप में हुई। आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

### पुरातत्व विभाग में अभिरूचि पाठ्यक्रम का समापन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** पुरातत्त्व अभिरुचि पाठ्यक्रम के ग्यारहवें दिन दो सत्रों में व्याख्यान और तीसरे सत्र में कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रो मांडवी सिंह, कुलपति भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय ने 11 दिनों तक चले पाठ्यक्रम पर असाइनमेंट प्रतियोगिता में श्रेष्ठ पांच प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान किए। प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किया । कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विभाग की निदेशक रेनू द्विवेदी ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए पाठ्यक्रम की उपलब्धियों और प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला।प्रथम दो सत्रों में विशिष्ट अतिथि डॉ विजय माथुर, सलाहकार, संघ लोक सेवा आयोग, नई दिल्ली ने भारतीय लघु चित्रकला का इतिहास एवं शैली विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। इसकी परंपरा गुप्त युग और अजंता से प्रारंभ होकर 10वीं से12वीं शताब्दी में जैन-बौद्ध ग्रंथों के चित्रण से विकसित हुई, मुगल काल में इसे स्वर्णयुग प्राप्त हुआ और बाद में राजस्थान, पहाड़ों और दक्कन में विभिन्न क्षेत्रीय शैलियाँ विकसित हुईं।

### मुख्यमंत्री का बनारस में पहली बार लगा जनता दर्शन कार्यक्रम, उमड़े फरियादी

# जनसमस्याओं को बिना देरी त्वरित निस्तारित करें अधिकारी

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ/वाराणसी।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वाराणसी के सर्किट हाउस में जनता दर्शन कार्यक्रम में लोगों की समस्याएं सुनी। सीएम योगी आदित्यनाथ का पहली बार बनारस में जनता दर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री से सीधे अपनी बात कहने की जनता में होड़ लग गई।

सीएम ने सबकी सुनी और निदान का भरोसा भी दिलाया। मुख्यमंत्री ने जनता को उनकी शिकायतों पर शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया तथा अधिकारियों को जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। जन



सुनवाई के दौरान प्राप्त प्रार्थना पत्रों को मौके पर मण्डलायुक्त एस राजलिंगम एवं डीएम सत्येन्द्र कुमार को उपलब्ध कराते हुए लोगों की समस्याओं का त्वरित ढंग से समाधान सुनिश्चित कराये जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कई मामलों में लोगों से सीधा संवाद कर समस्याओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली। योगी एक-एक फरियादी के पास पहुंचे। उन्होंने 102 फरियादियों की शिकायत सुनने और प्रार्थना पत्रों के अवलोकन के बाद पुलिस कमिश्नर और डीएम को त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया। सर्किट हाउस में सुबह आठ बजे जनता दर्शन शुरू हुआ। इससे पूर्व फरियादियों को भवन के नीचले तल के सभागार में बैठाया गया था। मुख्यमंत्री कुछ प्रार्थना पत्रों पर स्वयं भी आदेशित और निर्देशित किए। बारी-बारी से सबको सुनने के बाद आश्वस्त किया कि जल्द ही आपके प्रार्थनापत्रों का समाधान किया जाएगा।

#### महुआ की टिप्पणी को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता



**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर सांसद महुआ मोइत्रा की टिप्पणी की निन्दा की है। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि वंदे मातरम् का मंत्र देने वाले राज्य की महिला सांसद महुआ मोइत्रा ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर जो टिप्पणी की है, वह निहायत ही घोर असंसदीय और आपत्तिजनक है। इसे हरगिज़ बर्दाश्त नहीं किया जा सकता और इसके लिए देश एवं पश्चिम बंगाल की जनता उनको कतई माफ नहीं करेगी। केशव प्रसाद मौर्य ने अपने एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि मोइत्रा यह भलीभांति जानती हैं कि अमित शाह ही हैं जिन्होंने अनुच्छेद 370 को इतिहास बना दिया। अधिकांश नक्सली जिलों को मुख्यधारा में लाने के साथ घुसपैठियों पर लगातार लगाम कसने का काम किया है। देश की आंतरिक सुरक्षा पर सख़्त निगरानी का उनका ख़ाका काम कर रहा है। दरअसल, मोइत्रा बेहतर तरीके से समझती हैं कि उनकी तृणमूल कांग्रेस सबसे ज्यादा राजनीतिक ख़ौफ़ अमित शाह से ही खाती है।

### विमुक्त जातियों के सर्वांगीण विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध : असीम

**लखनऊ ।** प्रदेश में निवास करने वाली विमुक्त जातियों के उत्थान के लिए डबल इंजन की सरकार लगातार कार्य कर रही है। उनको शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार की विभिन्न योजनाओं का सीधा लाभ मिल रहा है। मुगल काल से ही उनके संघर्ष और देश के प्रति समर्पण को सम्मान देने के लिए सरकार 31 अगस्त को विमुक्त जाति दिवस के रूप में मना रही है। समाज कल्याण राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरुण ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।समाज कल्याण विभाग द्वारा 74वें विमुक्त जाति दिवस के अवसर पर 31 अगस्त गोमती नगर स्थित भागीदारी भवन में एक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

# भाजपाई याद रखें कि भाजपा किसी की सगी नहीं : अखिलेश यादव

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर हमला बोलते हुए कहा कि सबसे पहले तो भाजपाइयों को यह याद रखना चाहिए कि ''भाजपा किसी की सगी नहीं है और भाजपा एक ''इस्तेमाली पार्टी है।

सपा प्रमुख यादव ने 'एक्स पर 49 सेकंड का एक वीडियो साझा किया, जिसमें खाद के लिए कतार में खड़े किसान दिख रहे हैं और एक बुजुर्ग किसान को रोते हुए देखा जा सकता है। यादव ने कहा, ''भाजपा के वे कार्यकर्ता और समर्थक जो 'अमृतकाल की बात



कर रहे हैं, उन्हें यह वीडियो देखकर अपने ऊपर शर्मिंदा होना चाहिए। उन्होंने कहा, ''दरअसल, भाजपा अपने भोले-भाले समर्थकों के भोलेपन का भी दुरुपयोग करती है, अपने भ्रष्टाचार को छिपाने और दुष्प्रचार के लिए। अखिलेश यादव ने कहा, ''वो पढ़े-लिखे लोग भी एक बार दिल पर हाथ रखकर सोचें कि साम्प्रदायिक राजनीति की घुट्टी पिलाकर भाजपा और उनके संगी-साथियों ने किस तरह उनके ज्ञान और विवेक को बंधक बना लिया है।

### सेना का पर्वतारोहण दल माउंट नंदा देवी पूर्व के चुनौतीपूर्ण अभियान पर रवाना

**लखनऊ।** उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेवानिवृत्त) ने 30 अगस्त 2025 को लखनऊ स्थित सूर्या कमान मुख्यालय से डोगरा रेजिमेंटल सेंटर के भारतीय सेना पर्वतारोहण दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह अभियान दल माउंट नंदा देवी पूर्व (7434 मीटर) पर विजय प्राप्त करने के लिए 45 दिनों के रोमांचक अभियान पर रवाना हुआ है। यह डोगरा रेजिमेंटल सेंटर के शताब्दी समारोह का एक हिस्सा है और राष्ट्र की सेवा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए है। इस दल में अनुभवी पर्वतारोही और कार्मिक शामिल हैं जिन्होंने इस चुनौतीपूर्ण अभियान की तैयारी के लिए कठोर प्रशिक्षण लिया है।

# संगठन के परिश्रम से सभी सीटें जीतेगी बीजेपी : भूपेंद्र

#### बीजेपी ने बनाई शिक्षक-स्नातक विधान परिषद सदस्य निर्वाचन की रणनीति

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी एवं प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने आज शनिवार को प्रदेश भाजपा मुख्यालय में शिक्षक-स्नातक विधान परिषद सदस्य निर्वाचन की तैयारी बैठक में विजय की रणनीति के साथ चर्चा की।

इसके साथ ही एमएलसी निर्वाचन क्षेत्र के लिए क्षेत्रीय संयोजक व सहसंयोजक, विधानसभा संयोजक तथा शिक्षक व स्नातक एमएलसी उपस्थित रहे।प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि शिक्षक व स्नातक क्षेत्र एमएलसी चुनाव में



सभी सीटों पर भाजपा को निश्चित विजय की रणनीति बनाकर काम करना है। भाजपा के पास अनुशासित, शिक्षित और परिश्रमी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की बहुत बड़ी संख्या है। प्रत्येक व्यक्ति को उसकी योग्यता और क्षमता के अनुसार चुनाव में जिम्मेदारी सौंपने की जरूरत है। सभी से चर्चा कर व्यापक रूप से लोगों को अभियान में जोड़ना है और विशेषकर विचार परिवार के लोगों को साथ लेकर अभियान को आगे बढ़ाना है। भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि भाजपा का चुनाव प्रबंधन अन्य राजनैतिक दलों की अपेक्षा सबसे मजबूत चुनाव प्रबंधन माना जाता है और यह चुनाव पूरी तरह से प्रबंधन का ही है। हम लोगों से मिले तथा बड़ी संख्या में लोगों को मतदाता बनाने में सहयोग करें। संगठन के समग्र परिश्रम से भाजपा सभी सीटों पर चुनाव जीतेगी।प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने कहा कि शिक्षक-स्नातक विधान परिषद सदस्य निर्वाचन में सबसे महत्वपूर्ण और परिश्रम का कार्य वोट बनाने का है। हम बड़ी संख्या में लोगों से जुड़कर उनको मतदाता बनवाने का काम करना है। उन्होंने कहा कि एमएलसी चुनाव के लिए सभी क्षेत्रों में एक संयोजक व सहसंयोजक सहित विधानसभा स्तर तक संगठन की संरचना तैयार है।

# इंटीग्रल हॉस्पिटल की लापरवाही से गई युवक की जान

### परिजनों ने शव गांव किनारे रखकर अस्पताल पर कार्रवाई की मांग की, पुलिस ने समझाकर करवाया अंतिम संस्कार

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** गुडम्बा इलाके के कुर्सी रोड स्थित इंटीग्रल हॉस्पिटल में शनिवार को डॉक्टरों की लापरवाही के चलते मरीज की जान जाने का मामला सामने आया। इस मामले में जानकारी देते हुए इंस्पेक्टर गुडम्बा प्रभातेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि शुक्रवार देर रात जानकारी मिली कि इंटीग्रल हॉस्पिटल में मरीज के परिजन डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा काट रहे हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को समझा बुझाकर शव कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया।

वहीं ग्राम पलका पोस्ट बेहटा निवासी मृतक के भाई अशोक कुमार ने डॉक्टरों पर आरोप लगाते हुए बताया





कि उसने अपने भाई अनिल कुमार को बीते 25 अगस्त को इंटीग्रल हॉस्पिटल में पथरी का ऑपरेशन कराने के लिए एडमिट कराया था, एक बार ऑपरेशन होने के बाद डॉक्टरों ने यह कहकर दुबारा ऑपरेशन करने को कहा कि पहला ऑपरेशन करते समय मरीज की आंत फट गई थी। जिसके बाद शुक्रवार को डॉक्टरों ने मरीज को वेंटिलेटर पर रख दिया और देर रात मरीज की मौत हो गई। इंस्पेक्टर गुडम्बा टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए रवाना कर दिया। शनिवार शाम जब शव पीएम होकर आया तो परिजनों ने अपने पैतृक गांव के किनारे श्मशान घाट के निकट हॉस्पिटल पर मुकदमा दर्ज कर उचित कार्रवाई करने की मांग को लेकर काफी देर हंगामा काटा। जहां मौके पर पहुंचे एसीपी गाजीपुर अनिंद्य विक्रम सिंह व मौके पर मौजूद इंस्पेक्टर गुडम्बा प्रभातेश श्रीवास्तव ने परिजनों को समझा बुझाकर शव का अंतिम संस्कार कराया। एसीपी गाजीपुर अनिंद्य विक्रम सिंह ने परिजनों को आश्वाशन देते हुए कहा कि जांच पड़ताल की जा रही है यदि डॉक्टरों की लापरवाही या पीएम रिपोर्ट में वैसी कोई बात सामने आती है तो दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# सेंट मैरीज इंटर कॉलेज के बच्चों ने वृद्धजनों के साथ बिताया समय

समृद्धि न्यूज


**लखनऊ।** सेंट मैरीज इंटर कॉलेज, सेक्टर 14 ने समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का एक और उदाहरण पेश किया है। विद्यालय के बच्चों ने श्री राम वरिष्ठ नागरिक वृद्धाश्रम का दौरा किया, जहां उन्होंने वृद्धजनों के साथ समय बिताया और उनकी जरूरतों को समझने का प्रयास किया।

इस अवसर पर बच्चों ने वृद्धजनों को फल वितरित किए और उनके लिए भावपूर्ण कार्ड प्रस्तुत किए। बच्चों ने वृद्धजनों के साथ भजन गाए और उनसे ईश्वर भजन सीखे। प्रधानाचार्या शालू कपूर ने वृद्धजनों से उनके अनुभवों के बारे में बातचीत की और उनकी बातों से अत्यधिक प्रभावित हुईं। बच्चों ने वृद्धजनों से आशीर्वाद लिया और उनका



सम्मान किया। श्री राम वरिष्ठ नागरिक वृद्धाश्रम के संचालक श्री एस सी शुक्ला ने अपने उत्कृष्ट कार्य से समाज के लिए एक मिसाल पेश की है। उनके द्वारा संचालित वृद्धाश्रम में वृद्धजनों को सम्मान और सहारा दिया जाता है। इस दौरे का उद्देश्य बच्चों में वृद्धजनों के प्रति संवेदना और सम्मान की भावना विकसित करना था। हमें विश्वास है कि यह अनुभव बच्चों के लिए अत्यधिक यादगार और शिक्षाप्रद होगा। यह पहल बच्चों को समाज के विभिन्न वर्गों के प्रति संवेदनशील बनाने में मदद करेगी।

# डंडाडिया बाजार व्यापार मंडल ने बाजार के अंदर से खुद हटाया अतिक्रमण



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** डंडाडिया बाजार व्यापार मंडल ने प्रशासन की मंशा और आम जनता के हित को ध्यान में रखते हुए बाजार के अंदर खुद अतिक्रमण हटाया।

पूर्व मेयर प्रत्याशी भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता भारतीय उद्योग किसान व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष अजय त्रिपाठी मुन्ना, राष्ट्रीय प्रभारी हाफिज जलील अहमद सिद्दीकी, राष्ट्रीय अध्यक्ष रितेश गुप्ता स्थानीय थाना अध्यक्ष एवं स्थानीय पुलिस चौकी एवं डंडाडिया बाजार के कार्यवाहक अध्यक्ष ताज खान, कार्यवाहक महामंत्री अनुज साहू, बाजार के पदाधिकारी रमेश जायसवाल,सुरेश जयसवाल, विजय शंकर गुप्ता, आलोक गुप्ता, सनी गुप्ता,मोहम्मद अनवर, मोहम्मद जहीर, मोहम्मद नईम, आशीष जायसवाल, संजय जयसवाल, सुनील जायसवाल ने बाजार के दोनों तरफ सड़क से 8 फीट छोड़कर अतिक्रमण को हटवाया और फुटपाथ को साफ सुथरा कराया। फुटपाथ साफ सुथरा हो जाने से बाजार के अंदर आवागमन बहुत सुगम हो गया है और आम जनता को और व्यापारी को बहुत लाभ हुआ है।

### लखनऊ में दो ट्रांसफर स्टेशन का उद्घाटन

**लखनऊ ।** स्वच्छ एवं स्वस्थ शहर बनाने की दिशा में लखनऊ नगर निगम लगातार ठोस कदम उठा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को दो महत्वपूर्ण ट्रांसफर स्टेशनों का उद्घाटन माननीय महापौर सुषमा खर्कवाल द्वारा किया गया। इन ट्रांसफर स्टेशनों के शुभारंभ से न केवल कूड़ा प्रबंधन प्रणाली और सुदृढ़ होगी बल्कि क्षेत्रीय नागरिकों को स्वच्छ एवं स्वास्थ्यकर वातावरण भी प्राप्त होगा। पहला उद्घाटन टंडन फव्वारा क्षेत्र में किया गया। आधुनिक सुविधाओं से युक्त इस ट्रांसफर स्टेशन की स्थापना से आसपास के क्षेत्रों की सफाई व्यवस्था को और गति मिलेगी। महापौर ने कहा कि नगर निगम लखनऊ द्वारा उठाया गया यह कदम शहर को कूड़ा मुक्त और स्वच्छ रखने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण पहल है।

**बातचीत**

### उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने संभल मुद्दे पर लोकभवन में पत्रकारों से की बातचीत


# निर्यात मामले में प्रदेश के मानचित्र पर दसवें स्थान पर पहुंचा संभल

#### नेहरू की रिपोर्ट में भी स्पष्ट- संभल में हिंदु सदा पीड़ित रहे : डिप्टी सीएम

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने संभल मुद्दे पर शनिवार को लोकभवन में पत्रकारों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि न्यायिक जांच आयोग ने रिपोर्ट मुख्यमंत्री को सौंप दी है। जांच रिपोर्ट अभी सार्वजनिक नहीं हुई है। हम इसे कैबिनेट में ले जाएंगे, इसके उपरांत कार्रवाई के लिए उसे आगे भेजेंगे, फिर इस संदर्भ में बात करेंगे।

उप मुख्यमंत्री ने साफ तौर पर कहा कि आज की बातचीत न जांच रिपोर्ट



से प्रेरित है और न ही उसका संदर्भ लिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आजादी के पहले और 2024 से लेकर कई बार संभल की चर्चा आई है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि संभल में डेमोग्राफी बदलने के बारे में समय-समय पर मीडिया रिपोर्ट आती रहती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार चर्चा करते हैं कि यूपी व अन्य राज्यों में डेमोग्राफी बदलने के लिए संगठित रूप से कुछ गिरोह विदेशी ताकतों के इशारे पर करते हैं। हमारी प्रतिबद्धता सभी को साथ लेकर चलने की है। हम किसी भी स्थिति में डेमोग्राफी बदलने नहीं देंगे और पूर्ववर्ती स्थिति मेंटेन करेंगे। पाठक ने कहा कि 1924 में संभल में दंगा हुआ था। कई हिंदु परिवारों को मौत के घाट उतार गया था। उस समय महात्मा गांधी ने जवाहर लाल नेहरू से कहा था कि आप वहां का दौरा कीजिए। 8-10 सितंबर1924 को जवाहर लाल नेहरू ने दौरा किया और 12 सितंबर को 13 पन्नों की रिपोर्ट महात्मा गांधी को सौंपी थी। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि उस समय से लेकर अब तक संभल में एससी, एसटी समाज हो या रस्तोगी-दुबे परिवार के सदस्य, डेमोग्राफी बदलने में किसी को भी बख्शा नहीं गया।

#### संभल में दो नए थाने बने, बिजली चोरी के लिए चला अभियान

संभल में कानून व्यवस्था के लिए दो नए थाने व 45 नई चौकी स्थापित की गईं। संवेदनशील क्षेत्रों में सीसीटीवी व ड्रोन निगरानी की व्यवस्था की गई। जिला कारागार, 24वीं वाहिनी पीएसी व स्पोर्ट्स स्टेडियम जैसी परियोजनाओं पर तेजी से काम हुआ है। संभल में बिजली चोरी की गंभीर स्थिति भी सामने आई। बिजली चोरी रोकने के लिए अभियान चला। लाइन लास कभी 82 प्रतिशत तक पहुंच गया था, जो अब मात्र 18 प्रतिशत बचा है। इससे 84 करोड़ रुपये की बचत हुई है। वहां फर्जी बीमा क्लेम लेते थे। बीमा माफिया पर कार्रवाई हुई है। 100 करोड़ से अधिक की धोखाधड़ी का पर्दाफाश किया गया है। 67 लोगों को जेल भेजा गया है।

#### संभल में हुई कार्रवाई

पाठक ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में हमारी सरकार कानून व्यवस्था को मजबूत कर रही है। संभल में हिंसा की घटना के बाद 68 से अधिक पौराणिक स्थलों व 19 प्राचीन कूपों को कब्जे से मुक्त कराकर पुनः उनका स्वरूप प्रदान करने का काम किया गया है। संभल में 1067 अतिक्रमण हटाकर 73 हेक्टेयर भूमि मुक्त कराई गई है। मस्जिद, मजार, मदरसे व कब्रिस्तान से भी 37 अवैध कब्जे हटाए गए। शासन किसी भी अवैध कब्जे को बर्दाश्त नहीं करेगा।

# टीबी रोग से उबर चुके, अब देंगे जीतने का हौसला

## महसी के 31 टीबी चैंपियन करेंगे जागरूकता अभियान, इम्पैक्ट इंडिया प्रोजेक्ट के तहत वर्ल्ड हेल्थ पार्टनर संस्था के सहयोग से हुआ प्रशिक्षण

समृद्धि न्यूज





**बहराइच।** पूर्ण इलाज कर स्वस्थ जीवन की ओर लौटे टीबी चैम्पियन को अब समाज में जागरूकता फैलाने की अहम जिम्मेदारी दी जा रही है। इसी उद्देश्य से सीएचसी महसी में शुक्रवार को अधीक्षक डॉ उपेन्द्र सरोज की अध्यक्षता में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण वर्ल्ड हेल्थ पार्टनर संस्था द्वारा इम्पैक्ट इंडिया प्रोजेक्ट के अंतर्गत आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में 31 टीबी चैंपियनों को प्रशिक्षित किया गया जो अपने समुदाय में टीबी के संभावित मरीजों को चिन्हित करने व इलाजरत मरीजों का सम्पूर्ण इलाज कराने में उनका हौसला बढ़ाएंगे। इस अवसर पर अधीक्षक डॉ उपेन्द्र सरोज कहा कि टीबी एक संक्रामक रोग है, जो मरीज के खांसने या छींकने से एक दूसरे में फैलती है, लेकिन इसका इलाज संभव हैं। खाँसी, बुखार, वजन कम होना या पसीना आना जैसे शुरुआती लक्षणों पर तुरंत जांच कराना जरूरी है। जितनी जल्दी इलाज शुरू होगा, उतनी जल्दी मरीज स्वस्थ होगा।

प्रशिक्षण वर्ल्ड हेल्थ पार्टनर के विकास सिंह, अखंड द्विवेदी तथा टीबी प्रोग्राम के एसटीएस पियूष कुमार और एसटीएलएस राहुल कनौजिया ने दिया। उन्होंने बताया कि टीबी चैंपियन अब अपने क्षेत्रों में लोगों को जागरूक करेंगे और अनुभव साझा करेंगे। वे यह भी बताएंगे कि टीबी की दवा सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर निःशुल्क उपलब्ध है तथा निश्चय पोषण योजना के तहत मरीजों को उपचार अवधि में 1000 प्रतिमाह मिलता है।


समय पर जांच और दवा से टीबी का पूरा इलाज संभव है। इस अवसर पर बीसीपीएम रामअचल यादव ने चैंपियनों को बताया कि वह समुदाय में मरीजों को दवाओं के सामान्य दुष्प्रभावों से घबराने की बजाय चिकित्सक से संपर्क करने की सलाह दें, ताकि वे इलाज बीच में न छोड़ें।

एसटीएलएस राहुल कनौजिया ने बताया कि पल्मोनरी टीबी, जिसे फेफड़ों की टीबी कहा जाता है, का इलाज 168 डोज़ में होता है, जिसकी अवधि लगभग 5 माह 18 दिन होती है। यह रोग खांसी, बलगम, बुखार और सांस की तकलीफ के रूप में सामने आता है। उन्होंने कहा कि उपचार के दौरान औसतन 20 प्रतिशत मरीज दवा अधूरी छोड़ देते हैं, जिसका प्रमुख कारण इलाज पर भरोसे की कमी और दुष्प्रभावों का डर है। इस अवसर पर बाल टीबी से जिला समन्वयक मन मोहन दीक्षित सहित अन्य अधिकारी व स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

## मोबाइल कोर्ट में वादों का किया गया निस्तारण

**बहराइच।** महसी ब्लाक के ग्राम पंचायत रेहुआ मंसूर के खजुरिहा प्राथमिक विद्यालय में शनिवार को जनपद न्यायाधीश के दिशा-निर्देश में ग्राम न्यायालय महसी के न्यायाधिकारी पंकज कुमार (द्वितीय) ने मोबाइल कोर्ट (चल न्यायालय) का आयोजन किया। चल न्यायालय में न्यायाधिकारी ने नौ वादियों के वादों का निस्तारण किया। न्यायाधिकारी पंकज कुमार द्वितीय ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य न्याय को पीड़ितों के द्वार तक पहुंचाना है। जनपद न्यायाधीश के निर्देशन में मोबाइल कोर्ट का आयोजन किया गया। गांव में कई ऐसे छोटे-छोटे विवाद हैं,जो सालों से लंबित हैं। लोगों को उनके कानूनी अधिकार के संबंध में भी जानकारी दी गई। संक्षिप्त विचारण के मामले जैसे घेरलू हिंसा, छोटे-मोटे जमीनी विवाद आदि के मामले ग्रामीण न्यायालय में ही निस्तारित हो सकते हैं। इसके लिए जिला कोर्ट या उससे ऊपर जाने की कोई जरूरत नहीं। इस मौके पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष भरत मिश्रा, महामंत्री अधिवक्ता रामकर्ण त्रिपाठी, वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश्वर दत्त वाजपेई, आशुतोष अवस्थी समेत अन्य मौजूद रहें।

# राहगीरों को दिखा टाइगर, कतर्नियाघाट में टाइगर की संख्या में हो रही है वृद्धि



समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** कतर्नियाघाट में टाइगर की संख्या में लगातार वृद्धि होने से पर्यटक के साथ राहगीर भी रोमांचित हो रहे है। कतर्नियाघाट वन्य जीव अभ्यारण्य में टाइगर्स की संख्या पर बात की जाए तो सबसे ज्यादा टाइगर सुजौली रेंज में पाए जाते है।

शिकार के लिए खुला मैदान छिपने के लिए नरकुल घास, पर्याप्त मात्रा में मुंजा शिकार के लिए चीतल, पाढा, जँगली सुअर, बारहसिंगा आदि बाघों के लिए आसान शिकार होता है। इन मार्गो पर प्रतिदिन छोटे वाहनों का आवागमन होता है जिसकी वजह से टाइगर का सामना आए दिन इन रेन्जो के अलग अलग मार्गो पर होती है।

**पर्यटकों के साथ राहगीर भी हो रहे रोमांचित सुजौली रेंज में सबसे ज्यादा पाए जाते हैं टाइगर**

यह सभी चीजें बाघों को यहां प्रवास करने के लिए आकर्षित करती है। नेचुरल पानी यहां के बाघों की प्यास बुझाने के लिए पर्याप्त है। सुजौली रेंज की तुलना में कतर्नियाघाट रेंज, मोतीपुर रेंज, ककरहा रेंज, धर्मापुर रेंज, मुर्तिहा रेंज, निशानगाड़ा रेंज में बाघ कम पाए जाते है।

**इन नेचुरल तालों में बाघ बुझाते है प्यास**

सांगवा ताल, नौसर ताल, लठववा कठववा ताल, धोबिन्या ताल, नगरा ताल, लंगड़ी ताल

## महसी इलाके में सात गश्ती दल तैनात, वन्य जीव की कर रहे तलाश

**बहराइच।** महसी इलाके में गुरुवार देर रात जंगली जानवर के हमले में चार लोगों के घायल होने की घटना सामने आई है।

वन विभाग ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए क्षेत्र में सात गश्ती दलों की तैनाती कर दी है।प्रभागीय वनाधिकारी राम सिंह यादव के अनुसार, हमले की घटनाएं ग्राम बम्भौरी के बदनपुरवा, ग्राम सिसैया चूड़ामणि, मोतीपुरवा और ग्राम गलकारा अहिरनपुरवा में हुई है। वन विभाग की टीमें दिन-रात गश्त कर रही हैं।

गश्ती दल पैदल चलकर वन्य जीव के पगमार्क की तलाश कर रहे हैं। प्राप्त पद चिह्नों से स्पष्ट हुआ है कि हमलावर जानवर भेड़िया नहीं है। वन विभाग ने क्षेत्र में पोस्टर लगाकर लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। वन विभाग, पुलिस विभाग और जिला प्रशासन आपस में समन्वय बनाकर प्रभावित क्षेत्र की निगरानी कर रहे हैं। अधिकारियों का प्रयास है कि कोई अप्रिय घटना न हो।

## खबरें एक नजर में

### नृत्य के दौरान मारपीट, महिला सहित चार घायल



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** थाना पयागपुर के अंतर्गत डूडी पकड़िया दाखिला गुरचाही में शुक्रवार की रात हो रहे नृत्य के दौरान मारपीट के दौरान महिला सहित चार घायल इसके संबंध में घायल मीरा पत्नी रामू उम्र 40 वर्ष की तरफ से स्थानीय थाने पर चार लोगों के विरुद्ध प्रार्थना पत्र दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार डूडी पकडिया दाखिला गुरचाही निवासी संतलाल के घर लड़के की बरही थी उसी की खुशी में नृत्य हो रहा था नृत्य देखने आए अमरेंद्र, संजय, सुनील, हरिओम आदि लोगों ने फरमाइश का गाना लगाने की बात किया तो घर के लोगों ने विरोध किया इसी को लेकर मारपीट शुरू हो कर दिया बचाने दौड़ी मीरा जो रिश्ते में बुआ है निवासी रामाधीन पुरवा दाखिला सतपेडिया थाना पयागपुर को लाठियां से लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। सूचना पाकर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची। तब तक हमलावर भाग गए थे मारपीट के दौरान रोहित, अनिल ,ननके को भी चोटे लगी है। मीरा की तरफ से चार लोगों को नामजद किया गया है।

### तेज रफ्तार कार व बाइक में आमने-सामने टक्कर



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली नानपारा इलाके में टोल प्लाजा के पास बीती रात 11 बजे मोटरसाइकिल तथा कार में आमने–सामने की भिड़ंत हो गई। जिसमें बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए । मोहल्ला कबाबची गली निवासी दीपू चौरसिया 35 वर्ष अपनी बाइक से घर आ रहे थे। तभी सामने से आ रही कार ने टक्कर मार दी जिसमें दीपू गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर मौके पर पहुंची एंबुलेंस द्वारा घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नानपारा लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर होने के कारण उसे मेडिकल कॉलेज बहराइच रेफर कर दिया गया।

### ससुर-बहु व नातिन को टैंकर ने मारी टक्कर, ससुर की मौत

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** नगर कोतवाली क्षेत्र के अयोध्या मार्ग स्थित फातिमा विद्यालय के पास शनिवार के दिन 55वर्षीय राजा राम मौर्या पुत्र रामा नंद मौर्या निवासी बैरिया विजय नगर थाना तरब गंज बाइक से अपने बहू 28 वर्षीय नेहा मौर्या पत्नी सुनील मौर्या नातिन 6 वर्षीय लक्ष्मी, 5 वर्षीय आरती के साथ एक निजी हॉस्पिटल दवा लेने जा रहा था। सामने से आ रही टैंकर ने साइड मारते हुए उस को कुचल दिया जिस से राजा राम मौर्या की मौके पर ही मौत हो गई। बाहु नेहा मौर्या नातिन लक्ष्मी आरती घायल हो गई। इलाज के लिए मेडिकल कालेज ले गए। बहू नेहा मौर्या ने बताया बच्चों का आधार कार्ड बनवाने के लिए गोंडा आए थे। आधार कार्ड बनवाने के बाद बाइक से ही एक निजी हॉस्पिटल दवा लेने के लिए जा रहे थे ।तभी बहराइच की तरफ जा रही टैंकर ने साइड मार दिया जिस से उस के ससुर राजा राम टैंकर के नीचे आ गए। बाइक दूसरी तरफ गिर गई। बच्चों को हल्की चोट लगी। घटना के बाद मौके पर तमाम लोगों की भीड़ इक्कठा हो गई। घटना की सूचना बड़गांव पुलिस चौकी को दिया गया। पुलिस ने टैंकर को अपने कब्जे में ले लिया। शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेजा हैं। घटना की जानकारी घर वालो को मिलते ही कोहराम मच गया।

### चलती बाइक में लगी आग, युवक ने कूदकर बचाई जान



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** रिसिया इलाके में एक चलती बाइक में अचानक आग लग गई। शुक्रवार की देर रात कटिलिया चौराहे पर हुई इस घटना में बाइक सवार युवक ने कूदकर अपनी जान बचाई ।लखैया जदीद गांव का रहने वाला करन मिर्जापुर जा रहा था। कटिलिया चौराहे के पास पहुंचते ही उसकी बाइक में अचानक आग लग गई। आग की लपटें देखते ही करन ने तुरंत बाइक से छलांग लगा दी। बीच बाजार में इस घटना से अफरा–तफरी मच गई। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आग पर काबू पाया। प्रारंभिक जांच में बाइक में शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई जा रही है।

### युवक की डूबने से मौत

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** शुक्रवार की देर शाम बौंडी क्षेत्र के हाथीचक गांव में मैला ताल में एक युवक का शव उतराता मिला। शव की शिनाख्त हरदी थाना क्षेत्र के भिरवा गांव के सन्तोष (18) के रूप में हुई। मृतक के पिता शंकर ने बताया कि उनका बेटा दोपहर शौच के लिए मैला तालाब की ओर गया था और लापता था जिसकी तलाश की जा रही थी। एसओ बौंडी टी एन मौर्य ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई शुरू की है।

# लार्ड बुद्धा पीजी कॉलेज में एनसीसी कैडेट्स छात्राओं को लैपटॉप वितरित

**छात्राओं व अभिभावकों के चेहरे प्रसन्नता से खिले**

समृद्धि न्यूज



**रूपईडीहा, बहराइच।** स्थानीय लार्ड बुद्धा स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सभागार में डिजीशक्ति योजना के अंतर्गत छात्राओं विशेष कर एनसीसी कैडेट्स को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से लैपटॉप एवं टैबलेट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कर्नल ए.पी.एस. पटवाल (कमांडिंग ऑफिसर 51 यूपी बटालियन एनसीसी बलरामपुर) तथा विशिष्ट अतिथि संदीप जायसवाल , डॉ हरिश्चन्द्र, डॉ यशपाल सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के दौरान कुल 250 छात्राओं को लैपटॉप वितरित किए गए। जिससे वे उच्च शिक्षा के क्षेत्र में और अधिक प्रगति कर सकें।

इस अवसर पर वक्ताओं ने छात्राओं को लैपटॉप वितरित किया और अपने सम्बोधन में कहा कि सरकार ने वर्तमानकाल की आवश्यकता को देखते हुए सकारात्मक उपयोग के लिए यह डिजिटल उपकरण उपलब्ध कराया है। साथ में वक्ताओं ने सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी। कॉलेज प्रबंधन के डॉ असीम शुक्ला, डॉ तारिक ने सरकार द्वारा चलाई जा रही इस योजना की सराहना करते हुए इसे छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य हेतु एक महत्वपूर्ण कदम बताया। इस अवसर समाज के विभिन्न क्षेत्रों के विशिष्ट जन एवं सैकड़ों अभिभावक एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

# डीएम व एसपी ने निरीक्षण में बंदियों को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जाना



समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह के साथ जिला कारागार का निरीक्षण कर कारागार प्रशासन द्वारा बन्दियों को मुहैय्या करायी जा रही सुविधाओं व कारागार की साफ-सफाई इत्यादि व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

कारागार के निरीक्षण के दौरान डीएम व एसपीं ने पाकशाला, कारागार चिकित्सालय सहित अन्य बैरकों का निरीक्षण कर जायज़ा लिया। निरीक्षण के दौरान उच्चाधिकारियों द्वारा कारागार की व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए बन्दियों को शासन द्वारा अनुमन्य सुविधाएं मुहैय्या कराए जाने तथा साफ-सफाई के स्तर को बनाएं रखने का निर्देश कारागार प्रशासन को दिया गया। इस अवसर पर जेलर प्रभारी कारागार अधीक्षक अजय कुमार झा, डिप्टी जेलर अंकित कुमार व रंजीत कुमार सिंह, डॉ अनिल कुमार वर्मा व अन्य संबंधित मौजूद रहें।

# विवेचनाओं की स्थिति की एएसपी ने की समीक्षा, दिये निर्देश

समृद्धि न्यूज

**विवेचनाओं की स्थिति की समीक्षा, शांति पूर्ण तरीके से त्योहारों को संपन्न कराने के दिए निर्देश**

**बहराइच।** शनिवार को अपर पुलिस नगर अधीक्षक रामानन्द कुशवाहा ने थाना रिसिया के विवेचकों का अर्दली रूम कर विवेचनाओं की स्थिति की समीक्षा की तथा लंबित विवेचनाओं के त्वरित/गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही शेष अभियोगो का शीघ्र अनावरण कर बरामदगी/गिरफ्तारी करने के साथ, चार पहिया वाहन/दो पहिया वाहन, बिना हेलमेट, तीन सवारी, बिना नंबर प्लेट, बिना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट व प्रेसर हॉर्न आदि नियमविरुद्ध चल रहे वाहनों का सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत चालान करने के लिए निर्देशित किया।

ई-रिक्शा सत्यापन, किरायेदारों के सत्यापन के सम्बन्ध में विशेष निर्देश दिये। आगामी त्योहार गणेश पूजा, गणेश प्रतिमा विसर्जन और बारावफात पर जनपद में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत गणेश प्रतिमा स्थापित करने वाले व्यवस्थापक, समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, वालेंटियर व डीजे संचालकों के साथ वार्ता कर शांति पूर्ण तरीके से त्योहार को संपन्न कराने हेतु अवश्य दिशा निर्देश दिये। किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए रोड से उचित दूरी बना के पंडाल को स्थापित किये जाने, आग लगने के स्थिति से बचने के लिए फायर एक्सटिंग्विशर का उपयोग, मूर्ति सुरक्षा और शांति व्यवस्था पर नजर रखने के लिए सीसीटीवी लगाने के लिए बताया गया। डीजे संचालकों से वार्ता कर शासन द्वारा मानक के अनुरूप ही डीजे बजाने व ध्वनि तीव्रता नियमानुसार रखने तथा किसी भी व्यक्ति, समुदाय के सम्मान को ठेस पहुंचाने सम्बन्धित गाने न बजाने हेतु बताया गया। विसर्जन मार्ग का पहले से ही निरीक्षण कर किसी भी प्रकार की समस्या होने पर संबंधित से वार्ता कर अतिशीघ्र समाधान कराए जाने के लिए निर्देशित किया।

# त्यौहारों के दृष्टिगत चप्पे-चप्पे पर होगी पुलिस व प्रशासन की नजर




समृद्धि न्यूज

**गणेश प्रतिमा विसर्जन व बारावफात को लेकर डीएम-एसपी ने की बैठक**

**गोण्डा।** आगामी आयोजित होने वाले गणेश प्रतिमा विसर्जन, बारावफात एवं अन्य त्योहारों को लेकर तैयारियां शुरू हो चुकी है। जहां लोग त्योहार को लेकर उत्साहित हैं।

वहीं पुलिस और प्रशासन ने भी कमर कस ली है। इसी के तहत त्योहार पर शांति व्यवस्था व आपसी सौहार्द बनाए रखने के उद्देश्य से शुक्रवार को जिला पंचायत सभागार में सेंट्रल पीस कमेटी की मीटिंग की गई। बैठक जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल, अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी एवं पूर्वी तथा समस्त उपजिलाधिकारीगण एवं पुलिस क्षेत्राधिकारीगण व सभी थानाध्यक्षगण, सभी धर्मों के धर्मगुरू और संभ्रांत नागरिकगण मौजूद रहे।

जिलाधिकारी ने बैठक में मौजूद सभी धर्मगुरुओं और संभ्रांत नागरिकों के साथ संवाद करते हुए उन्हें आगामी गणेश प्रतिमा विसर्जन, बारावफात एवं अन्य त्योहारों को शांति पूर्वक मनाने और किसी भी व्यक्ति की धार्मिक भावनाओं को ठेस न पहुंचाने के बारे में समझाया गया। पुलिस अधिकारियों द्वारा बताया गया कि यदि कोई भी व्यक्ति धार्मिक भावनाएं भड़काने या दुष्प्रचार करने का प्रयास करेगा, तो उसके विरुद्ध कड़ी से कड़ी वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। सभी लोगों से अपील करते हुए उन्हें समझाया गया कि वह किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। साथ ही किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तुरंत पुलिस एवं प्रशासन को सूचना दें। जिससे शांति व्यवस्था बनी रहे और सभी लोग त्योहार को शांति पूर्व ढंग से मना सके। इसके अलावा उन्होंने कहा कि युवा या अन्य कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया पर इस प्रकार की पोस्ट ना करें जिससे कि आपसी माहौल बिगड़े। बैठक में अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी एवं पश्चिमी, समस्त उप जिलाधिकारी, समस्त पुलिस क्षेत्राधिकारी, समस्त थानाध्यक्ष सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सम्राट अशोक का अपमान भारत राष्ट्र के अपमान के बराबर

समृद्धि न्यूज






**गोंडा।** सम्राट अशोक महान भारत की आन-बान-शान के प्रतीक थे और हैं। भारत के मान,सम्मान, स्वाभिमान और गौरव, गरिमा की पहचान हैं सम्राट अशोक। उनका अपमान भारत राष्ट्र का अपमान है। भारत का प्रत्येक नागरिक सम्राट अशोक के अपमान को अपना अपमान समझता है। ऐसे महान व्यक्तित्व और कृतित्व के सम्राट का अपमान राष्ट्र द्रोह की श्रेणी में आता है और ऐसे अपराधी पर राष्ट्र द्रोह का केस बनता है। ऐसा राष्ट्र द्रोह का कार्य रायबरेली जनपद के सलोन थाने के निवासी आशीष तिवारी ने किया है। सम्राट अशोक का अपमान भारतीय संविधान का अपमान है।

संविधान से ही भारत की गौरव गरिमा की पहचान है जिसमें राष्ट्र चिह्न अशोक की लाट, सिक्कों, नोटों, वाटर मार्क पर अंकित है राष्ट्राध्यक्ष के सिंहासन के ऊपर अशोक चक्र बना है। रक्षा-सुरक्षा विभाग में वर्दी, कैप और बेल्ट पर अशोक की लाट स्थापित है और भारत रत्न सर्वोच्च सम्मान में भी अंकित है। ऐसे राष्ट्र के सम्मान का अपमान किया है आशीष तिवारी ने। उक्त विचार ज्ञापन देते समय मास के राष्ट्रीय संगठक ए.के.नन्द ने व्यक्त किया। *सम्राट अशोक जन्मोत्सव समिति* के अध्यक्ष राजकिशोर मौर्य ने कहा कि सम्राट अशोक का अपमान भारत में समता, स्वतन्त्रता, बन्धुता, मैत्री और न्याय में विश्वास करने वाले प्रत्येक नागरिक का अपमान है जिसे कोई भी सभ्य समाज का नागरिक बर्दाश्त नहीं करेगा। सम्राट के सम्मान में पिछड़ा वर्ग मैदान में तब तक डटा रहेगा जब तक ऐसे कृत्य करने वाले को राष्ट्र द्रोह का अपराधी घोषित नहीं कर दिया जाता। ज्ञापन देते समय सैकड़ों की तादाद में एक बड़ा जन समूह जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन कर रहा था। ज्ञापन देने वालों एडवोकेट दिनेश कुमार मौर्य, जगत नारायण मौर्य, घनश्याम मौर्य, काशीराम मौर्य, टीएन मौर्य, राम नरेश मौर्य, राम बरन मौर्य,दीपक मौर्य सहित बहुत बड़ी संख्याबल के साथ उपस्थित थे।

**गुत्थी** — 10 माह पूर्व इसी कांड को लेकर संजय गुप्ता को किया गया था लाइन हाजिर

# इंस्पेक्टर राजेश भी नहीं कर सके ब्लाइंड मर्डर का खुलासा

नरेंद्र लाल गुप्ता



**कटरा बाजार/गोंडा।** यहां यदि यह कहा जाए की जेकर पियवा चाहे वही के सुहागन नाम तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी क्योंकि कटरा बाजार थाने के अंतर्गत 10 माह पूर्व एक ब्लाइंड मर्डर का खुलासा ना कर पाने के आरोप में मात्र एक महीना के अंदर संजय गुप्ता को वहां से लाइन हाजिर कर दिया गया।

उनके जगह पर पुलिस अधीक्षक के विश्वसनीय इंस्पेक्टर राजेश सिंह को खुलासे के लिए भेजा गया किंतु कटरा बाजार थाना क्षेत्र के मंशापुरवा के निकट अज्ञात युवती की गला काटकर हत्या मामले में पुलिस अब तक खुलासा करना तो दूर घटना के लगभग 10 माह बाद तक शिनाख्त तक नहीं करा सकी है। बीते छह अक्टूबर 2024 को करीब 20 वर्षीय युवती की बोरे में भरी लाश मिली थी। धारदार हथियार से गला काटकर की गई इस निर्मम हत्या ने इलाके में सनसनी फैला दी थी। इस ब्लाइंड मर्डर को लेकर अब इलाके में तरह तरह की चर्चाए जोर पकड़ रही है वहीं पुलिस की नाकामी से थाने के जिम्मेदारों की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। इस मामले में पुलिस की ढुलमुल कार्रवाई के चलते तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार गुप्ता को एसपी विनीत जायसवाल ने लाइन हाजिर कर दिया था।

उनकी जगह पांच नवंबर को एसपी विनीत जायसवाल के काफी भरोसेमंद और तेज तर्रार माने जाने वाले राजेश सिंह को थाने की कमान सौंपी गई। लेकिन थाने का प्रभार संभालने के दस महीने बाद भी राजेश सिंह को भी कोई सफलता हाथ नहीं लगी है। इस असफलता से न केवल पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं, बल्कि एसपी के फैसले पर भी चर्चाएं शुरू हो गई हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस ने गंभीरता से जांच नहीं की। कई संदिग्धों से पूछताछ के बावजूद कोई ठोस सुराग नहीं मिला।

इस ब्लाइंड मर्डर के खुलासे में देरी से जनता में असंतोष बढ़ रहा है, और पुलिस की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। बताया जा रहा है कि घटना के दिन बाजार जा रहे लोगों ने सड़क किनारे पड़े बोरे पर खून के धब्बे देखे, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।

पुलिस ने बोरे से शव निकाला, जिसमें एक युवती का शव था, जिसके गले पर गहरे घाव थे। शव का 72 घंटे बाद पोस्टमार्टम कराये जाने पर भी उंगलियां उठ रही हैं। सूत्रों के मुताबिक युवती से दुष्कर्म की आशंका जताई जा रही थी। बहुचर्चित ब्लाईंड मर्डर कांड के दस महीने बीतने के बाद भी कटरा बाजार थाने की पुलिस अभी तक खाली हाथ है। वहीं इंस्पेक्टर राजेश सिंह को थाने की जिम्मेदारी संभाले दस महीने बीत चुके हैं लेकिन घटना का खुलासा तो दूर युवती के शव की शिनाख्त तक नहीं करा सके हैं।

## 45 घंटे बाद 200 मीटर दूर मिला बच्चे का शव

**बहराइच।** कतर्नियाघाट वन रेंज में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। आम्बा गांव में बुधवार शाम को 14 वर्षीय अनिल अपनी चाची के साथ गेरुआ नदी किनारे खेत में काम कर रहा था। इसी दौरान एक मगरमच्छ ने उसे दबोचकर नदी में खींच लिया। घटना के बाद पुलिस और वन विभाग की टीम ने स्टीमर से शव की तलाश शुरू की।

गुरुवार को एनडीआरएफ, एसएसबी और पुलिस की टीम ने भी खोजबीन में मदद की। लेकिन शव नहीं मिल सका। शुक्रवार दोपहर 3 बजे ग्रामीणों को घटनास्थल से करीब 200 मीटर दूर नदी में शव तैरता दिखा। ग्रामीणों ने बांस की मदद से शव को बाहर निकाला। सूचना मिलते ही वन विभाग और पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई। सुजौली थाना प्रभारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। प्रशासन ने मृतक के परिजनों को जल्द ही आर्थिक सहायता देने का आश्वासन दिया है।

## खबरें एक नजर में

### सुगम हो यातायात, किए जा रहे हैं प्रयास

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** रायबरेली में यातायात पुलिस की बड़ी कार्रवाई, दर्जनों ट्रक चालान, 5 ट्रक सीज किए गए। शहर में लगातार बढ़ती यातायात समस्याओं और शिकायतों को संज्ञान में लेते हुए पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह के निर्देशन में यातायात विभाग ने सख्त कार्रवाई की है। यातायात प्रभारी इंस्पेक्टर इंद्रपाल सिंह सेंगर ने अपनी टीम के साथ मिलकर शनिवार को विशेष अभियान चलाया। अभियान के दौरान दो दर्जन से अधिक ट्रकों को, जो अवैध रूप से सड़कों पर खड़े थे, उठाकर लोकल थाने में चालान किया गया। वहीं, 5 ट्रकों को सीज करने की प्रक्रिया भी पूरी की गई। इस कार्रवाई से शहरवासियों को लंबे समय से हो रही जाम की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद है। ट्रैफिक इंस्पेक्टर इंद्रपाल सिंह सेंगर ने कहा कि सड़क पर अव्यवस्था फैलाने वालों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा। यातायात पुलिस का यह कदम लोगों की सुरक्षा और सुगम यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने की दिशा में एक अहम पहल माना जा रहा है।

### बंदर के हमले से किसान की मौत, परिवार में कोहराम

**खीरों, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** खेत पर गए किसान की बंदर के हमले से मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल किसान को सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान देर रात उसने दम तोड़ दिया। अचानक हुई इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया। शुक्रवार की दोपहर करीब तीन बजे सेहरामऊ मजरे बनईमऊ निवासी श्रीकृष्ण (67) पुत्र रामजियावन अपनी बेटी मिलन के साथ खेत पर गए थे। तभी वहां अचानक बंदर ने हमला कर श्रीकृष्ण को काट लिया। हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। बेटी के शोर मचाने पर मौके पर पहुंचे ग्रामीण उन्हें आनन-फानन में सीएचसी खीरों ले गए। हालत नाजुक देख डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जहां देर रात उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतक श्रीकृष्ण की किसानी से ही परिवार का गुजर-बसर होता था। उनकी मौत के बाद पत्नी बिटान (60), बेटियां सुमन (28), किरन (25) और मिलन (22) का रो-रोकर बुरा हाल है। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। घटना की जांच की जा रही है।

### चोरी की बियर व नगदी के साथ एक गिरफ्तार




**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** भदोखर थाना क्षेत्र के खानपुर रोड स्थित एक शराब व बियर की दुकान से 26 अगस्त को अज्ञात चोरों ने बियर की बोतलें और नगदी चोरी कर ली थी। मामले में थाना भदोखर पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए शनिवार को आरोपी अमीन पुत्र समीम निवासी पुरुषोत्तमपुर करीर, थाना भदोखर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से चोरी की 07 बियर की बोतलें और 860 रुपये नगद बरामद किए गए हैं। थाना प्रभारी के अनुसार अभियुक्त के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक गौरव कुमार, सिपाही सुमित कुमार व सुनील सिंह शामिल रहे।

### 50 ग्राम स्मैक के साथ एक गिरफ्तार

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद में बढ़ते अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाने एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान में शनिवार को क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना बाजार शुक्ल पुलिस द्वारा क्षेत्र में चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त राजू उपाध्याय उर्फ रवीन्द्र पुत्र सहदेव उपाध्याय उर्फ विरला निवासी ग्राम पूरे दीनापाठक मजरे सिन्दुरवा थाना कमरौली को गिरफ्तार किया गया है। तलाशी से अभियुक्त के कब्जे से 50 ग्राम स्मैक बरामद हुआ है। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना बाजार शुक्ल पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### विवेकानन्द यूथ एवार्ड के लिए आवेदन पांच सितम्बर तक

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जिला युवा कल्याण एवं प्रा0वि0द0 अधिकारी मयंक पटेल ने बताया कि युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 25-26 में विवेकानन्द यूथ एवार्ड व्यक्तिगत श्रेणी के अन्तर्गत युवाओं को विस्तृत गाइडलाइन के अनुसार राष्ट्रीय विकास एवं सामाजिक सेवा के क्षेत्र यथा-खेलकूद, सामाजिक वृक्षारोपण, परिवार कल्याण, अल्प बचत, रक्तदान, नशामुक्ति, जल संरक्षण, पुस्तकालय एवं वाचनालय की स्थापना एवं संचालन, जैविक खेती, सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापना, स्वच्छ कार्यक्रम, राष्ट्रीय एकीकरण, साक्षरता, आपदा प्रबन्धन, मतदाता जागरुकता, स्वास्थ्य, अनुसंधान कला, संस्कृति और साहित्य, मानव अधिकारों का बढ़ावा देना, पर्यटन, पारम्परिक चिकित्सा, सक्रिय नागरिकता, सामुदायिक सेवा हो को राज्य सरकार द्वारा व्यक्तिगत श्रेणी का विवेकानन्द यूथ एवार्ड प्रदान किया जायेगा। इस क्रम में उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 25-26 में विवेकानन्द यूथ एवार्ड व्यक्तिगत श्रेणी हेतु एक अप्रैल 22 से 31 मार्च 25 तक किये गये कार्यों के आधार पर व्यक्तिगत श्रेणी के इच्छुक युवा आवेदन पत्र/प्रस्ताव सम्बन्धित विकास खण्ड के क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रा0वि0द0 अधिकारी के माध्यम से 5 सितम्बर तक जनपद के कार्यालय जिला युवा कल्याण एवं प्रा0वि0द0 अधिकारी के कक्ष संख्या-60 में जमा कर सकते है।

### एसपी ने बीटबुक कार्यप्रणाली शीर्षक पर दी जानकारी

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** शनिवार को पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में चल रहे पुलिस आरक्षी प्रशिक्षण में प्रशिक्षणरत आरक्षियों को बीटबुक कार्यप्रणाली शीर्षक पर विशेष क्लास में लेक्चर दिया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रशिक्षणरत आरक्षियों को बीट प्रणाली के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई एवं बताया गया कि बीटबुक, पुलिस कार्यप्रणाली का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है जिसके तहत प्रत्येक बीट अधिकारी नियमित रूप से अपने-अपने बीट में भ्रमण करता है, हिस्ट्रीशीटरों, क्षेत्र के अपराधियों की प्रभावी निगरानी, सम्भ्रान्त व्यक्तियों व पुलिस मित्र से समन्वय स्थापित कर अपनी बीट पुस्तिका में उक्त जानकारी को अद्यावधिक रखता है जिसके माध्यम से बेहतर पुलिसिंग व अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण किया जाता है। तदोपरान्त पुलिस लाइन परिसर में स्थित जिम का निरीक्षण कर संबन्धित को आवश्यक निर्देश दिए गए। इस दौरान क्षेत्राधिकारी गौरीगंज अखिलेश वर्मा, प्रतिसार निरीक्षक अमेठी व अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### वायरल बुखार व डेंगू रिपोर्ट पॉजिटिव आने से बढ़ी लोगों की चिंताएं

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जनपद के विकास खण्ड बाजार शुक्ल के अंतर्गत क़स्बा क्षेत्र में कई दिनों से सैकड़ों लोग तेज बुखार और डेंगू के चपेट में आए हैं। क्षेत्र में डेंगू की पुष्टि होने के बावजूद भी स्वास्थ्य विभाग द्वारा ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। जिसमे क्षेत्र के तमाम लोग प्राइवेट अस्पताल में इलाज करवा रहे हैं,जिसमे दो दर्जन से अधिक लोगों की रिपोर्ट डेंगू पॉजिटिव आई है। इन लोगों की हालत गंभीर होने पर प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्थानीय लोगों ने लोगों ने सरकारी तंत्र पर सवाल खड़े किये हैं। यही मरीज सीएचसी की जांच रिपोर्ट में डेंगू नेगेटिव आए थे, प्राइवेट अस्पतालों में उन्हीं मरीजों की रिपोर्ट पॉजिटिव आ रही है। लोगों का आरोप है कि सरकारी रिपोर्ट गलत आ रही है, सीएचसी में नहीं है आईवी सेट और भर्ती मरीजो को लिखी जा रही हैं बाहर की दवा और कराई जा रही बाहर की जांच। लोगों ने सरकारी अस्पताल और मोहल्ले में फोगिंग की मांग की है। लेकिन प्रशासन की ओर से स्वास्थ्य कर्मी कोई ठोस कदम उठाते नहीं नजर आ रहे हैं। कई इलाकों में तो वायरल बुखार से पीड़ित मरीजों की संख्या में वृद्धि हुई है, प्रशासन द्वारा फॉगिंग या साफ-सफाई को लेकर कोई ठोस कदम न उठाए जाने से क्षेत्रीय लोगों में रोष जताया है।

# बिल्डिंग हुई जर्जर, नहीं मिल रहा गोदाम

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



**खाद के लिए मचा त्राहिमाम**

डलमऊ क्षेत्र के जोहवा नटकी गांव में खाद्य भंडारण गृह पूरी तरह से जर्जर हो चुका है नई बिल्डिंग ना मिलने के कारण खाद की खेप नहीं आ पा रही है धान की खेती के सबसे महत्वपूर्ण समय चल रहा है बिल्डिंग जर्जर होने की अवस्था में खाद का भंडारण नहीं हो पा रहा है ऐसी स्थिति में किसानों को खाद की उपलब्धता नहीं हो पा रही है किसी तरह समिति के सचिव भवन किराए में लेकर खाद का वितरण कर रहा था लेकिन अब मकान मालिक ने भवन किराए पर देने से मना कर दिया गोदाम की व्यवस्था न होने से खाद की खेप नहीं आ पा रही है। जिसके कारण जरूरतमंद किसानों को खाद के लिए दर-दर भटकने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है कड़ी मशक्कत के बाद भी किसानों को पर्याप्त मात्रा में डीएपी एवं यूरिया नहीं मिल पा रही है खाद की किल्लत को लेकर अभी हाल ही में एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ था जिसमें किसान द्वारा अनूठे ढंग से विरोध करते हुए कड़ी मशक्कत के बाद मिली खाद की बोरी की अगरबत्ती जलाकर पूजा अर्चना की जा रही थी इसके बाद जिले के अधिकारियों में हलचल मच गई थी जोहवा नटकी गांव में कई दशकों पूर्व किसानों की सुविधा के लिए खाद भंडारण भवन का निर्माण कराया गया था जो अब पूरी तरह से जर्जर हो चुका है बिल्डिंग की हालत इतनी बुरी है कि छत का प्लास्टर पूरी तरह से गिर चुका है और उसमें बड़ी सरिया बाहर दिखाई पड़ रही है बारिश के समय छत से पानी टपकता है बिल्डिंग की अवस्था देखकर लगता है कि यह कभी भी धरासाई हो सकती है खंडहर के रूप में तब्दील हो चुकी इस बिल्डिंग को कई बार किसानों एवं जनप्रतिनिधियों ने उच्च अधिकारियों से भवन निर्माण की मांग की लेकिन जिम्मेदारों ने भवन निर्माण के लिए कोई कदम नहीं उठाया। समिति के सचिव संजय कुमार ने बताया कि बिल्डिंग निर्माण के लिए कई बार क्षेत्रीय ब्लॉक प्रमुख एवं प्रधान से कहा गया लेकिन हर बार बजट न होने का हवाला दिया जाता है उच्च अधिकारियों को प्रस्ताव बनाकर भेजा जाएगा।

## गणेश चतुर्थी व बारावफात को लेकर एसडीएम ने कोतवाली में की बैठक




**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

आगामी त्यौहारों को देखते हुए महराजगंज कोतवाली मे एसडीएम गौतम सिंह के नेतृत्व में पीस कमेटी की बैठक की गई बैठक में क्षेत्र के सम्मानित एवं जनप्रतिनिधियों सहित धर्मगुरु शामिल हुए।

एसडीएम गौतम सिंह ने कहा कि आने वाले समय में गणेश चतुर्थी व बारावफात के त्यौहार पडते हैं अतः आप सभी शांतिपूर्वक त्यौहार को संपन्न करें जहां कहीं भी आपको अराजकता दिखती हो मुझे एवं सीओ साहब को सूचित करें। आपकी सुरक्षा और आपके त्यौहार अच्छे ढंग से हो इसके लिए शासन द्वारा हर तरह का सहयोग किया जा रहा है आप लोग भी सहयोग करेंगे तो शांति व्यवस्था बनी रहेगी और हमारा पहला कर्तव्य भी होना चाहिए की शांति व्यवस्था बनी रहे और कहीं पर भी अशांति अगर दिखाई पड़ी तो उस पर कानूनी कार्यवाही की जाएगी इस मौक़े पर सीओप्रदीप कुमार कोतवाल जगदीश यादव सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूदरहे।

## सिलेंडर चोरी का आरोपी गिरफ्तार नकदी व सिलेंडर बरामद

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो ने पुलिस की बड़ी कार्रवाई का रास्ता आसान कर दिया। वीडियो में रात के अंधेरे में एक युवक बास्तेपुर स्थित एक घर से गैस सिलेंडर चोरी करते हुए नज़र आया था। इस मामले में वादी पवन कुमार की तहरीर पर थाना कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया था।

फोटो और वीडियो के आधार पर पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए आरोपी की तलाश शुरू की। इसी क्रम में पुलिस ने राहुल कुमार पुत्र भगवानदीन निवासी मालिक मऊ को गिरफ्तार कर लिया। उसकी गिरफ्तारी के दौरान पुलिस को उसके पास से चोरी किया गया सिलेंडर और नगदी रकम बरामद हुई। पुलिस जांच में सामने आया कि राहुल कुमार के खिलाफ थाना कोतवाली और थाना मिल एरिया में आर्म्स एक्ट तथा गैंगस्टर अधिनियम के तहत कई मुकदमे पहले से पंजीकृत हैं।

## बजरंग दल व गोरक्षा प्रमुख ने घायल बंदर का करवाया इलाज



**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** कस्बे से सटी पाली ग्राम पंचायत मे महराजगंज हैदरगढ़ मार्ग पर एक बंदर को चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दिया। जिसमें बंदर गंभीर रूप से घायल हो गया था जिसे लेकर अस्पताल पहुंचाया गया। बजरंग दल जिला गौ रक्षा प्रमुख संतोष कुमार मौर्य अनुराग सिंह रामपाल मौर्य शिवबरन मौर्य अरविंद गौतम ने घायल बंदर को पशु चिकित्सा केंद्र महराजगंज ने पहुंचाया जहां पर डॉक्टरों ने उसका इलाज किया।

## राहुल गांधी के खिलाफ युवक ने किया अभद्र भाषा का प्रयोग, कांग्रेसियों ने सीओ को दिया ज्ञापन

**महराजगंज रायबरेली**




ब्लॉक अध्यक्ष महराजगंज कांग्रेस के नेतृत्व मे कांग्रेसियों ने महराजगंज सीओ प्रदीप कुमार को दिया ज्ञापन और कार्यवाही की मांग। ज्ञापन में बताया कि मनीष दीक्षित पुत्र नंदकुमार दीक्षित निवासी ग्राम हसनपुर तहसील महराजगंज जिला रायबरेली के द्वारा नेता प्रतिपक्ष एवं सांसद राहुल गांधी को दिनांक 29,8,25 को सुबह 10~30 बजे लाइव आकर अपशब्दों के साथ गाली गलौज किया तथा अभद्र भाषा का प्रयोग किया उसके बाद कांग्रेस जनों को भी अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया । कांग्रेसियों ने ज्ञापन में बताया कि कांग्रेस जनों व आम जनमानस की भावनाएं आहत हुई है एवं कांग्रेस जनों में बहुत ही आक्रोश है कार्यवाही करते हुए सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया जाए। अन्यथा की स्थिति में न्याय न मिलने पर हम कांग्रेस जनों को धरना प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष सच्चिदानंद त्रिपाठी हौसिला प्रसाद तिवारी गया प्रसाद चौरसिया अंकुर जायसवाल भगवानदीन फौजी प्रिन्सू वैश्य इम्तियाज अहमद सुनील राय हनोमान राजकरन सिंह जीतू शुक्ला रामचंद्र सिंह राजेश कुमार मोहम्मद साहिल आदि मौजूद रहे।

## पुलिस अधीक्षक ने की जनसुनवाई



**समृद्धि न्यूज़ अमेठी।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय गौरीगंज में शनिवार को जनपद पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक द्वारा जनसुनवाई की गयी। जनसुनवाई के दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों की शिकायतों को पुलिस अधीक्षक द्वारा सुना गया तथा उनकी शिकायतों के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबन्धित अधिकारियों को आवश्यक आदेश दिये गए।

## मेजर ध्यानचन्द के जन्मदिवस पर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने दिखाया दमखम

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**



जिला खेल कार्यालय के उपक्रीड़ाधिकारी शमीम अहमद ने बताया कि मेजर ध्यानचन्द के जन्मदिवस 29 अगस्त पर राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को जनपद के डॉ भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिता के दूसरे दिन जूनियर बालक, बालिका वर्ग एथलेटिक्स प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल एवं उपक्रीड़ाधिकारी शमीम अहमद व मो मोसर्रफ खॉ ने मेजर ध्यानचन्द की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। उक्त आयोजित एथलेटिक्स खेल प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त करने वाले क्रमशः बालक वर्ग में 100 मी में अरून, मो दानिश, चन्दन यादव एवं 200 मी में चन्दन यादव, अंश मलिक, विकास गुप्ता तथा 400 मी में आदित्य, दीपांकर, विवेक व गोला फेंक में आदित्य मौर्य, उपेन्द्र सिंह, रविकान्त यादव एवं चक्का फेंक में आदित्य मौर्य, अभिषेक सिंह, जय सिंह ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर जीवन रक्षक राम आसरे यादव, कनिष्ठ सहायक शिव कुमार मौर्य, अंशकालिक मानदेय प्रशिक्षक मो आरिफ, मोना सिन्हा, लबली तिवारी, आरती सिंह सहित अन्य समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

## महिला व उसकी बेटी से बर्बरतापूर्ण मारपीट

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**



जनपद के थाना क्षेत्र रामगंज के अंतर्गत सोनारी के मोथाही गांव से मां और बेटी के साथ बर्बरतापूर्वक मारपीट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। हालांकि समृद्धि न्यूज़ इसकी पुष्टि नहीं करता। वायरल वीडियो में साफ़ दिखाई दे रहा है कि एक महिला और उसकी बेटी के साथ बेरहमी से मारपीट की जा रही है।

मारपीट इतनी बर्बरता से की जा रही है कि महिला और बेटी के कपड़े तक फट गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है कि यह घटना 28 अगस्त की है। घटना के समय पीड़ित महिला के दोनों बेटे घर पर मौजूद नहीं थे। दोनों रोजी रोटी के शिलशिले परदेश में हैं।

लोग इस घटना की कड़ी निंदा कर रहे हैं। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और वीडियो की सत्यता की पड़ताल भी शुरू कर दी गई है।

## नहीं रहे उच्च प्राथमिक विद्यालय देना के शिक्षक, शिक्षा जगत में शोक की लहर

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**



बेसिक शिक्षा विभाग में तैनात उच्च प्राथमिक विद्यालय देना के शिक्षक परवेज़ अख्तर अय्यूबी का लंबी बीमारी के चलते शनिवार को निधन हो गया। उनके निधन की खबर से शिक्षा जगत में शोक की लहर दौड़ गई है।

सहकर्मी शिक्षक खुशतर रहमान खां ने बताया कि शिक्षक परवेज़ अख्तर अय्यूबी पिछले दो तीन माह से अस्वस्थ चल रहे थे। शनिवार को लखनऊ के मैक्स अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली। खुशतर रहमान ने भावुक होते हुए कहा, दिन भर साथ रहने वाला साथी आज हम सबको छोड़कर चला गया, यह मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से बहुत बड़ा आघात है। खण्ड शिक्षा अधिकारी परसेंडी ऋषिकेश सिंह ने भी शिक्षक परवेज़ अख्तर अय्यूबी के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए उन्हें शिक्षा के प्रति समर्पित और एक बेहतरीन शिक्षक बताते हुए शोक जताया है। शिक्षक परवेज़ अख्तर अय्यूबी को उनके सरल स्वभाव, खिदमतगार, दीनदार शख्शियत और विद्यार्थियों के प्रति समर्पण के लिए हमेशा याद किया जाएगा। उनके परिवार में पत्नी और बेटियाँ है। शिक्षकों, विद्यार्थियों और स्थानीय समुदाय ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

## सपा ने सांसद आनंद भदौरिया के नेतृत्व में किया चमड़ी उधेड़ विरोध प्रदर्शन

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**



मिश्रिख नगर पालिका परिषद उपचुनाव के दौरान इंस्पेक्टर नीमसार पंकज तिवारी द्वारा पूर्व विधायक अनूप गुप्ता व

व पूर्वमंत्री रामपाल राजवंशी के बीच हुई हाट -टाक से समाजवादी पार्टी में भारी रोस देखा गया था। इसी के चलते कुछ दिन पूर्व समाजवादी पार्टी के नेताओं ने सीतापुर पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर नैमिष इंस्पेक्टर पर कार्यवाही करने की मांग की थी। समाजवादियों का आरोप है कि आश्वासन के बावजूद उनकी अनसुनी की गई ।इसी क्रम में धौरहरा लोकसभा से सपा सांसद आनंद भदौरिया की अगवाई में जिले के कोने-कोने से आए सपाइयों ने विकास भवन स्थित धरना स्थल पर एकत्र होकर चमड़ी उधेड़ विरोध प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर सांसद आनंद भदौरिया ने कहा कि नैमिष इंस्पेक्टर द्वारा समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ की गई अभद्रता हमें अस्वीकार है प्रशासन से बात करने के बावजूद कोई कार्यवाही नहीं हुई है हम लोग महात्मा गांधी व डॉक्टर अंबेडकर के बताए मार्ग पर चलकर अहिंसात्मक विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं उन्होंने कहा कि हम नैमिष इंस्पेक्टर से कहना चाहते हैं कि वह सभी समाजवादियों की चंडी उड़ेधने का कार्य करें इस अवसर पर सपा नेताओं ने पुलिस विरोधी एवं सरकार विरोधी नारे लगाए। साथ ही समाजवादियों ने भाजपा सरकार पर लोकतंत्र के दमन करने का आरोप लगाया वहीं पुलिस विभाग को भाजपा के इशारे पर समाजवादी पार्टी के नेताओं को अपमानित करने का आरोप लगाया सपा नेताओं ने प्रशासन को लिखित पत्र देकर नैमिष इंस्पेक्टर पर कठोर कार्यवाही करने की मांग की। इस अवसर पर विधायक अनिल वर्मा एमएलसी जास्मीर अंसारी पूर्व विधायक झीन बाबू, पूर्व विधायक राधेश्याम जयसवाल, पूर्व विधायक अनूप गुप्ता पूर्व मंत्री नरेंद्र सिंह वर्मा पूर्व मंत्री रामपाल राजवंशी, सपा नेत्री आशुतोष सिंह यादव कस्ता के पूर्व विधायक सुनील लाला, पूर्व विधायक घर गोविंद भार्गव जिला अध्यक्ष छत्रपाल सिंह यादव सहित भारी मात्रा में समाजवादी पार्टी के नेता कार्यकर्ता उपस्थित रहे।।

# गायत्री शक्ति पीठ राठ के तत्वाधान में गोष्ठी आयोजित

▸ कार्यकर्त्ता भाई-बहन जन्म शताब्दी आंदोलन को भव्य व दिव्य बनाने में जुट जाएं

**पनवाड़ी, महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



शांतिकुंज, हरिद्वार के तत्वावधान में स्थानीय गायत्री शक्तिपीठ पर एक विशेष संगोष्ठी सम्पन्न की गयी। दीप प्रज्वलन तथा देव पूजन मुख्य ट्रस्टी श्री नीरज द्विवेदी जी

मुख्य अतिथि एवं शांतिकुंज टोली के नायक श्री नमोनारायण पाण्डेय ने गायत्री परिवार के कार्यकर्त्ता भाई बहिनों से खचा खच भरे सभागार में उदबोधन करते हुए कहा कि युग तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में जगत वंद्य परम वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा के जन्म शताब्दी वर्ष (2026) को दिव्य एवं भव्य बनाने हेतु कार्यकर्त्ता भाई बहिनों को जुट जाना है। प्रज्ञा परिजनों के उत्तर दायित्व तथा उनमें श्रद्धा संवर्धन का भा व जगाते हुए उन्होंने आगे कहा कि प्रत्येक गाँव और नगर के घर- घर में देव परिवारों का निर्माण कराएं तथा गायत्री चेतना की स्थापना के संकल्प हों।

परम पूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा का सन्देश देते हुए उन्होंने कहा कि भारत का उत्थान ही विश्व का उत्थान है के आधार पर जन्म शताब्दी आयोजन राष्ट्र और समाज के नव जागरण क़ी दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। युग निर्माण आंदोलन के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए शांतिकुंज टोली के श्री भास्कर तिवारी ने कहा कि विचार क्रांति, चरित्र निर्माण तथा व्यसन मुक्ति जैसे रचनात्मक प्रयास ही नयी पीढ़ी में राष्ट्र भक्ति, कर्तव्य निष्ठा और जीवन मूल्यो के जागरण का सशक्त माध्यम बन सकते हैं। अब समय आ गया है जब भारत अपने नव जागरण से समूचे विश्व का नवोदय करेगा। देश के प्रत्येक नागरिक को इस महायज्ञ का सहभागी बनना ही होगा। टोली के संगीतज्ञ भाइयों ने इस अवसर पर राष्ट्र के जागरण का समय आ गया, अब युवाओ सृजन का समय आ गया। क्रांति गीत प्रस्तुत कर वातावरण को राष्ट्र भक्ति से ओतप्रोत कर दिया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए जिला समन्वयक पंडित चन्द्र शेखर मिश्र ने वंदनीया माताजी के 99 वें जन्मदिवस पर जनपद के सभी प्रज्ञा पीठों - शक्तिपीठों तथा गायत्री परिवार की समस्त शाखाओं में शांतिकुंज के निर्देशानुसार आगामी दिनांक 20 सितम्बर को प्रातः 5 सायंकाल 5 बजे तक सामूहिक अखंड गायत्री महामंत्र का जप तथा समापन पर दीप महायज्ञ करने हेतु निवेदन किया तथा 21 सितम्बर को पीड़ा - पतन निवारण के अन्तर्गत गायत्री परिजनों, हमारे शुभ चिंतकों एवं स्थानीय समाज सेवी संगठनों के सहयोग से जनपद के किसी एक स्थान पर वृहद रक्तदान शिविर आयोजित करने का संकल्प कराते हुए कहा कि आत्म जागरण के पथ पर अग्रसर होते हुए हम सभी परिजन भारत की चेतना को जागृत करेंगे और इसकी अलौकिक तथा प्रचंड आभा से सम्पूर्ण समाज को नई दिशा दिखाएंगे।

इस अवसर पर कार्यकर्त्ता भाई बहिनों ने जन्म शताब्दी आयोजन के निमित्त बढ़ - चढ़कर अंशदान तथा समयदान के संकल्प लिए। घनश्याम तिवारी जी ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि श्रीप्रकाशअनुरागी जी डॉ पंकज तिवारी जी संतोष विश्वकर्मा जी श्री प्रकाश मिश्रा जी हरिओम राजपूत जी महेश गुप्ता जी मनोज गुप्ता जी मुन्नीलाल गुप्ता जी राहुल नायक जी अंतराम राजपूत जी भूपेंद्र गुप्ता जी राकेश गुप्ता जी सहित शताधिक परिजनों ने प्रतिभाग किया। डॉ. एल एल त्रिपाठी जिला उप समन्यवक गायत्री शक्ति पीठ राठ ने सभी कार्यकर्ताओं को वर्चुअल के माध्यम से संवाद स्थापित किया।

## इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी ने की बाढ़ पीड़ितों की मदद

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**



इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी सीतापुर के तत्वाधान में बाढ़ प्रभावित क्षेत्र रामपुर मथुरा तहसील महमूदाबाद में कटान पीड़ित 150 परिवारों को रेडक्रॉस राज्य शाखा से प्राप्त राहत सामग्री तिरपाल, किचन सेट, मच्छरदानी, स्टोव, मास्क, पल्स ऑक्सीमीटर, सूती कपड़े आदि का वितरण किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन रामानंद कटियार महासचिव इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी राज्य शाखा उत्तर प्रदेश एव क्षेत्रीय विधायक ज्ञान तिवारी द्वारा किया गया। उद्घाटन संबोधन में रमानंद तिवारी जी कहा कि रेडक्रॉस का उदेश्य है मानव सेवा करना इसी क्रम में आज बाढ़ पीड़ित परिवारो को उक्त राहत सामग्री का वितरण किया गया है। साथी ही उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश के प्रत्येक जनपद में ब्लड ग्रुप डायरेक्ट्री बनायी जायेगा जिससे की आपदा के समय जरूरतमंद लोगो को रक्त की पूर्ति हो सके और शीघ्र ही लखनऊ रेडक्रास राज्य शाखा में ब्लड बैंक की स्थापना की जाएगी। विधायक ज्ञान तिवारी ने कहा रेडक्रास का सहयोग प्रशंसीय है जब भी आवश्यकता होती है रेडक्रास आपदा के समय असहायो की मदद करता है। इस दौरान उपजिलाधिकारी बालकृष्ण सिंह, तहसीलदार अनिल कुमार राम , कानूनगो वीरेंद्र सिंह , सभापति संजीव मेहरोत्रा , सचिव ललित श्रीवास्तव, कोआर्डिनेटर रियाज अहमद, सदस्य हसनैन साजिद , ओमकर सिंह शोधार्थी, लेखपाल गौरव सिंह, धर्मेंद्र कुमार , अरुन कुमार सिंह , हिमांशु सिंह आदि लोगो ने सहयोग किया।

## न्याय जैसा हो न्याय

यह सुखद ही है कि देश के सर्वोच्च न्यायालय ने 75 साल का गरिमामय सफर पूरा कर लिया है। संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के प्रयासों में सर्वोच्च न्यायालय की भूमिका को यादगार बनाने के लिये बाकायदा डाक टिकट व सिक्के भी हाल ही में जारी किये गए। लेकिन पिछले दिनों न्यायिक बिरादरी के विभिन्न आयोजनों में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और मुख्य न्यायाधीश ने इस बात पर बल दिया कि समय पर न्याय मिलने से ही न्याय का वास्तविक लक्ष्य पूरा होता है। सभी ने शीघ्र न्याय की जरूरत को स्वीकारते हुए कहा कि 'तारीख पे तारीख' की संस्कृति से तौबा करने का वक्त आ गया है? यही वजह है कि जिला न्यायपालिका के दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि त्वरित न्याय सुनिश्चित करने के लिये अदालतों में स्थगन की संस्कृति को बदलने के प्रयास करने की सख्त जरूरत है। उन्होंने स्वीकारा कि अदालतों में बड़ी संख्या में लंबित मामलों का होना हम सभी के लिये बड़ी चुनौती है। इससे पहले जिला न्यायपालिका के राष्ट्रीय सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी महिलाओं के खिलाफअपराध के मामलों में त्वरित न्याय की आवश्यकता पर बल दिया था ताकि महिलाओं में अपनी सुरक्षा को लेकर भरोसा बढ़ सके। निस्संदेह, हाल के वर्षों में महिलाओं के खिलाफअपराधों में तेजी से वृद्धि हुई है, जिससे हमारे समाजशास्त्री और कानून लागू करवाने वाली विभिन्न एजेंसियां भी हैरान-परेशान हैं। लेकिन यहां विचारणीय प्रश्न यह भी कि जिला स्तर पर न्यायालयों में लंबित मामलों का ग्राफलगातार क्यों बढ़ता जा रहा है। जिला अदालतों में साढ़े चार करोड़ मामलों का लंबित होना हमारी गंभीर चिंता का विषय होना चाहिए। जिसके लिये न्यायिक प्रकिया से जुड़े कामकाज की समीक्षा होनी जरूरी है। वहीं दूसरी ओर विभिन्न मुख्य न्यायाधीशों ने बार-बार निचली अदालतों में न्यायाधीशों की कमी का मुद्दा भी उठाया है। जाहिरा तौर पर संसाधनों की कमी भी न्यायिक प्रक्रिया की गति को प्रभावित करती है। दरअसल, कुछ समाजशास्त्री मानते रहे हैं कि महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराधों की वजह वह जटिल व्यवस्था भी है, जिसके चलते अपराधी बच निकलने का रास्ता निकाल लेते हैं। किसी भी वारदात के बाद आम विमर्श का विषय होता है कि अपराधियों में पुलिस व कानून का भय नहीं रह गया है। कुछ लोग मानते हैं कि सख्त कानून के साथ ही त्वरित न्याय भी अपराधियों पर मनोवैज्ञानिक दबाव बना पाएगा। कोलकाता में एक मेडिकल कालेज के अस्पताल में महिला डॉक्टर से दुष्कर्म व हत्या कांड ने पूरे देश को उद्वेलित किया है। पूरे देश में अपराधियों को शीघ्र व सख्त दंड देने की मांग की जा रही है। यदि पुलिस व जांच एजेंसियां पुख्ता सबूतों के साथ अदालत में पहुंचें तो गंभीर मामलों में आरोप जल्दी सिद्ध हो सकेंगे। यही वजह है कि देश में शीर्ष स्तर पर भी यह धारणा बलवती हो रही है कि विभिन्न हितधारक सामूहिक जिम्मेदारी निभाएं, जिससे उस धारणा को तोड़ा जा सकता है कि न्याय देने वाली प्रणाली तारीख पर तारीख की संस्कृति को बढ़ावा देती है। विश्वास किया जाना चाहिए कि सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना के 75 वर्ष होने पर शीर्ष न्यायिक नेतृत्व लंबित मामलों के निपटारे के लिये नई प्रभावी रणनीति बनाएगा। निर्विवाद रूप से देश के सर्वोच्च न्यायालय ने समय-समय पर ऐसे युगांतरकारी फैसले दिये हैं, जिन्होंने न केवल संवैधानिक मूल्यों की रक्षा की बल्कि महिलाओं-बच्चों व पीड़ित पक्षों को न्याय भी दिलाया है।

# बच्चियों की सुरक्षा, न्यायालय व पर्सनल लॉ : जरूरी है समान नागरिकता

**डॉ. निवेदिता शर्मा**



**एनसीपीसीआर और न्यायपालिका का रुखः बच्चों के अधिकारों की रक्षा के लिए संसद ने राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग बनाया। यही संस्था जब सुप्रीम कोर्ट में पहुंची तो उसकी याचिका को यह कहकर खारिज कर दिया गया कि वह अजनबी है और मामले में उसकी लोकस स्टैंडी नहीं है। यह स्थिति अत्यंत चिंताजनक है। अगर बच्चों की वैधानिक संरक्षक संस्था को ही न्यायपालिका सुनने को तैयार न हो, तो फिर बच्चियों की आवाज कौन उठाएगा? संसद को चाहिए कि वह एनसीपीसीआर को यह अधिकार स्पष्ट रूप से प्रदान करे कि वह सीधे सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालयों में बच्चों के अधिकारों से जुड़े मामलों में हस्तक्षेप कर सके।**

भारत के लोकतांत्रिक ढांचे के सामने इस समय सबसे गंभीर सवाल यह है कि क्या देश की बच्चियों और बच्चों की सुरक्षा उनकी धार्मिक पहचान और पर्सनल लॉ से तय होगी या फिर संविधान और संसद द्वारा बनाए गए कानून सभी पर समान रूप से लागू होंगे। यह सवाल केवल कानूनी तकनीक या न्यायिक व्याख्या तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के भविष्य और राष्ट्र की दिशा तय करने वाला है।

हाल के वर्षों में विभिन्न उच्च न्यायालयों ने मुस्लिम पर्सनल लॉ का हवाला देते हुए यह कहा कि यदि कोई मुस्लिम लड़की यौवन प्राप्त कर चुकी है तो उसका विवाह, भले ही वह 18 वर्ष से कम उम्र की हो, वैध माना जाएगा। इन निर्णयों के पीछे तर्क दिया गया कि शरीयत के अनुसार यौवन विवाह की क्षमता प्रदान करता है। परंतु यह व्याख्या बच्चों के अधिकारों, संसद द्वारा बनाए गए पॉक्सो कानून और संविधान के मूलभूत सिद्धांतों को सीधी चुनौती देती है। संसद ने 2012 में बच्चों को यौन अपराधों से बचाने के लिए पॉक्सो अधिनियम पारित किया। इसमें साफ-साफ परिभाषा दी गई कि 18 वर्ष से कम उम्र का हर व्यक्ति बच्चा है और उसके साथ किसी भी प्रकार का यौन संबंध अपराध है, चाहे वह विवाह के नाम पर ही क्यों न हो। जब अदालतें पर्सनल लॉ के आधार पर इस प्रावधान को दरकिनार करती हैं, तो केवल कानून का उल्लंघन नहीं होता, बल्कि यह एक ऐसी दोहरी व्यवस्था पैदा करता है, जो संविधान की समानता की गारंटी को कमजोर करती है।

संवैधानिक कसौटी और समानता का सवालः संविधान के अनुच्छेद 14 सभी को समानता का अधिकार देते हैं, अनुच्छेद 15(3) महिलाओं और बच्चों को विशेष संरक्षण प्रदान करता है और अनुच्छेद 21 हर नागरिक को गरिमा और जीवन का अधिकार सुनिश्चित करता है। ये अधिकार धर्म या परंपरा पर निर्भर नहीं हैं। जब हिंदू, सिख, ईसाई, बौद्ध या पारसी बच्चियों के लिए विवाह की न्यूनतम आयु 18 वर्ष है, लेकिन मुस्लिम पर्सनल लॉ के तहत इसे 15 या 16 वर्ष में वैध ठहराया जाता है, तो यह नागरिकता की समानता के सिद्धांत पर सीधा आघात है। राष्ट्र तभी ÷एक कानून, एक सुरक्षा÷ की दिशा में आगे बढ़ सकता है, जब सभी बच्चियों को उनकी धार्मिक पहचान से परे समान सुरक्षा मिले। अन्यथा भारत दोहरी व्यवस्था वाला देश बन जाता है, जहाँ एक समुदाय की बेटी को राज्य का संरक्षण मिलता है और दूसरी बेटी उसी उम्र में ÷वैवाहिक बंधन÷ के नाम पर असुरक्षित छोड़ दी जाती है। विधिक ढांचा और न्यायालयों की व्याख्याः देश में बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 और पॉक्सो अधिनियम, 2012 दोनों स्पष्ट रूप से 18 वर्ष की आयु से पहले विवाह और यौन संबंधों को अपराध घोषित करते हैं। इतना ही नहीं, उच्चतम न्यायालय ने 2017 में इंडिपेंडेंट थॉट बनाम यूनियन ऑफ इंडिया के ऐतिहासिक फैसले में कहा कि यदि पत्नी की आयु 18 वर्ष से कम है तो उसके साथ यौन संबंध बलात्कार के समान अपराध होगा। इस फैसले ने परंपरा को बच्चों की सुरक्षा से ऊपर रखने से इनकार किया और संविधान की सर्वोच्चता को स्थापित किया। बावजूद इसके, पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय जैसे कुछ न्यायालयों ने मुस्लिम पर्सनल लॉ का हवाला देकर नाबालिग विवाह को मान्यता दी। वहीं, दिल्ली और केरल उच्च न्यायालय ने साफ कहा कि पॉक्सो सभी व्यक्तिगत कानूनों से ऊपर है। यह विरोधाभास अपने आप में इस आवश्यकता को रेखांकित करता है कि अब सर्वोच्च न्यायालय को संविधान पीठ गठित कर स्पष्ट और सर्वमान्य निर्णय देना चाहिए।

एनसीपीसीआर और न्यायपालिका का रुखः बच्चों के अधिकारों की रक्षा के लिए संसद ने राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) बनाया। यही संस्था जब सुप्रीम कोर्ट में पहुंची तो उसकी याचिका को यह कहकर खारिज कर दिया गया कि वह ÷अजनबी÷ है और मामले में उसकी लोकस स्टैंडी नहीं है। यह स्थिति अत्यंत चिंताजनक है। अगर बच्चों की वैधानिक संरक्षक संस्था को ही न्यायपालिका सुनने को तैयार न हो, तो फिर बच्चियों की आवाज कौन उठाएगा? संसद को चाहिए कि वह एनसीपीसीआर को यह अधिकार स्पष्ट रूप से प्रदान करे कि वह सीधे सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालयों में बच्चों के अधिकारों से जुड़े मामलों में हस्तक्षेप कर सके।

बाल विवाह आज भी सामाजिक चुनौतीः यह प्रश्न अक्सर मुस्लिम पर्सनल लॉ तक सीमित कर दिया जाता है, लेकिन सचाई यह है कि बाल विवाह पूरे देश में एक व्यापक सामाजिक समस्या है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस-5) के अनुसार भारत में 23 प्रतिशत लड़कियां 18 वर्ष से पहले विवाह कर लेती हैं। ग्रामीण इलाकों में यह दर और अधिक है। पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड और असम जैसे राज्यों में बाल विवाह की दर 30 प्रतिशत से ऊपर है। इन आँकड़ों से साफ है कि समस्या किसी एक धर्म या समुदाय की नहीं, बल्कि सामाजिक संरचना और पिछड़ेपन से जुड़ी है। लेकिन जब न्यायालय पर्सनल लॉ के आधार पर बाल विवाह को वैध ठहराते हैं, तो यह सामाजिक समस्या और गहरी हो जाती है। अंतरराष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य और भारत की प्रतिबद्धताः भारत ने संयुक्त राष्ट्र बाल अधिकार संधि (यूएनसीआरसी) पर 1992 में हस्ताक्षर किए। इस संधि के अनुसार 18 वर्ष से कम आयु का हर व्यक्ति बच्चा है और उसकी सुरक्षा सुनिश्चित करना राज्य का दायित्व है। भारत ने सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी-5.3) के तहत 2030 तक बाल विवाह समाप्त करने का संकल्प भी लिया है। महत्वपूर्ण यह है कि कई मुस्लिम-बहुल देशों जैसे इंडोनेशिया, मलेशिया और बांग्लादेश ने विवाह की न्यूनतम आयु 18 वर्ष तय की है। बांग्लादेश ने 2017 में बाल विवाह निषेध अधिनियम लाकर नाबालिग विवाह को अपराध घोषित किया। यह स्पष्ट करता है कि यह धर्म का नहीं, बल्कि बच्चों की सुरक्षा और सामाजिक सुधार का वैश्विक एजेंडा है।

## विचार

# अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का व्यवसायीकरण न हो

**गिरीश्वर मिश्र**



**खास बात यह है कि प्रभावशाली लोग जो कहते हैं वह आज के दौर में बड़ा मायने रखने लगा है। उनका दिया प्रत्यक्ष और परोक्ष संदेश एक पूरी पीढ़ी को प्रभावित करता दिख रहा है। ताजे घटनाक्रम में इससे जुड़े एक मामले में उच्चतम न्यायालय में न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति बागची की पीठ ने केंद्र सरकार से कहा है कि वह पॉडकास्ट जैसे ऑनलाइन शो सहित सोशल मीडिया पर आचरण को विनियमित करने के लिए राष्ट्रीय प्रसारकों और डिजिटल एसोसिएशन के परामर्श से व्यापक दिशा-निर्देश तैयार कर ले आए। उच्चतम न्यायालय ने समय रैना समेत सोशल मीडिया में सक्रिय हास्य कलाकारों के खिलाफ विकलांग व्यक्तियों के बारे में असंवेदनशील चुटकुले बनाकर अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का दुरुपयोग करने के मामले की सुनवाई कर रही थी । सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति कांत ने यह तल्ख टिप्पणी की कि दिव्यांग व्यक्तियों के बारे में असंवेदनशील चुटकुले बनाकर उन्हें मुख्यधारा में लाने का संवैधानिक उद्देश्य पूरी तरह से तहस-नहस कर दिया गया है।**

सार्वजनिक जीवन में शिष्ट आचरण या भद्र व्यवहार की मर्यादाओं का ध्यान रखना जरूरी माना जाता है। संयत व्यवहार और संयम के साथ बर्ताव पर भारतीय समाज में बल दिया जाता रहा है। इससे संवाद और सकारात्मक विचार-विनिमय के लिए अवसर निर्मित होता है। आज परिस्थितियाँ तेज़ी से बदल रही हैं और आधुनिकता के नाम पर उच्छृंखलता की तरफ कदम बढ़ने में देर नहीं लगाती है । संसद तक में इस तरह के दृश्य आए दिन दिख रहे हैं। यह सब अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर होता है जो संविधान द्वारा प्रदत्त एक महत्वपूर्ण अधिकार है। इसमें तनिक भी संदेह नहीं कि लोकतंत्र में नागरिकों की गरिमा की रक्षा के लिए इसका विशेष महत्व है और इसी हर कीमत पर रक्षा होनी ही चाहिए ।

विगत वर्षों में आई डिजिटल क्रांति ने संचार और संवाद का एक नया और चुनौती भरा वातावरण खड़ा कर दिया है। उसके बीच सोशल मीडिया की उभरती सर्वातिक्रामी भूमिका ने अभिव्यक्ति की शक्ति को अत्यंत प्रभावी बना दिया है। उसके साथ कई आर्थिक और नैतिक सवाल भी जुड़ गए हैं। अब तो मीडिया में प्रभावी लोगों (मीडिया इन्फ्लुएंसर्स) की एक नई विशिष्ट श्रेणी ही बन गई है। इनमें से अधिकांश लोग अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अपने नफे के लिए विधिवत व्यवसायीकरण करने में जुट गए हैं। दूसरे शब्दों में वे कमाई करने के लिए अभिव्यक्ति की खूब छूट ले रहे हैं। अपने कार्यक्रमों के दौरान उनके द्वारा की गई टिप्पणियां कई बार भारत के विविधतापूर्ण समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाती भी दिखती हैं। वे लोगों को अखर जाती हैं। उनके शिकारों में अकसर विकलांग, महिलाएं, बच्चे, वरिष्ठ नागरिक और अल्पसंख्यक वर्ग के लोग शामिल रहते हैं।

खास बात यह है कि प्रभावशाली लोग जो कहते हैं वह आज के दौर में बड़ा मायने रखने लगा है। उनका दिया प्रत्यक्ष और परोक्ष संदेश एक पूरी पीढ़ी को प्रभावित करता दिख रहा है। ताजे घटनाक्रम में इससे जुड़े एक मामले में उच्चतम न्यायालय में न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति बागची की पीठ ने केंद्र सरकार से कहा है कि वह पॉडकास्ट जैसे ऑनलाइन शो सहित सोशल मीडिया पर आचरण को विनियमित करने के लिए राष्ट्रीय प्रसारकों और डिजिटल एसोसिएशन के परामर्श से व्यापक दिशा-निर्देश तैयार कर ले आए। उनके अनुसार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और विभिन्न समुदायों के समाज में सम्मान के साथ रहने के समान रूप से महत्वपूर्ण अधिकार के बीच संतुलन बनाये रखने के लिए इन दिशा-निर्देशों को जारी करना बड़ा जरूरी हो गया है। उच्चतम न्यायालय ने समय रैना समेत सोशल मीडिया में सक्रिय हास्य कलाकारों के खिलाफ विकलांग व्यक्तियों के बारे में असंवेदनशील चुटकुले बनाकर ÷अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का दुरुपयोग÷ करने के मामले की सुनवाई कर रही थी । सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति कांत ने यह तल्ख टिप्पणी की कि दिव्यांग व्यक्तियों के बारे में असंवेदनशील चुटकुले बनाकर उन्हें मुख्यधारा में लाने का संवैधानिक उद्देश्य पूरी तरह से तहस-नहस कर दिया गया है। यह सही है कि हास्य हमारे जीवन का एक अभिन्न अंग है, उसे होना भी चाहिए लेकिन उसकी भी हद होती है। हल्केपन से संवेदनशीलता का हनन कदापि नहीं होना चाहिए। इसलिए इस दिशा में जरूरी दिशा-निर्देश इस तरह बनाए जाने की जरूरत है कि उल्लंघन की अवस्था में प्रभावी कारवाई संभव हो सके। जब तक प्रभावी परिणाम नहीं सुनिश्चित किए जाते, लोग अपनी जिम्मेदारी से बच सकते हैं। परिणाम, हुए नुकसान के अनुपात में होने चाहिए। ये सिर्फ ऊपरी तौर पर खानापूरी के लिए औपचारिकता नहीं हो सकते। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर अंकुश नहीं लगना चाहिए परंतु प्रस्तावित दिशा-निर्देश ऐसे जरूर हों जो अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और आहत करने वाले कथन या वक्तव्य के बीच एक स्पष्ट विभाजक रेखा खींच सकें। आवश्यकता है कि सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं को संवेदनशील बनाया जाए। अगर कोई दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करता है तो उसे उसकी जिम्मेदारी भी लेनी होगी। वस्तुतः अभिव्यक्ति कई प्रकार की होती है। इसको मुख्य रूप से तीन मुख्य श्रेणियों- स्वतंत्र अभिव्यक्ति, व्यावसायिक अभिव्यक्ति और निषिद्ध अभिव्यक्ति में विभाजित कर देखा जा सकता है। आजकल के माहौल में व्यावसायिक (कमर्शियल) अभिव्यक्ति और निषिद्ध (प्रोहिबिटेड) अभिव्यक्ति दोनों ही एक जैसी होती जा रही हैं।

## कांग्रेस का दिल तो मुसलमानों के लिए धड़कता है

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

असम की राजनीति में अचानक एक 'लेटर बम' फूटा है। जमीयत-उलेमा-ए-हिंद (ए) के प्रमुख अरशद मदनी ने दावा किया कि उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को एक चिट्ठी लिखी थी। उस चिट्ठी में उन्होंने साफ आग्रह किया था कि हिमंता बिस्वा सरमा को कांग्रेस से टिकट न दिया जाए, क्योंकि वे आरएसएस मानसिकता वाले हैं और असम में आग लगाने का काम कर सकते हैं। वस्तुतः अब इस बयान को सुनते ही राजनीति गरमा उठी है। दरअसल, मदनी के इस कथन ने सीधे-सीधे कांग्रेस की टिकट वितरण प्रक्रिया पर सवाल खड़ा कर दिया। क्या कांग्रेस जैसे राष्ट्रीय दल का टिकट इस तरह धार्मिक संगठनों या मौलवियों की सिफारिशों पर निर्भर करता है? और अगर ऐसा है तो कांग्रेस में मेहनत कर रहे हिंदू कार्यकर्ताओं की स्थिति क्या होगी? ये प्रश्न अचानक पूरे देश की बहस का हिस्सा बन गया है।

अरशद मदनी ने यह बयान किसी सामान्य मौके पर नहीं, बल्कि एक सभा में दिया। उनका यह दावा केवल अतीत का किस्सा नहीं बल्कि वर्तमान की राजनीति पर भी तीखा प्रहार है। भाजपा ने इसे हाथोंहाथ लिया और कांग्रेस पर एक बार फिर मुस्लिम तुष्टिकरण का आरोप लगाया है। वहीं, असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने इस बयान का जवाब उसी तेवर में दिया, जिसके लिए वे जाने जाते हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी पहले ही उन्हें धमकी दे चुके थे और अब मदनी ने चेतावनी दी है। जितनी ज्यादा धमकी दोगे, उतना ही ज्यादा असम के लोग उठ खड़े होंगे और मुकाबला करेंगे। सरमा ने साफ कहा कि वे अवैध रूप से बसे लोगों को बेदखल करना जारी रखेंगे और मूल निवासियों के भूमि अधिकार सुरक्षित करेंगे। उन्होंने मदनी और राहुल गांधी दोनों को असम के लोगों से लड़ने की चुनौती दी और ऐलान किया कि हम उन्हें हरा देंगे। असल में मदनी का यह बयान उस पृष्ठभूमि में आया है जब असम में बेदखली अभियानों पर जमीयत और भाजपा सरकार आमने-सामने हैं। पिछले कुछ महीनों में गोलपाड़ा, धुबरी और नलबाड़ी जिलों में हजारों परिवारों को बेदखल किया गया है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक लगभग 8,000 से ज्यादा परिवार प्रभावित हुए हैं। जमीयत का दावा है कि 50,000 से ज्यादा लोग बेघर हो गए। जमीयत ने राष्ट्रपति और उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश तक को पत्र लिखकर इस अभियान को रोकने की मांग की है। यहां तक कि जमीयत ने प्रभावित परिवारों के लिए अस्थायी आश्रय भी लगाए और राहत सामग्री भी बांटी। असम सरकार का तर्क है कि ये अभियान अवैध कब्जों को हटाने और मूल निवासियों के अधिकार सुरक्षित करने के लिए हैं। मुख्यमंत्री सरमा का कहना है कि बांग्लादेश से आए अवैध घुसपैठिये जमीन पर कब्जा कर रहे हैं और असम की अस्मिता के लिए यह खतरा है। यही कारण है कि वे इसे किसी भी कीमत पर रोकने के पक्ष में नहीं हैं। जमीयत और सरमा सरकार की यह भिड़ंत केवल बेदखली तक सीमित नहीं रही। अरशद मदनी ने जब बेदखली अभियानों की तुलना गााज से की, तो भाजपा ने उनके खिलाफ गिरफ्तारी तक की मांग कर डाली। भाजपा का कहना था कि इस तरह का बयान असमिया जनता की भावनाओं को आहत करता है। सरमा ने भी मदनी और उनके गुटों को irrelevant करार देते हुए कहा कि असम की राजनीति इन्हीं पुराने मजहबी संगठनों की दया पर नहीं चल सकती। यही नहीं, असम की जमीन और पहचान पर हाल में कई विवादास्पद बयान आए। महिला अधिकार कार्यकर्ता और पूर्व योजना आयोग सदस्य सैयदा हामीद ने कहा कि सारी जमीन अल्लाह की है। इस पर सरमा ने कड़ी प्रतिक्रिया जताई और इसे राष्ट्रविरोधी मानसिकता बताया। उन्होंने कहा कि यह अवैध प्रवासियों को वैध ठहराने की कोशिश है। उधर, ऑल असम स्टूडेंट्स यूनियन (आसू) ने भी अवैध प्रवास और सीएए-एनआरसी जैसे मुद्दों को लेकर बड़ा आंदोलन खड़ा करने की घोषणा की है। उन्होंने भूख हड़ताल, मशाल जुलूस और मानव श्रृंखला जैसे कार्यक्रमों की घोषणा की है। यह संकेत है कि असम में जमीन, पहचान और नागरिकता का सवाल चुनावी राजनीति से कहीं ज्यादा गहराई से समाज की नसों में बैठा हुआ है।



## राशिफल

**मेषः-** किसी महत्वपूर्ण कार्य में कुछ कठिनाइयों का अभास होगा। संवेदनशील मन पुरानी मर्मस्पर्शी घटनाओं से ओतप्रोत होगा। पारिवारिक दायित्वों की समयानुकूल पूर्ति हेतु मन चिंतित होगा।

**बृषभः-** मनोवांछित सफलता न मिलने से उत्साह में कमी आएगी। भौतिकता से प्रभावित मन अभाव की अनुभूति से दुखित होगा। धैर्यहीनता व परिवर्तनशीलता लक्ष्य से दिग्भ्रमित करेगी।

**मिथुनः-** परिजनों एवं मित्रों का सनिध्य मन को प्रसन्न रहेगा। कार्य-पेशे में अवरोधित कार्य सार्थक होने के आसार हैं। मांगलिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों में सम्मलित होंगे। महत्वपूर्ण कायरे में आलस्य न करें।

**कर्कः-** कुछ नये संबंध बनेंगे। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद संभव। कर्त्तव्य एवं जिम्मेदारियों से घिरा मन काल्पनिक आकांक्षाओं से समझौता करने में सक्षम होगा। रोजगार में व्यस्तता रहेगी।

**सिंहः-** मन खराब विचारों से प्रभावित रहेगा। अतः उपरोक्त स्वभाव को सुधारें। नई स्थितियों से प्रतिभा का संचार होगा। रोजगार में अपनी कार्यकुशलता व प्रतिभा का जौहर बिखेरेंगे।

**कन्याः-** वाणी पर नियंतण्ररखते हुए संबंधों को मधुर बनाने की चेष्ठा करें। आत्मबल कुछ महत्वपूर्ण सफलताओं के प्रति आशान्वित करेगा। पूर्वत् स्थिति में सुधार एवं आर्थिक लाभ के आसार हैं।

**तुलाः-** आपकी महत्वाकांक्षाए सफ्लता की राह पर संघर्ष हेतु प्रेरित करेंगी। अच्छी भावनाएं मकसद को सफ्ल करेंगी। कार्यक्षेत्र में बौद्धिक क्षमता का लाभ उठाएंगे। परिजनों के दुख-सुख के प्रति चिंतित होंगे।

**वृश्चिकः-** परिश्रम द्वारा आर्थिक क्षेत्र में सफ्लता अर्जित करेंगे। समय का पूर्ण उपयोग करें। किसी नयी संवेदना का असर किसी नये रिश्ते को जन्म देगा। मन लक्ष्य के प्रति केंद्रित होने में असमर्थ होगा।

**धनुः-** परंपराओं एवं संस्कारों के प्रति आस्था बढ़ेगी। निर्थक हीनभाव रखना एवं प्रगतिशील लोगों से ईष्याभाव रखना ठीक नहीं है।

**मकरः-** किसी महत्वपूर्ण कार्यवश घर से दूर रहना अरुचिकर लगेगा। मिलनसारिता के कारण संबंधों का विस्तार होगा।

**कुंभः-** परिवार में खुशीप्रद वातावरण रहेगा। पिछले दिनों उत्पन्न व्यवसायिक अवरोधों का हल ढूंढने हेतु मन केंद्रित होगा। कोई अच्छा अवसर मन को खुश रखेगा।

# सस्ता रूसी तेल, फिर भी पेट्रोल पंप महंगे

**करण बीर सिंह**

**इसी अवधि के दौरान, सरकारी तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) के संयुक्त मुनाफे में भारी उछाल आया है, जबकि केंद्र और राज्य ईंधन करों से सालाना लगभग 4.7 लाख करोड़ रुपये कमा रहे हैं। हालाँकि, भारतीय उपभोक्ताओं को ईंधन की कीमतों में कोई कमी नहीं दिखी है। वित्त वर्ष 23-24 में, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने संयुक्त रूप से 86,000 करोड़ रुपये का लाभ अर्जित किया, जबकि पिछले वर्ष यह केवल 3,400 करोड़ रुपये था। अकेले इंडियन ऑयल का लाभ 8,242 करोड़ रुपये से बढ़कर 39,619 करोड़ रुपये हो गया, जो 381 प्रतिशत की वृद्धि है। भारत पेट्रोलियम का लाभ 1,870 करोड़ रुपये से बढ़कर 26,674 करोड़ रुपये हो गयाकृजो 1,326 की वृद्धि हैकृजबकि हिंदुस्तान पेट्रोलियम का लाभ 8,974 करोड़ रुपये के घाटे से बढ़कर 14,694 करोड़ रुपये हो गया।**

भारत का रूस से तेल आयात आंकड़ों में एक चौंकाने वाली कहानी बयां करता है। पिछले दो वर्षों में, भारत 25ः से 50ः तक की छूट पर कच्चा तेल आयात कर रहा है, जो वैश्विक कीमतों से 5-30 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल कम है। फिर भी पेट्रोल की कीमतें लगभग 95 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमतें लगभग 88 रुपये प्रति लीटर बनी हुई हैं।

इसी अवधि के दौरान, सरकारी तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) के संयुक्त मुनाफे में भारी उछाल आया है, जबकि केंद्र और राज्य ईंधन करों से सालाना लगभग 4.7 लाख करोड़ रुपये कमा रहे हैं। हालाँकि, भारतीय उपभोक्ताओं को ईंधन की कीमतों में कोई कमी नहीं दिखी है। वित्त वर्ष 23-24 में, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने संयुक्त रूप से 86,000 करोड़ रुपये का लाभ अर्जित किया, जबकि पिछले वर्ष यह केवल 3,400 करोड़ रुपये था। अकेले इंडियन ऑयल का लाभ 8,242 करोड़ रुपये से बढ़कर 39,619 करोड़ रुपये हो गया, जो 381ः की वृद्धि है। भारत पेट्रोलियम का लाभ 1,870 करोड़ रुपये से बढ़कर 26,674 करोड़ रुपये हो गयाकृजो 1,326 प्रतिशत की वृद्धि हैकृजबकि हिंदुस्तान पेट्रोलियम का लाभ 8,974 करोड़ रुपये के घाटे से बढ़कर 14,694 करोड़ रुपये हो गया।

निजी रिफाइनरियों ने और भी बड़ा लाभ कमाया। रूस से सबसे ज्यादा रियायती दर पर कच्चा तेल आयात करने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने 12.5 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल से अधिक का रिफाइनिंग मार्जिन दर्ज किया, जबकि रोसनेफ्ट समर्थित नयारा एनर्जी ने 15.2 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल का मार्जिन दर्ज किया। ये लाभ, प्रतिदिन लाखों बैरल से बढ़कर, हजारों करोड़ रुपये के अप्रत्याशित मुनाफे में तब्दील हो गए।

भारत सरकार ईंधन उत्पाद शुल्क से सालाना 2.7 लाख करोड़ रुपये एकत्र करती है, जिसमें वर्तमान शुल्क पेट्रोल पर 13 रुपये और डीजल पर 10 रुपये प्रति लीटर है। अप्रैल 2025 में, उत्पाद शुल्क में 2 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई, जिससे 32,000 करोड़ रुपये का अतिरिक्त राजस्व प्राप्त हुआ। राज्य सरकारें भी ईंधन कर पर कम निर्भर नहीं हैं। ईंधन पर उनका वार्षिक मूल्य वर्धित कर (वैट) संग्रह लगभग 2 लाख करोड़ रुपये है, क्योंकि आधार मूल्य ऊँचा रहने पर वैट जो मूल्यानुसार लगाया जाता है। स्वतः ही बढ़ जाता है। औसतन, प्रत्येक लीटर पेट्रोल का 30 प्रतिशतऔर डीजल का 26 प्रतिशत राज्य वैट में जाता है, जिससे ईंधन राज्यों के लिए सबसे आकर्षक राजस्व स्रोतों में से एक बन गया है। कुल मिलाकर, पेट्रोल की कीमत में लगभग 46 प्रतिशत और डीजल की कीमत में 42 प्रतिशत करों का योगदान है। करों के अलावा, तेल विपणन कंपनियों ने अपने मार्केटिंग मार्जिन में नाटकीय रूप से वृद्धि की है। केवल ईंधन की बिक्री पर लाभ पेट्रोल के लिए 15 रुपये प्रति लीटर और डीजल के लिए 12 रुपये प्रति लीटर तक पहुँच गया है, जो खुदरा मूल्य संरचना में सबसे बड़े छिपे हुए घटकों में से एक है। वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में प्रत्येक 1 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल की गिरावट से तेल विपणन कंपनियों का मार्जिन लगभग 0.55 रुपये प्रति लीटर बढ़ जाता है, फिर भी यह लाभ पूरी तरह से कंपनियों के पास ही रहता है। रिलायंस इंडस्ट्रीज और नायरा एनर्जी जैसी निजी रिफाइनरियों ने रियायती रूसी कच्चे तेल को निर्यात के लिए एक बड़ा लाभ बना दिया है।

वित्त वर्ष 2024-25 में पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात 60 अरब डॉलर तक पहुँच गया, जिसमें से 15 अरब डॉलर मूल्य के तेल का निर्यात अकेले यूरोपीय संघ (ईयू) को किया गया, जबकि यूरोपीय खरीदारों ने रूसी तेल पर प्रतिबंध लगा दिया था। रियायती कच्चे तेल का शोधन करके और विदेशों में उच्च-मार्जिन वाले उत्पाद बेचकर, इन रिफाइनरियों ने घरेलू उपभोक्ताओं को बचत देने के बजाय निर्यात को प्राथमिकता दी है। ,

कागजों पर तेल के विनियमन मुक्त होने के बावजूद, खुदरा कीमतों का प्रभावी ढंग से प्रबंधन किया जाता है। सरकारें स्थिर कर राजस्व प्राप्त करने के लिए ऊँची कीमतों को प्राथमिकता देती हैं, जबकि तेल विपणन कंपनियाँ तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) सब्सिडी पर पिछली कम वसूली का हवाला देकर अपने मुनाफे को सही ठहराती हैं। इसका परिणाम एक संरचनात्मक अवरोधन है। कम लागत वाले कच्चे तेल के आयात से कंपनियों और सरकारों को लाभ होता है, जबकि उपभोक्ताओं को लगातार ऊँची पंप कीमतों का सामना करना पड़ता है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित सभी प्रकरण लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**संपादकीय एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

# उद्यमियों की समस्याओं को समय से करें निस्तारित : डीएम

- जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय उद्योग बंन्धु की बैठक संपन्न



**बांदा, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी जे0 रीभा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय उद्योग बन्धु की बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को उद्यमियों की समस्याओं को प्राथमिकता पर समय से निस्तारित किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने बैठक में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्राप्त आवेदनों के सापेक्ष 603 ऋण वितरित हुए। उन्होंने मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना एवं एक जनपद एक उत्पाद वित्त पोषण मार्जन मनी योजना की समीक्षा करते हुए उद्यमियों से कहा कि इस योजना के अन्तर्गत 17 ऋण आवेदन पत्र बैंकों द्वारा निस्तारित करते हुए 62.20 लाख के ऋण वितरित किये गये। ग्लोबल इनवेस्टर्स के अन्तर्गत 44 जीबीसी रेडी मिले, जिसके अन्तर्गत 33 यूनिट ने 467.65 करोड़ का प्रोडक्सन प्रारम्भ हो चुका है एवं 05 निर्माणाधीन है। निवेश मित्र पोर्टल में लम्बित यूपीसीडा एवं कृषि विभाग के प्रकरणों को शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। औद्योगिक क्षेत्र भूरागढ, कताईमिल के भूखण्डों के आवंटन के सम्बन्ध में पुनः आवंटन प्रक्रिया उद्यमियों को अवगत कराते हुए पूर्ण कराये जाने के निर्देश जीएम डीआईसी को दिये।

जिलाधिकारी ने औद्योगिक क्षेत्र भूरागढ में जलापूर्ति के सम्बन्ध में अधिशाषी अभियंता जलनिगम नगरीय द्वारा उपलब्ध कराये गये आगणन प्रस्ताव 284.66 लाख को स्वीकृत हेतु प्रबन्ध निदेशक यूपीसीडा मुख्यालय स्तर पर स्वीकृति हेतु शीघ्र कार्यवाही कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने औद्योगिक क्षेत्र भूरागढ में विद्युत आपूर्ति में सुधार के सम्बन्ध में अधिशाषी अभियंता विद्युत को निर्देशित किया। औद्योगिक क्षेत्र भूरागढ में रोड के किनारे अतिक्रमण को हटाये जाने के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये। बैठक में बताया गया कि औद्योगिक क्षेत्र भूरागढ में साफ-सफाई का कार्य किया जा रहा है। औद्योगिक क्षेत्र भूरागढ में ई-08 के मानचित्र स्वीकृत करने की समय सीमा बढाये जाने हेतु कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

उन्होंने औद्योगिक क्षेत्र भूरागढ में रिक्त पडी भूमि पर कॉम्पलेक्स/मॉल सृजित करने के सम्बन्ध में यूपीसीडा मुख्यालय से शीघ्र कार्यवाही कराये जाने के निर्देश दिये। एक उद्यमी द्वारा ग्राम पिपरहरी तहसील बॉदा में पुलिया निर्माण हेतु कार्यवाही किये जाने के अनुरोध पर जिलाधिकारी ने शीघ्र निर्माण कार्य कराये जाने के निर्देश दिये। एक उद्यमी द्वारा बैंक गारन्टी अवमुक्त किये जाने के अनुरोध पर जिलाधिकारी ने एआईजी स्टाम्प को बैंक गारन्टी वापस किये जाने हेतु कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

विद्युत बिल में गडबडी की शिकायत उद्यमियों द्वारा करने पर जिलाधिकारी ने विद्युत बिल में सुधार करने हेतु अधिशाषी अभियंता विद्युत को निर्देश दिये।

बैठक में अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मदन मोहन वर्मा, जीएम डीआईसी गुरुदेव, अधिशाषी अभियंता विद्युत, क्षेत्रीय प्रबन्धक यूपीसीडा, मुख्य अग्निसमन अधिकारी सहित उद्यमीगण संतोष कुमार गुप्ता, राज कुमार राज, मनोज जैन, अशोक गुप्ता, मनोज शिवहरे एवं अन्य उद्यमी तथा सम्बन्धित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।





### सांस्कृतिक कार्यक्रम ने मोहा मन

**बांदा, समृद्धि न्यूज।** गणेश भवन अलीगंज में गणेश जी की मूर्ति स्थापना के साथ गणेश महोत्सव की शुरुआत की गई स तृतीय दिवस पर गुरुकुल कथक साधना केंद्र, बाँदा के कलाकारों ने अनुपमा त्रिपाठी के निर्देशन में कथक नृत्य शैली द्वारा रामायणम् नृत्य नाटिका का भव्य भव्य मंचन किया गया , जिसमें भगवान् राम की वन यात्रा, सीता हरण,रावण वध को प्रस्तुत किया गया क्रार्यक्रम का संचालन आयुषी त्रिपाठी द्वारा किया किया गया। नूतन बाल समाज के संरक्षक अशोक त्रिपाठी जीतू ,ज्योत्सना पुरवार व अशोक अवस्थी, द्वारा गुरुकुल निदेशिका को धार्मिक पटका, मान पत्र एवं भगवान् गणेश की प्रतिमा से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अतुल तिवारी ( विश्व हिंदू परिषद),शिवम् पांडे (विद्यार्थी परिषद), विजय ओमर, निखिल सक्सेना, प्रमोदिनी अवस्थी,रीता गुप्ता, साधना त्रिपाठी,राजेश त्रिपाठी,रोहन सिन्हा,श्याम निगम, सचिन चतुर्वेदी,सुनील त्रिपाठी, संजय काकोनिया,लक्ष्मी द्विवेदी, रेखा निगम सहित सैकडों दर्शक उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### करोड़ों की लागत से बनी पिचिंग बाढ़ से ढही, अनेक मकान ध्वस्त

- पीड़ित ने डीएम से की मुआवजा दिलाने की मांग



**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** करोड़ों रूपये की लागत से ईश चैतन्य आश्रम से लेकर सिंहमहेश्वरी मंदिर तक बनी पिचिंग भृष्टाचार की भेंट चढ़ गई है।महज तीन वर्षों में पिचिंग ढहने से लगभग आधा दर्जन मकान भी धराशाई हो गए। बता दें कि शहर के भिलावा और मेरापुर मुहाल के लोगों को यमुना नदी की बाढ़ से बचाने के लिए मौदहा डैम विभाग की देखरेख में 9.56 करोड़ रुपये की लागत से ईश चैतन्य आश्रम से लेकर सिंहमहेश्वरी मंदिर तक लगभग 500 मीटर पिचिंग का निर्माण कराया गया था। जो महज तीन वर्षों में ही धराशाई हो गई ।साथ ही यमुना की कटान से लगभग आधा दर्जन मकान ढह गए। यमुना नदी का जलस्तर घटते ही दर्जनों मकान गिरने की कगार पर है। शनिवार को मेरापुर निवासी राजू भटनागर ने डीएम को दिए ज्ञापन में बताया कि उसका मकान भी यमुना की कटान से ढह गया है ।उसके सामने आवास की समस्या उत्पन्न हो गई है। उसने जिलाधिकारी से आर्थिक मदद की एवज में मुआवजा दिलाने की मांग की है

### बिना मान्यता प्राप्त विद्यालयों का संचालन करें बंद : डीआईओएस

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** जिला विद्यालय निरीक्षक महेश कुमार गुप्ता ने बताया कि विशेष सचिव माध्यमिक शिक्षा अनुभाग-7 उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश पर नॉन स्कूलिंग या डमी स्कूल द्वारा छात्रों का नामांकन तो किसी मान्यता प्राप्त विद्यालयों में करा दिया जाता है। लेकिन वास्तव में वह ऐसे संस्थानों में अध्ययन करते है, जिन्हें आवश्यक शैक्षिक मान्यता प्राप्त नहीं होती है। इसी प्रकार ऐसे विद्यालय जिन्हें केवल कक्षा 08 की मान्यता प्राप्त है, किन्तु अवैध रूप से 09 से 12 तक की कक्षाएं संचालित कर रहे है। इन विद्यालयों में अध्ययनरत छात्रों का पंजीकरण नियम विरुद्ध किसी अन्य मान्यता प्राप्त विद्यालय में कराया जाता है। इस प्रकार के बगैर मान्यता / अवैध/अमान्य चल रहे स्कूल पर कार्यवाही किये जाने के निर्देश प्रदान किए गए है। उन्होंने जनपद में बगैर मान्यता / अवैध / अमान्य चल रहे विद्यालय बंद कर दिए जाए। अगर बगैर मान्यता/अवैध/अमान्य विद्यालय संचालित पाए जाते है, तो नियमानुसार प्राथमिकी दर्ज कर शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 18 में निहित निर्देशो के अनुपालन में विभागीय कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। जिसके लिये व्यक्तिगत रूप से विद्यालय संचालित करने वाले प्रबंधक / प्रधानाचार्य जिम्मेदार होगें।

### चार माह पूर्व खोदी गई हाईवे एवं बांदा मार्ग की पटरी बनी बवालेजान, दुकानदारों का व्यापार हो रहा चौपट

**सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।** चार माह पूर्व सड़क चौड़ीकरण के नाम पर हाईवे एवं बांदा मार्ग किनारे खोदी गई सड़क लोगों के लिए बावलेजान बनी हुई है। वही हाईवे एवं बांदा मार्ग किनारे के दुकानदार परेशान है। उनका व्यापार चौपट हो गया है। कार्यदाई संस्था अधूरा कार्य छोड़कर नदारत है। चार माह पूर्व बस स्टैंड में नेशनल हाईवे किनारे एवं बांदा मार्ग किनारे सड़क चौड़ीकरण करके सुंदरीकरण के साथ दुर्घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से कार्य शुरू कराया गया था ।इन दोनों मार्गों की पटरी खोदकर कार्यदाई संस्था ने गिट्टी डाल दी और गायब हो गई। इससे राहगीरों के साथ दुकानदार परेशान है। बस स्टैंड के दुकानदार श्याम लाल गुप्ता, अनिल परनामी, अनुज शिवहरे, बउआ गुप्ता, आलोक कुमार, धर्मेंद्र कुमार, विक्की सिंह, नीरज तिवारी, राम लखन प्रजापति आदि ने बताया की पटरी खोद कर कार्य ठप करने से बहुत दिक्कतें हो रही है। उनका व्यापार भी प्रभावित हो रहा है। साथ ही आए दिन जाम लगने से राहगीर परेशान हो रहे हैं। नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे ने बताया कि वह जल्द कार्य पूर्ण करने के लिए पीडब्ल्यूडी के अभियंताओं को कह चुके हैं। इसके बाद भी कार्य नहीं शुरू हो रहा है। पीडब्ल्यूडी के अवर अभियंता अनूप कुमार निरंजन ने बताया कि बारिश के चलते कार्य रुका था। सितंबर में कार्य शुरू करा दिया जाएगा।

### आसमान में ड्रोन दिखने से ग्रामीणों में दहशत

**हमीरपुर पौथिया, समृद्धि न्यूज।** रात्रि के समय आसमान में ड्रोन कैमरा दिखने पर ग्रामीणों में दहशत फैल गई। ललपुरा थानाक्षेत्र के पौथिया गांव निवासी गांव बीरेंद्र यादव छोटे कुटार, विजय, देवीदीन सीताराम, जयराम, जगभान, पप्पू, दयाराम, प्रेमकुमार आदि लोगों ने बताया में शुक्रवार को रात्रि में करीब 10, 11 बजे के बीच आसमान में कुछ उंचाई पर ड्रोन कैमरा दिखाई दिया। जिसे देखकर लोग इकट्ठा हो गए। लोगों की भीड़ एकत्र होने पर ड्रोन और ऊंचाई पर चला गया। यह घटना गांव में चर्चा का विषय बनी हुई है। वहीं गांव निवासी फिरोज खान ने बताया गुरुवार को रात्रि सरकारी अस्पताल के पीछे मोहल्ले में ड्रोन कैमरा घूम रहा था। आखिर क्यों यह कैमरे निगरानी में घूमते हैं। लोगों ने बताया कैमरे में चार पर दिखाई दिया और लाल हरी बत्ती जल रही थी। करीब आधे घंटे तक यही घूमता रहा। कुछ देर के लिए रुक भी गया था। फिर दूर चला गया। उधर ललपुरा थाना प्रभारी राकेश कुमार सरोज ने बताया हम लोगों को ऐसी कोई जानकारी नहीं दी गई है। अगर कुछ ऐसा है तो जानकारी की जाएगी।

### खेलने के दौरान किशोर को सर्प ने डंसा, हालत गंभीर

**कुरारा, समृद्धि न्यूज।** कस्बे में 15 वर्षीय किशोर को घर में खेलने के दौरान सर्प ने डस लिया। जिसे परिजन आनन फानन उपचार के लिए स्थानीय सीएचसी लेकर आए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत नाजुक देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। कस्बा निवासी पवन कुमार का 15 वर्षीय पुत्र राज शनिवार को सुबह 11 बजे कमरे से सामान निकाल रहा था। तभी कमरे में छिपे सर्प ने उसे डस लिया। जानकारी होने पर परिजन आनन फ़ानन उसे उपचार के लिए स्थानीय सीएचसी लेकर आए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत में सुधार न होते देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

# सीडीओ ने कमियां पाकर खंड प्रेरक व डीपीएम का रोका एक माह का वेतन

- समस्त ब्लाकों के एडीओ पंचायत, खंड प्रेरक सहित कई लोगों का रोका गया वेतन

**बांदा, समृद्धि न्यूज।**



मुख्य विकास अधिकारी के औचक निरीक्षण पर कई कर्मचारियों सहित डीपीएम का भी अगस्त माह का वेतन रोकने के आदेश दे दिए हैं जिसमे बताया गया है कि इनके द्वारा अपने कार्यों शिथिलता बरतने को लेकर वेतन रोकने के आदेश दिए।

मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पांडेय द्वारा शुक्रवार को विकासखंड कमासिन और नरैनी का औचक निरीक्षण किया जिसमें उनके द्वारा जिला पंचायत राज अधिकारी को पत्र लिखकर बताया कि संचालित योजना स्वच्छ शौचालय, राज्य वित्त आयोग,पंचम वित्त एवं पंद्रहवां वित्त का जब निरीक्षण किया तो वहां पर सूचियां मौजूद नहीं मिली थी और साथ में ए डी ओ पंचायत और खंड प्रेरकों द्वारा रजिस्टर भी नहीं बनाया गया था जिसमें ये बहुत ही गलत बात है जिसको लेकर सीडीओ ने जिले के समस्त ब्लाकों में तैनात ए डी ओ पंचायत,खंड प्रेरकों सहित डीपीएम बंश बहादुर का अगस्त माह का वेतन रोकने के सख्त आदेश दिए हैं।

# ग्रापए में सभी पत्रकारों का सम्मान जरूरी : मंडल अध्यक्ष

- पत्रकारों का उत्पीड़न हो बंद
- ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन बांदा की जिला स्तरीय त्रैमासिक बैठक सम्पन्न

**बांदा, समृद्धि न्यूज।**




शनिवार को ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की बैठक सम्पन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राहुल निगम ने की एवं मुख्य अतिथि युनुस खान मुख्य और राहत खान विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। बैठक में पत्रकारों से जुड़े विविध महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक का संचालन जिला महामंत्री सन्तोष कुशवाहा ने किया। बैठक के मुख्य एजेंडे में जिला स्थायी समिति के गठन की समीक्षा, जिला स्तरीय सम्मेलन के आयोजन पर विचार, पत्रकार उत्पीड़न की घटनाओं, पत्रकारों के दुर्घटना बीमा की आवश्यकता, तहसील नोडल अधिकारियों के दायित्व, तहसील अध्यक्षों की भूमिका और अन्य महत्वपूर्ण विषय शामिल थे। राहुल निगम ने पत्रकारों के लिए सामूहिक दुर्घटना बीमा पर विशेष जोर देते हुए कहा कि इसके लिए जल्द ही स्ब्र् से बातचीत की जाएगी। उन्होंने पत्रकारों में एकता की आवश्यकता पर भी जोर दिया और कहा कि ही तभी उत्पीड़न को रोका जा सकता है। मुख्य अतिथि युनुस खान ने जिला स्तरीय सम्मेलन के माध्यम से संगठन को मजबूती और पत्रकारों के सम्मान में सुधार का आश्वासन दिया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि सभी तहसीलों में नियमित बैठकें आयोजित की जाएंगी और सदस्यता प्रक्रिया को समय पर पूरा किया जाएगा। विशेष रूप से दिसंबर माह तक सभी सदस्यता कार्यों को पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया। बैठक में जिला महामंत्री सन्तोष कुशवाहा, उपाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह, शिवम सिंह, सरताज खान, अवधेश शिवहरे, तहसील अध्यक्ष अतर्रा दिनेश गुप्ता, हरिओम बाजपेई, रामबाबू विश्वकर्मा, बृजगोपाल गुप्त, योगेन्द्र प्रताप सिंह, शशिकान्त राजन, रज्जब खान, राजेन्द्र कुमार, मो0 आरिफ, शरद कुमार, अनुपमा गुप्ता सहित कई ग्रामीण पत्रकार उपस्थित थे। बैठक का समापन जिलाध्यक्ष राहुल निगम के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें उन्होंने सभी सदस्यों के सहयोग और भागीदारी के लिए आभार व्यक्त किया।

इस बैठक से ग्रामीण पत्रकारों के हितों की सुरक्षा और संगठन की कार्यप्रणाली को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाने की उम्मीद जताई जा रही है।

# प्रत्येक चुनाव का आधार बूथ है : प्रकाश पाल


- बूथ मजबूत होगा तो केंद्र मनबूत होगा
- संगठन जितना घूमेंगा उतना मजबूत होगा

**बांदा, समृद्धि न्यूज।**




भारतीय जनता पार्टी की जिला कार्यालय में आयोजित जिला समीक्षा बैठक में क्षेत्रीय संगठन मंत्री प्रकाश पाल ने सभी पदाधिकारियों को बूथ मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि चुनाव का आधार बूथ है यदि बूथ मजबूत होगा तो जिला, क्षेत्र, प्रदेश के साथ केंद्र भी मजबूत होगा। उन्होंने मण्डलों की समीक्षा करते हुए कहा कि बूथों का शत प्रतिशत गठन हो जो समितियों का गठन अधूरा है उन्हें शीघ्र पूरा कर लें स इसी प्रकार शक्ति केंद्रों के संयोजकों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है शक्तिकेंद्र जितने सक्रिय होंगे उतना संगठन भी सक्रिय होगा स संगठन जितना घूमेगा उतना अधिक मजबूत होगा स इसलिए बूथ व शक्तिकेंद्र को परफेक्ट बनाना है। अभी आगे स्नातक एम एल सी व पंचायत चुनाव आ रहे हैं जिनकी तैयारी अभी से करना है। मतदाता पूरीक्षण अभियान शुरू हो गया है इसलिए नये मतदाताओं के नाम जुड़वाने का काम करें तथा जो फर्जी मतदाता हैं उनका नाम कटवाना है इसके लिए पार्टी द्वारा बनाये गए बी एल ए को सक्रिय करना है। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने सभी का आभार व्यक्त किया स इस अवसर पर जिला प्रभारी रामकिशोर साहू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जगराम सिंह,पिछड़ा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष जय प्रकाश कुशवाहा, पूर्व जिलाध्यक्ष संजय सिंह, अखिलेश श्रीवास्तव, लवलेश सिंह, इंद्रपाल सिंह, विवेकानंद गुप्ता, अजय पटेल, उत्तम सक्सेना, धर्मेन्द्र त्रिपाठी, ममता मिश्रा, बलराम सिंह, अखिलेश नाथ दीक्षित, निखिल सक्सेना, संतू गुप्ता, पंकज रायकवार, दीपक राजपूत सहित सभी मण्डल अध्यक्ष व प्रभारी मौजूद रहे।

### ट्रैफिक नियमों का पाठ पढ़ने वाले खुद ही कर रहे नियमों का उल्लंघन, वीडियो वायरल



**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** ट्रैफिक नियमों का पालन कराने को लेकर पब्लिक को जागरूक करने का दावा करने वाली पुलिस ही ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन कर रही है ।शनिवार को दो पुलिस कर्मी बिना हेलमेट और अवैध नंबर प्लेट की बाइक लेकर मुख्यालय की गलियों पर फर्राटा भरने का वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है। सड़क हादसों में मौतों का आकड़ा दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है। अधिकांश सड़क हादसे यातायात के नियमों का उल्लंघन करने से होते है। बता दें कि सदर कोतवाली क्षेत्र के चौरा देवी मार्ग पर शनिवार को एक दरोगा और एक सिपाही बिना हेलमेट और अवैध नंबर प्लेट लगी बुलेट बाइक पर सवार होकर ट्रैफिक नियमों की धज्जियां उड़ाते नजर आए। वर्दी पहने बाइक में दादा लिखकर रुआब से चल रहे दरोगा की किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दी है।

# किसानों ने चकबंदी प्रक्रिया में अनीमितता करने का लगाया आरोप, किया प्रदर्शन

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**



सरीला तहसील के किसानों ने चकबंदी प्रक्रिया में कर्मियों द्वारा भारी अनीमितता करने का आरोप लगाते हुए शनिवार को कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने 9 बिन्दुओ पर अनीमितताओं की उच्च अधिकारीयों से जाँच कराने की मांग को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौपा है।

सरीला तहसील के देवखरी गांव निवासी कृषक गोपाल,आशुतोष, गुरुदयाल, भूरा, देवेंद्र पाल, होरीलाल, मदन, रघुनाथ, हरचरण आदि ने ज्ञापन में आरोप लगाते हुए बताया कि उनके गांव में चकबंदी प्रक्रिया चल रही है। जिसमे कर्मचारियों द्वारा चकबंदी क्रियाओं में कूट रचित हेराफेरी, अनियमितता, जालसाजी और अनियमित चक निर्माण और अवैधानिक रूप से डबल इंट्री के बहाने भूमि कटौती की जा रही है। चकबंदी पूर्व से निरंतर दर्ज चले आ रहे गाटो तथा बटा नम्बरो में हेराफेरी करके बटो में परिवर्तन करके पूर्व 100 साल 50 साल से निरंतर काबिज भूमि के बटो में परिवर्तन करके मूल रूप से काबिज भूमि में चक न0 बनाकर दूसरी जगह चक बनाये गए है जिसमे कृषकों कि सहमती भी नही ली गयी है। पूछने पर झूट बताया गया जिससे उपजाऊ भूमि छीनकर दूसरो के चक अनुचित रूप से बनाकर विवाद उत्पन्न कराने सहित नौ बिन्दुओ पर अनीमितता करने का आरोप लगाया है।

# आचार्य दक्षता वर्ग प्रशिक्षण का किया आयोजन

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**



नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में अखिल भारतीय विद्या भारती शिक्षण संस्थान द्वारा संचालित विद्यालय में छात्रों के साथ-साथ शिक्षकों को भी प्रत्येक क्षेत्र में दक्ष बनाने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में विद्यालय में आचार्यो को शिक्षण कौशल बाल विकास भारतीय ज्ञान का प्रशिक्षण संकल्पना सुदृढ़ बनाने की दृष्टि से आचार्य दक्षता वर्ग का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि कपिल देव तिवारी ने अंग्रेजी विषय का प्रशिक्षण देकर सभी को प्रशिक्षित किया। तत्पश्चात विद्यालय के प्रधान लिपिक उमाशंकर ने योग के गुर सिखाये एवं विद्यालय के आचार्य अरुण कुमार मिश्र ने पंचपदीय शिक्षण प्रणाली पर विधिवत प्रकाश डाला। श्री विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के भौतिक विज्ञान के प्रवक्ता अवधेश कुमार शुक्ल ने भौतिक विज्ञान सहित गणित एवं विज्ञान विषय पर प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम का संचालन एवं हृश्वक्क 2020 पर प्रकाश आचार्य रमेश शुक्ल ने डाला।

विद्यालय के प्रधानाचार्य रामप्रकाश गुप्ता ने आए हुए सभी अतिथि प्रशिक्षकों का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। प्रशिक्षण वर्ग में आचार्यों को भारतीय संस्कृति पर आधारित शिक्षा, नैतिक मूल्यों का संवर्धन चरित्र निर्माण एवं विद्यार्थियों के लिए सर्वांगीण विकास पर मार्गदर्शन दिया गया। अंत में पंचपदीय के अनुसार सभी आचार्य बंधुओं ने अपनी पाठ्य योजना तैयार की। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा। यह जानकारी विद्यालय के मीडिया प्रभारी आचार्य वेद प्रकाश शुक्ल ने दी।

# नेत्रदान पखवाड़ा का आयोजन कर किया जागरुक

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** समदृष्टि क्षमता विकास एवं अनुसंधान मंडल के प्रांत अध्यक्ष देवनारायण सोनी की अध्यक्षता एवं महेंद्र सिंह गौतम एडवोकेट जिला सचिव सक्षम की उपस्थिति में शनिवार को जजी परिसर में नेत्रदान पखवाड़ा का आयोजन कर अधिवक्तागण के साथ नेत्रदान जागरूकता अभियान चलाया।



प्रांत अध्यक्ष देवनारायण सोनी ने बताया कि अंधता हमारे देश की एक राष्ट्रीय समस्या है। यदि भारत के नागरिक जागरुक होकर मरणोपरांत अपना नेत्र कोनिया आई बैंक को दान दे दें तो निश्चय ही अंधता निवारण की दिशा में सराहनीय प्रयास होगा। सक्षम का उद्देश्य जीते जी रक्तदान मरणोपरांत नेत्रदान की मुहिम को आगे बढ़ानेका प्रयास करना होगा। जिला सचिव महेंद्र सिंह गौतम एडवोकेट ने भी अधिवक्ता गण से अपील की है कि हमें राष्ट्र की इस गंभीर समस्या पर विचार करना चाहिए। एक जागरूक नागरिक होने के कारण हमें सक्षम की इस जन जागरण के अभियान का हिस्सा बनकर अंधता निवारण में अपना सहयोग करना चाहिए। इस जागरूकता का हिस्सा प्रशांत सिंह चंदेल एडवोकेट, आशुतोष सिंह गौर एडवोकेट,सत्येंद्र सिंह चंदेल एडवोकेट,आशीष सिंह गौर एडवोकेट,अरविंद सिंह एडवोकेट, इंद्र प्रताप सिंह गौर एडवोकेट, ज्ञानेंद्र सिंह एडवोकेट, अनिल यादव एडवोकेट, स्नेहा सिंह एडवोकेट,हाई कोर्ट स्मृति शुक्ला एडवोकेट, शीलू गुप्ता एडवोकेट,सत्य प्रकाश शर्मा एडवोकेट, अभिषेक सचान एवं अन्य प्रबुद्ध नागरिक जन अधवक्ता गण उपस्थित होकर नेत्र पखवाड़ा हिस्सा बने।

# हाईवे किनारे अधिशासी अधिकारी की अगुवाई में चला अतिक्रमण के खिलाफ अभियान

**कुरारा, समृद्धि न्यूज।** कस्बे में नगर पंचायत का चार्ज लिए व सरीला एसडीएम बलराम गुप्ता की अगुआई में शनिवार को हाईवे किनारे अतिक्रमण अभियान चलाया गया। जिससे दोपहर बाद से देर शाम तक अफरा तफरी का माहौल रहा।



कस्बे के बेरी तिराहे पर नगर पंचायत द्वारा पानी की टंकी लगवाने के काम करवाया जा रहा है। जिस पर आसपास ठेला दुकानदारों का कब्जा है। नगर पंचायत द्वारा वहां रखी वार्ड 3 के सभासद प्रतिनिधि नफीस अहमद की अंडे की गुमटी को भी हटाया गया। तभी वहां मौजूद लगभग आधा सैकड़ा लोगों ने जिसमें शिवम सिंह, दद्दा शुक्ला, नूर मोहम्मद, मोती सविता, राजेन्द्र, छोटे गुप्ता, मोहम्मद भीमा, रमेश, आमिर आदि ने अधिशासी अधिकारी बलराम गुप्ता से कहा कि पानी की अवश्यकता नही है।

हैंडपंप व तमाम होटल है जिनसे काम चलता है। यहां एक शौचालय होना चाहिए। जिस पर अधिशासी अधकारी ने जेई को फोन कर शौचालय का स्टीमेट बनाने का आदेश दिया। फिलहाल तमाम शोर शराबे के बीच पुलिस की मौजूदगी में अतिक्रमण अभियान चलता रहा और लोगों की दुकानें हटाई जा रही है।

### पारा रैपुरा में वृंदावन के कलाकारों ने नयनाभिराम झांकियां की प्रस्तुत



**सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।** पारा रैपुरा के छठ महोत्सव में वृंदावन से आए कलाकारों ने देवी देवताओं के नयनाभिराम झांकियां प्रस्तुत की। कार्यक्रम देखने के लिए ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ी हुई थी। पारा रैपुरा में छठ महोत्सव की शोभायात्रा के उपरांत रात में वृंदावन से आए कलाकारों ने रासलीला का सुंदर मंचन किया। उन्होंने देवी देवताओं के सुंदर झांकिया प्रस्तुत की। कार्यक्रम देखने के लिए ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ी रही। वहीं शनिवार को आल्हा गायन का कार्यक्रम रखा गया। इसमें एक दर्जन से ज्यादा आल्हा गायको ने हिस्सा लेकर अपनी-अपनी रचनाओं की शानदार प्रस्तुति देकर लोगों में जोश भर दिया। इस मौके पर प्रधान शिवदयाल प्रजापति,पूर्व प्रधान बिहारी लाल प्रजापति, राकेश शर्मा, विजय कुमार, अनिरुद्ध प्रजापति आदि सैकड़ो लोग मौजूद रहे।


## विशेष रेलगाड़ियों की संचालन अवधि में वृद्धि

सर्वसबंधित को सूचित किया जाता है कि रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ियों की संचालन अवधि को बढ़ाने का निर्णय लिया गया है, जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

| रेलगाड़ी संख्या | स्टेशन से | स्टेशन तक | चलने के दिन | पूर्व अधिसूचित तिथि | विस्तार की अवधि | कुल फेरे |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 04217 | वाराणसी जं. | लखनऊ जं. | प्रतिदिन | 31.10.2025 | 01.11.2025 से 30.11.2025 | 30 |
| 04218 | लखनऊ जं. | वाराणसी जं. | प्रतिदिन | 31.10.2025 | 01.11.2025 से 30.11.2025 | 30 |
| 04090 | आनंद विहार ट. | पटना जं. | प्रतिदिन | 07.11.2025 | 08.11.2025 से 29.11.2025 | 22 |
| 04089 | पटना जं. | आनंद विहार ट. | प्रतिदिन | 08.11.2025 | 09.11.2025 से 30.11.2025 | 22 |

नोट :– शेष जानकारी पूर्ववत् है

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में पड़ने वाले अन्य स्टेशनों की विस्तृत समय–सारणी और श्रेणियों की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in देखें अथवा NTES App देखें।

पर हमें फॉलो करें

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

रेलमदद वेबसाइट देखें :- www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा - हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

2629/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# शिवपाल सिंह करेंगे रामलीला महोत्सव का शुभारंभ



**जसवंतनगर, इटावा समृद्धि न्यूज।**

नगर में इस बार भव्य मैदानी रामलीला महोत्सव का आयोजन 20 सितम्बर शनिवार से आरम्भ होकर 17 अक्टूबर तक चलेगा। कुल 22 दिनों तक होने वाले इस महोत्सव की जानकारी विधायक शिवपाल सिंह यादव तथा श्रीरामलीला समिति के प्रबंधक राजीव गुप्ता बबलू और संयोजक डा. अजेंद्र सिंह गौर ने दी।

समिति के अनुसार, महोत्सव का शुभारंभ 19 सितम्बर को गणेश शोभायात्रा के साथ होगा। अगले दिन 20 सितम्बर को रामलीला मैदान में धनुषभंग और लक्ष्मण-परशुराम संवाद का मंचन होगा। 21 सितम्बर को नगर में राम बारात की शोभायात्रा निकलेगी, जिसका शुभारंभ पूर्व मंत्री व विधायक शिवपाल सिंह यादव करेंगे। आगामी कार्यक्रमों में 23 सितम्बर को राम वनवास, 24 को भरत मिलाप, 25 को जयंत की आंख फूटना, 26 को सुपर्णखा प्रकरण और रावण-मारीच वार्ता, 27 को सीता हरण व सुग्रीव मिलन, 28 को बाली वध और लंका दहन, 29 से 30 सितम्बर तक सेतुबंधन, लक्ष्मण शक्ति, कुम्भकर्ण युद्ध जैसी लीलाएं होंगी। विशेष रूप से इस बार नगर की सड़कों पर राम-रावण दलों का युद्ध चार दिन तक आकर्षण का केंद्र रहेगा। 1 से 3 अक्टूबर तक अतिकाय वध, मेघनाथ वध, अहिरावण वध और रावण वध का मंचन होगा। 4 अक्टूबर को तालाब मंडी में भरत मिलाप व नगर भ्रमण, 5 अक्टूबर को राम का नगर भृमण व सांस्कृतिक कार्यक्रम, 6 अक्टूबर को राजगद्दी लीला व जादू शो आयोजित होगा। इसके अलावा 7 से 14 अक्टूबर तक श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ, कलश यात्रा, कथा व भंडारा आयोजित किए जाएंगे। 15 अक्टूबर की रात अखिल भारतीय कवि सम्मेलन, 16 अक्टूबर को सांस्कृतिक कार्यक्रम और राजलीला बृज की प्रस्तुति होगी। 17 अक्टूबर को बृज की प्रसिद्ध लठ्ठमार होली के साथ महोत्सव का समापन होगा। नगरवासी इस धार्मिक व सांस्कृतिक आयोजन को लेकर उत्साहित हैं और रामलीला मैदान सहित प्रमुख मार्गों को सजाने की तैयारी शुरू हो चुकी है। इस दौरान हीरालाल गुप्ता उपाध्यक्ष, राजीव गुप्ता बबलू, प्रबंधक, अजेन्द्र सिंह गौर, उपप्रबंधक अनिल गुप्ता, अन्नू कोषाध्यक्ष, राजीव माथुर, अनिल गुप्ता, राजकमल गुप्ता, राजेन्द्र गुप्ता एडवोकेट, राहुल शाक्य, रतन पांडेय, पंडित रामकिशन दुबे व्यास मौजूद रहे।

## केंद्रों में चलाया गया टीकाकरण अभियान

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** क्षेत्र में टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। अगस्त माह के अंतिम शनिवार को विभिन्न केंद्रों पर टीकाकरण सत्र आयोजित किए गए। सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर संतोष सिंह और सीडीपीओ अर्चना वर्मा ने संयुक्त रूप से क्षेत्र का दौरा किया। उन्होंने सिरौलीगौसपुर टीकाकरण कैंप का निरीक्षण किया। कैंप में एएनएम, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री प्रीतिमा ज्यादव और आशा कार्यकर्ता उपस्थित थीं। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने गर्भवती महिलाओं और बच्चों का वजन करवाया। साथ ही उन्होंने पौधरोपण भी किया। डॉक्टर संतोष सिंह ने बताया कि प्रत्येक उपकेंद्र पर नियुक्त एएनएम द्वारा टीकाकरण सत्र चलाए जा रहे हैं। टीकाकरण सत्र आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, प्राथमिक विद्यालय और स्वास्थ्य केंद्रों पर आयोजित किए गए। इन सत्रों का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के सभी बच्चों और गर्भवती महिलाओं को टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध कराना है।

# आबकारी विभाग ने चलाया विशेष प्रवर्तन अभियान



**बाराबंकी ,समृद्धि न्यूज।**

आबकारी आयुक्त एवं जिलाधिकारी के आदेशानुसार चलाये जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान में शनिवार को आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 2 लक्ष्मीचंद्र पाल व पुलिस चौकी सुखीपुर थाना टिकैत नगर की संयुक्त टीम के द्वारा ग्राम रहीमापुर , खेतासराय, आल्हनमऊ थाना-टिकैतनगर बाराबंकी में दबिश दी गई। जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर ने बताया कि दबिश के दौरान 12 स्थानों पर छापे मारते हुए लगभग 35 लीटर कच्ची शराब बरामद किया गया व 2 अभियोग पंजीकृत कर आबकारी अधिनियम के तहत अभियुक्तों को जेल भेजने की कार्यवाही की गई तथा मौके पर 400 केजी महुआ लहन नष्ट किया गया। दिनकर ने बताया कि इसी प्रकार हैदरगढ़ तहसील में ग्राम रसूलपुर,पजावां,नैपुरा घाट थाना असंद्रा में आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 3 हैदरगढ़ राजेश कुमार तिवारी मय अधीनस्थ स्टाफ द्वारा दविश दी गई।

## बहनोई पर हमला करने वाले साले को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जैदपुर, बाराबंकी।** चंदौली नहर की पुलिया के पास से जैदपुर पुलिस द्वारा टिकरा उस्मा में अपने बहनोई पर जानलेवा हमला करने वाले साले को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।जानकारी के अनुसार जैदपुर पुलिस ने शनिवार को जानकारी देते हुए बताया है कि पुलिस टीम ने बीते 25 अगस्त को बहनोई ओसामा पर लोहे की राड और लाठी डंडों से मारपीट किए जाने के संबंध में दर्ज केस से संबंधित अभियुक्त मो उमर पुत्र मो सहीम निवासी ग्राम टिकरा उस्मा थाना जैदपुर को चंदौली नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया।अभियुक्त के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक लोहे की रॉड भी बरामद किया गया।

# सुल्तानपुर हाइवे पर चला अतिक्रमण हटाने का अभियान

**हैदरगढ़ बाराबंकी ,समृद्धि न्यूज।**

एसडीएम के निर्देश पर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शनिवार को कस्बा में लखनऊ सुल्तानपुर हाईवे पर फुटपाथ को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए एनएचएआई द्वारा एक अभियान चलाया गया। इस दौरान कर्मचारियों द्वारा जेसीबी मशीन की मदद से फुटपाथ पर किए गए अतिक्रमण को हटाया गया तथा दोबारा अतिक्रमण करने पर कार्यवाही किए जाने की चेतावनी भी दी गई।

उल्लेखनीय है कि लखनऊ सुल्तानपुर हाईवे पर कस्बे में पैदल यात्रियों के लिए बने फुटपाथ पर रेहडी पटरी एवं अन्य दुकानदारों द्वारा टीन शेड रखकर व पक्का निर्माण करके अतिक्रमण कर लिया गया था जिसकी वजह से लोगों को आवागमन में जहां दिक्कतें उठानी पड़ रही थी, वहीं हर समय दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती थी। जनता की इसी समस्या को देखते हुए एसडीएम राजेश विश्वकर्मा के निर्देश पर चार दिन पूर्व भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों द्वारा ध्वनि विस्तारक यंत्रों से प्रचार प्रसार करके लोगों से अतिक्रमण हटाने की अपील की गई थी और स्वयं अतिक्रमण न हटाने पर अभियान चलाने की चेतावनी दी गई थी। इसके बावजूद अतिक्रमणकारियो द्वारा अतिक्रमण नहीं हटाया गया था। जिसके चलते शनिवार सुबह कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर वीरभान सिंह एवं पुलिस चौकी इंचार्ज कपिल देव यादव के निर्देशन में नगर के मुख्य चौराहे से लखनऊ से सुल्तानपुर गई पटरी पर अतिक्रमण हटाओ अभियान की शुरुआत की गई। इस अभियान के तहत कंपनी के कर्मचारियों द्वारा जेसीबी मशीन के माध्यम से अनेक स्थानों पर अतिक्रमण हटाया गया। नगर के मुख्य चौराहे से शुरू हुए इस अभियान का समापन शनिवार को नहर कॉलोनी के निकट पड़ने वाले कट पर किया गया। प्रोजेक्ट मैनेजर ने बताया कि कल भी यह अभियान चलाया जाएगा और लगातार 6 दिनों तक अभियान चला कर फुटपाथ को अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा। अभियान के दौरान पत्रकारों से बात करते हुए प्रोजेक्ट मैनेजर ने बताया कि कस्बा क्षेत्र में फुटपाथ का निर्माण पैदल यात्रियों के सुरक्षित आवागमन के लिए बनाया गया है लेकिन अतिक्रमण के चलते पैदल चलने वाले लोगों को सड़क पर चलना पड़ता है जिसकी वजह से आए दिन हादसे भी होते रहते हैं। पैदल यात्रियों के जीवन को सुरक्षित करने के लिए ही यह अभियान चलाया जा रहा है जिससे लोगों को आवागमन की बेहतर सुविधा हासिल हो सके।

# छह वांछित गिरफ्तार, 25 पर हुई शांतिभंग की कार्रवाई

**बाराबंकी ,समृद्धि न्यूज।**



जिले में संदिग्ध व्यक्तियों, वांछित अभियुक्तों एवं वारण्टियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस ने 01 वारण्टी व 05 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया तथा 25 अभियुक्तों के विरुद्ध शांतिभंग की धाराओं में कार्यवाही की है। पुलिस के अनुसार थाना जैदपुर पुलिस टीम द्वारा 30 अगस्त को मु.अ.सं. 277/2025 धारा 3(5)/115(2)/109(1)/352/351(3) बीएनएस से सम्बन्धित अभियुक्त मो0 उमर पुत्र मो0 सहीम निवासी ग्राम टिकरा उस्मा थाना जैदपुर को चंदौली नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक अदद लोहे की रॉड बरामद किया गया। वहीं थाना घुंघटेर पुलिस टीम द्वारा शनिवार को मु.अ.सं. 285/2025 धारा 69 बीएनएस व 3(2)5 एससी/एसटी एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त तामीर पुत्र जमील निवासी ग्राम सिरसईपुर थाना घुंघटेर जनपद बाराबंकी को मकदूमपुर मोड के पास से गिरफ्तार किया गया। थाना देवा पुलिस टीम द्वारा 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से 01 अदद अवैध पिस्टल मय जिन्दा कारतूस बरामद किया। अभियुक्त चन्दन विश्वकर्मा पुत्र शिवशंकर विश्वकर्मा निवासी ग्राम रेन्दुआ पल्हरी थाना देवा को बेहटा मोड, किसान पथ के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से एक अदद अवैध पिस्टल व 01 अदद जिन्दा कारतूस .32 बोर बरामद किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना देवा पर मु0अ0सं0 444/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया। थाना हैदरगढ़ पुलिस द्वारा क्षेत्र की जनता के सहयोग से 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से छीना गया मोबाइल व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद हुआ।

थाना हैदरगढ़ पुलिस द्वारा क्षेत्र की जनता के सहयोग से अभियुक्त शिवकरन यादव पुत्र रामलखन यादव निवासी ग्राम पूरे चौबे मजरे गौरा थाना हैदरगढ़ को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से छीना गया एक अदद मोबाइल व घटना में प्रयुक्त एक अदद मोटरसाइकिल बरामद कर मु.अ.सं. 305/2025 धारा 305(2)/ 317(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया। थाना देवा पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त त्रिलोकी रावत पुत्र स्व0 हुबलाल निवासी ग्राम खेवली थाना देवा जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 26 अदद पाउच अवैध देशी शराब बरामद कर थाना देवा पर मु.अ.सं. 443/2025 धारा 60(1) आबकारी अधिनियम पंजीकृत किया गया। तीन अपहृताएं सकुशल हुई बरामद थाना बड्डूपुर टीम द्वारा शनिवार को मु.अ.सं. 259/2025 धारा 87 बीएनएस से सम्बन्धित अपहृता को सकुशल बरामद कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। थाना फतेहपुर टीम द्वारा आज दिनांक 30.08.2025 को मु.अ.सं. 592/2025 धारा 87/137(2) बीएनएस व 11(4)/12 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित अपहृता को सकुशल बरामद कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। थाना मसौली टीम द्वारा आज दिनांक 30.08.2025 को मु.अ.सं. 322/2025 धारा 87 बीएनएस से सम्बन्धित अपहृता को सकुशल बरामद कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## खबरें एक नजर में

### 701 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद, कराई नष्ट



**बाराबंकी।** थाना दरियाबाद पुलिस व आबकारी विभाग द्वारा संयुक्त रूप से कुशल नेतृत्व में आबकारी अधिनियम के 62 अभियोगों में बरामदशुदा कुल 701 लीटर कच्ची शराब का विनिष्टीकरण किया गया है। न्यायालय कोर्ट नं0 25 जनपद बाराबंकी के आदेश के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय द्वारा माल निस्तारण हेतु चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन क्लीन के तहत अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी रितेश कुमार सिंह के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी रामसनेहीघाट जटाशंकर मिश्रा के पर्यवेक्षण में थाना दरियाबाद पर पंजीकृत आबकारी अधिनियम के विभिन्न 62 अभियोगों में बरामदशुदा 701 लीटर कच्ची शराब के विनिष्टीकरण की कार्यवाही नियमानुसार की गयी।

### ओवरलोड ट्रॉली ने गिराया बिजली का खंभा, बड़ा हादसा टला

**जसवंतनगर, इटावा।** हाईवे की सर्विस रोड से नगला विधी गांव जाने वाले मार्ग पर शनिवार को बड़ा हादसा होते-होते टल गया। ओवरलोड बोरों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली चढ़ाई पर चढ़ते समय अचानक पीछे लौट गई और सड़क किनारे लगे बिजली के खंभे से टकरा गई। टक्कर से खंभा धराशायी हो गया और उस पर लगी केबल जमीन में बिखर गई। गनीमत रही कि उस समय बिजली सप्लाई बंद थी, वरना ट्रॉली में लदे बोरों में आग लग सकती थी। हादसे में कोई राहगीर चपेट में नहीं आया। जेई कौशल पांडेय ने बताया कि टीम मौके पर भेज दी गई है, नया पोल लगाया जा रहा है। अज्ञात ट्रैक्टर-ट्रॉली और उसके चालक के खिलाफमुकदमा दर्ज कराया जाएगा।

### तीन जुआरी गिरफ्तार

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र के भेतमुआ गांव में दुकान के पीछे शुक्रवार की रात जुआ खेल रहे तीन जुवारियों को नगदी एवं ताश के पत्तों के साथ गिरफ्तार किया है। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने गाँव स्थित एक दुकान के पीछे छापा मारकर तीन जुआरियों को फड़ पर मिले 950 रुपए व ताश के पत्तों के अलावा जामा तलाशी में मिले 170 रुपए के साथ गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए जुआरी इसी गांव के श्यामलाल, राम स्वरूप व आशाराम बताए जाते हैं।

### चंदा व श्रमदान से ग्रामीण बनवा रहे सड़क

**जैदपुर बाराबंकी।** सरकार लगातार ग्राम पंचायत को मॉडल बनाने की कवायत में लगी हुई है। इसी बीच ग्रामीणों द्वारा श्रमदान कर चंदा एकत्र करके सड़क बनवाने का प्रकरण सरकार के दावे की पोल खोल रहा है। मामला विकासखंड सिद्धौर क्षेत्र की ग्राम पंचायत सेमरावा मजरे लालाकापुरवा गांव का है। जहां ग्रामीणों ने एक श्रमदान और चंदा लाकर सहयोग करने सड़क बनाने की मिसाल पेश की है।यह मिसाल जिम्मेदार अधिकारियो और जनप्रतिनती नेताओं के मुंह पर तमाचा मारा गया है। 100 मीटर की खड़ंजा जो पूरी तरह से जर्जर और बारिश के पानी में बह गया था और खड़ंजे के अगल-बगल कटान हो चुकी थी जिससे आए दिन बारिश के दिनो मे रास्ता खत्म हो गया था। वही स्थानीय बीडीसी ग्राम पंचायत के ग्रामीणो ने प्रधान खंड विकास अधिकारी सचिव और क्षेत्र के जनप्रतिनो से लिखित शिकायत और मौखिक तौर पर भी की लेकिन हालात यहां तक यह रहे की न ही कोई जिम्मेदार अधिकारी ना क्षेत्र का नेता जनप्रतिन मौके पर देखने आया। जिससे परेशान और आहत होकर ग्रामीणों कुलदीप, रामनिवाज सुरेश, रामचन्द्र,लवकुश पवन,अरुण,रामसागर, श्रीराम, रामकेश, ननकू,सर्वेश,राजेश गुड्डू, रामप्रसाद, मोहित,परिदीन ने खुद श्रमदान और चंदा लगाकर निर्माण कार्य शुरू किया।

### छात्र-छात्रायें आभाषी नहीं बल्कि व्यवहारिक दुनियां में जियें:एसडीएम

**कालपी,जालौन।** शनिवार को कालपी कालेज कालपी में टैबलेट वितरण कार्यक्रम में आए एसडीएम छात्र, छात्राओं को आभाषी में नहीं बल्कि व्यवहारिक दुनिया में जीने की नसीहत दे गये कहा कि शिक्षा ही ऐसी रोशनी है जो हकीकत का अहसास कराती है। शासन ने छात्र छात्राओं की जरूरत को देखते हुए स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के तहत टैबलेट और स्मार्टफोन वितरण की शुरुआत की है जिससे निर्धन और कमजोर वर्ग के बच्चे भी आनलाईन व्यवस्था मे शामिल हो सके और इसी योजना के तहत कालपी कालेज कालपी में अब तक लगभग 500 छात्र छात्राओं को शासन का यह उपहार मिल चुका है और शनिवार को एस डी एम मनोज कुमार सिंह की अगुआई में कालेज में टैवलेट वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान उन्होने छात्र छात्राओं को टैवलेट देते हुए कहा कि इसका सही दिशा में उपयोग किया तो जिंदगी की राह आसान हो जाएगी और दिशा गड़बड़ हुई तो वह कहीं के नहीं रहेंगे।

### एसडीएम ने सीएससी कोंच का किया निरीक्षण,हड़कम

**कोंच (जालौन)।** एसडीएम व तहसीलदार प्रभारी ने शुक्रवार की देर रात को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोंच का औचक निरीक्षण किया गया कई कर्मचारी गायब मिले साथ ही साफसाफव्यवस्था सही नहीं होने पर एसडीएम ने सीएमओ को पत्र भेज दिया है। आपको बता दे कि एसडीएम कोंच ज्योति सिंह व प्रभारी तहसीलदार जितेंद सिंह ने शुक्रवार की देर रात को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया जहाँ उपस्थिति रजिस्टर को देखा जिसमे डॉ. रीता गौतम, स्टाफ नर्स बंदना अनसुइया रागनी अनुराधा के हस्ताक्षर नही पाए गए न ही वह मौके पर उपस्थित मिली साथ ही डॉ. रामकरन गौर उपस्थित नही मिले एसडीएम ज्योति ने बताया कि कर्मचारियों द्वारा उन्हें सूचना देने के बाद उपस्थित मिले फार्मासिस्ट महेंद्र सिंह के स्थान पर विजय कुमार फर्मासिस्ट ड्यूटी करते पाए गए। आपातकालीन कक्ष बन्द मिला, साफसफाई नही थी साफसफाई के निर्देश दिए गए ।

# अन्नपूर्णा भवनों से राशन वितरण व्यवस्था होगी दुरुस्त: सतीश चंद्र शर्मा

**रामसनेहीघाट बाराबंकी ,समृद्धि न्यूज।**



राशन वितरण व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त बनाने के उद्देश्य से सभी ग्राम पंचायतों में अन्नपूर्णा भवन का निर्माण कराया जाएगा, इसके बन जाने से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को राशन प्राप्त करने में काफी सुविधा मिलेगी। यह बात प्रदेश के खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री सतीश चंद शर्मा ने पाइका मैदान स्थित ऑडिटोरियम में रामसनेहीघाट तहसील क्षेत्र के कोटेदारों के संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था को पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से डिजिटलाइजेशन करते हुए वितरण व्यवस्था शुरू कराई गई जिसका लाभ आम गरीबों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि वितरण व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार ने ग्राम पंचायत स्तर पर अन्नपूर्णा भवन का निर्माण कराये जाने का निर्णय लिया है जिसके तहत 200 करोड रुपए का बजट भी निर्धारित कर दिया गया है, उन्होंने कहा कि रामसनेहीघाट क्षेत्र के सभी गांव में अन्नपूर्णा भवन का निर्माण कराया जाएगा।

श्री शर्मा ने कहा कि कोरोना काल में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के संरक्षण एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में ग्रामीण क्षेत्र के पात्र लोगों को माह में दो-दो बार निशुल्क राशन का वितरण किया गया जो प्रदेश सरकार की जनता के प्रति लगाव का सबसे बड़ा उदाहरण है,डोर टू डोर डिलीवरी को लेकर कोटेदारों द्वारा की गई शिकायत को गंभीरता से लेते हुए श्री शर्मा ने बैठक में मौजूद डीआरएम को स्पष्ट निर्देश दिया के संबंधित ठेकेदार को इस बात की कड़ी चेतावनी दी जाए की हर हालत में कोटेदारों की दुकानों तक राशन पहुंचाएं जहां बड़े वाहन नहीं जा सकते वहां छोटे वाहनों से राशन भिजवाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। श्री शर्मा ने कोटेदारों द्वारा उठाए गए सर्वर एवं नेटवर्क समस्या को गंभीरता से लेते हुए जिला पूर्ती अधिकारी को निर्देशित किया कि संबंधित कंपनी द्वारा सरवर एवं नेटवर्क की समस्या का तत्काल निदान किया जाए यदि इसमें कोताही बरती गई तो संबंधित कंपनी को ब्लैकलिस्टेड कर दिया जाएगा उन्होंने पूर्ति विभाग के अधिकारियों को इस बात के भी निर्देश दिए की कोटेदारों का लाभांश नियमित रूप से उनके खातों में उपलब्ध कराया जाए इससे पूर्व पूर्ति विभाग के अधिकारियों एवं कोटेदारों ने राज्य मंत्री श्री शर्मा का माल्यार्पण कर स्वागत किया साथ ही उन्हें स्मृति चिन्ह भी भेंट किया। इस दौरान भाजपा के उपाध्यक्ष पवन कुमार सिंह रिंकू जवाहर वर्मा जिला पंचायत सदस्य अमित वर्मा सहित विभागीय अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## बदमाशों ने ग्रामीण का छीना मोबाइल दुकानदारों ने पकड़ कर किया पुलिस के हवाले

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** ड्यूटी से वापस अपने घर जा रहे ग्रामीण का एंड्राइड मोबाइल मोटरसाइकिल सवार दो बदमाशों द्वारा लूट लिया गया। परंतु पीड़ित की हल्ला गुल्ला सुनकर मोटरसाइकिल से पीछा करने वाले दुकानदारों ने मोटरसाइकिल रोक कर एक बदमाश को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया जबकि दूसरा बदमाश मौके से फरार हो गया। कोतवाली हैदरगढ़ के सराय बन पुकार गांव निवासी विनोद दीक्षित पुत्र गया प्रसाद दीक्षित ने बताया कि वह शुक्रवार की शाम ड्यूटी करने के बाद साइकिल से वापस घर जा रहा था। जब वह रात्रि लगभग 9 बजे पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के सराय चौबे स्थित अंडरपास के निकट पहुंचा कि तभी रिश्तेदार का फोन आ गया रिश्तेदार से बातचीत के दौरान ही हैदरगढ़ की ओर से मोटरसाइकिल पर आए दो बदमाशों ने उसके हाथ से वन प्लस मोबाइल छीन लिया। पीड़ित ने बताया कि गुहार लगाने पर लोगों ने मोटर साइकिल से पीछा कर लिया । यही नहीं उसने इसकी सूचना सर्विस लेन पर डेरी चलाने वाले सुभाष द्विवेदी पुत्र हरीशचन्द्र ?द्विवेदी को दे दी जिन्होंने गाँव के ही शिवम दीक्षित पुत्र सुशील दीक्षित, विकास दीक्षित पुत्र स्व अजय शंकर दीक्षित, पंकज दीक्षित पुत्र गया प्रसाद दीक्षित आदि लोगो के साथ पीछा करके मोबाइल छीनने वाले बदमाशो को रोक लिया । जहां एक बदमाश मोटर साइकिल से कूद कर भाग गया,वहीं दूसरा बदमाश मोटरसाइकिल व छीने गए मोबाइल के साथ पकड़ लिया गया। पकड़ा गया बदमाश इसी थाना क्षेत्र के पूरे चौबे मजरे गौरा निवासी शिवकरन यादव पुत्र रामलखन यादव बताया जाता हैं। उसने अपने फरार साथी का नाम हिमान्शू सिंह निवासी लिल्हौरा वार्ड कस्बा व थाना हैदरगढ बाराबंकी बताया हैं।

# सुबेहा मार्ग पर बना जानलेवा ब्रेकर, दुर्घटना में महिला की मौत

**हैदरगढ़ बाराबंकी ,समृद्धि न्यूज।**

हैदरगढ़ सुबेहा मार्ग पर स्थित एक विद्यालय के निकट बने गति अवरोधक जानलेवा साबित हो रहे हैं। गति अवरोधक के कारण हुई सड़क दुर्घटना में घायल एक महिला की जहाँ मौत हो गई, वही घायल मासूम बेटी का सीएचसी हैदरगढ़ में उपचार चल रहा है।

जानकारी के मुताबिक सुबेहा थाना व कस्बा क्षेत्र के पलिया गांव निवासी रामजस अपनी पत्नी शिवलली व पुत्री पीहू 3 वर्ष को मोटरसाइकिल पर बैठाकर हैदरगढ़ आ रहे थे की तभी कोतवाली हैदरगढ़ क्षेत्र के अंतर्गत नरौली गांव के समीप स्थित एसबीएस स्कूल के पास बने स्पीड ब्रेकर पर झटका लगने से बोरी नीचे गिरने लगी महिला ने बोरी को पकड़ने का प्रयास किया । इस दौरान महिला व उसकी बेटी नीचे गिरकर घायल हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची डायल 108 एंबुलेंस ने घायलों को हैदरगढ़ सी एच सी में भर्ती कराया जहां पर मौजूद चिकित्सकों ने घायल महिला को प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। एंबुलेंस चालक ने शव को सीएचसी कोठी में उतार दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची कोठी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है।

# उरई में सवारियों को लेकर बवाल, दो पक्षों में जमकर मारपीट, आगजनी

**उरई जालौन ,समृद्धि न्यूज।**



जिला मुख्यालय उरई के कालपी बस स्टैंड पर दो ट्रैवल कंपनियों के कर्मचारियों के बीच सवारियों को बैठालने को लेकर बबाल हो गया। हमलावरों ने लाठी, डंडों से मारपीट करने के साथ ही मामला आगजनी तक पहुंच गया। घटना की सूचना पर अपर पुलिस अधीक्षक, अपर जिलाधिकारी के साथ क्षेत्राधिकारी एवं कई थानों की पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला और घायलों को उपचार के लिये मेडिकल कालेज उरई में भर्ती कराया। पुलिस ने चार लोगों को हिरासत में लिया तो संवेदनशील बजरिया क्षेत्र में रूटमार्च कर अपराधियों के हौंसले कुचलने का संदेश भी दिया। दरअसल कालपी बस स्टैंड उरई ट्रैवल्स कंपनियों के कई अलग-अलग ऑफिस है जहां सवारियों को अपनी कंपनी की बसों में बैठालने को लेकर अक्सर ही कर्मचारियों के बीच तू तड़ाक की स्थिति लगभग हर रोज उत्पन्न होती रहती थी। बीती रात्रि भी सवारियों को बैठालने को लेकर ट्रैवल्स एजेंसियों के मालिक व उसके स्टाफ के साथ मारपीट कर दी गयी थी। इसी दौरान दूसरे पक्ष बजरिया क्षेत्र से अपने समर्थकों को बुला लिया जिन्होंने एजेंसी मालिक व उसके कर्मचारियों को दौड़ा दौड़ा कर मारपीट शुरू कर दी और वाहनों को आग लगा दी। हमलावरों ने उसे बोतल फेंककर सिर पर मार दी यही नहीं हमलावरों ने कंप्यूटर सेंटर और मेरे कार्यालय में तोड़फोड़ की इतना ही नहीं गोलक में रखे 80 हजार रुपए भी निकाल ले गये। इसी दौरान कमला बस सेंटर के संचालक ने आरोपियों का साथ देकर सड़क पर खड़ी दो बाइकों में आग लगा दी। आग की लपटों से जुटी भीड़ को देखकर शादाब व माजिद धमकी देते हुये मौके से भाग गये। घटना सूचना मिलते ही अपर जिलाधिकारी संजय कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक प्रदीप वर्मा, सीओ सिटी अर्चना सिंह, कोतवाल अंजन कुमार सिंह भारी संख्या में पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति की गंभीरता को देखते हुये जालौन, आटा, डकोर, एट, चुर्खी से भी पुलिस बल उरई बुला लिया गया इसके बाद फायर सर्विस ने मौके पर पहुंचकर आग से जल रही बाइकों में लगी आग को बुझाया। पुलिस ने धरपकड़ करते हुये कुछ लोगों को हिरासत में ले लिया था जिससे बड़ी संख्या में मुस्लिम बाहुल्स बजरिया क्षेत्र से लोग कोतवाली के बाहर एकत्रित हो गये थे।

## वन विभाग व ग्रामीणों ने कुंए से सुरक्षित निकाली मोर

**ऊसराहार, इटावा।** ताखा क्षेत्र के बदकनशाहपुर गांव में तीन दिन से एक कुएं में फंसी मोर को आखिरकार ग्रामीणों और वन विभाग की टीम की मदद से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। ग्रामीण मुकेश शाक्य, अरविंद कुमार, सर्वेश कुमार ने बताया कि तीन दिन पूर्व गांव के बाहर स्थित एक पुराने कुएं में मोर गिर गई थी। मोर के फंसे होने की जानकारी मिलते ही लोग उसकी मदद में जुट गए, लेकिन कुआं गहरा होने के कारण वे खुद उसे निकालने में सफल नहीं हो सके। इसके बाद ग्रामीणों ने वन विभाग को सूचना दी। शनिवार की सुबह वन विभाग की टीम संतोष यादव व अखिलेश कुमार मौके पर पहुंचे और स्थानीय ग्रामीणों की मदद से रेस्क्यू अभियान चलाया गया। करीब दो घंटों की मशक्कत के बाद मोर को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। मोर के बाहर आते ही ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

# सड़क हादसे में घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत

**ऊसराहार, इटावा समृद्धि न्यूज।**

ऊसराहार थाना क्षेत्र के खरगपुर सरैया मार्ग पर हुई सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना के संबंध में मृतक के पुत्र ने पुलिस को तहरीर देकर मामला दर्ज कराया। तहरीर के अनुसार थाना बसरेहर क्षेत्र के नगला बेरी निवासी कृपाल सिंह (50) अपने पुत्र सौरभ कुमार के साथ बीते 5 अगस्त की सुबह लगभग 9.30 बजे मोटरसाइकिल से ऊसराहार के इटुआहार गांव जा रहे थे। रास्ते में खरगपुर सरैया के पास मोटरसाइकिल रोक कर सड़क किनारे खड़े थे। इसी दौरान पीछे से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दु। टक्कर इतनी तेज थी कि कृपाल सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि उनका पुत्र सौरभ बाल-बाल बच गया। घटना के बाद घायल को उपचार के लिए सीएचसी सरसई नावर ले जाया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें जिला अस्पताल इटावा रेफर कर दिया गया। हालत नाजुक होने पर डॉक्टरों ने उन्हें आयुर्विज्ञान सैफई भेजा गया जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। बेटे की तहरीर पर ऊसराहार पुलिस ने मामला दर्ज कर दिया। प्रभारी निरीक्षक बलराम मिश्रा ने बताया कि दुर्घटना में घायल की मौत होने पर बेटे की तहरीर पर बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

# युवक फांसी पर झूला, गंभीर हालत में उरई रेफर

**रामपुरा, जालौन समृद्धि न्यूज।**

रामपुरा थाना क्षेत्र में युवक ने आत्महत्या का प्रयास किया लेकिन परिजनों के द्वारा देख लिए जाने के कारण किसी तरह उसकी जान बचा ली गई। रामपुरा थाना क्षेत्र की ग्राम कदमपुरा में आज घर के अंदर युवक ने आत्महत्या करने का प्रयास किया लेकिन अचानक बच्चों द्वारा देख लिए जाने और चिल्लाने पर परिजन और आसपास के लोगों ने उसे किसी तरह बचा लिया। प्राप्त विवरण के अनुसार रामपुरा थाना क्षेत्र ग्राम कदमपुरा निवासी धर्मेंद्र कुमार पुत्र रघुबीर उम्र 28 बर्ष ने अपने घर के अंदर पंखे की हुक से साफी बांधकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। युवक के भाई अरविन्द सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि कुछ दिनों पहले गांव में पानी टंकी पर एक ग्रामीण द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने की घटना के बाद से धर्मेंद्र कुमार कुछ चिंतित रहने लगा था और खाने पीने के प्रति भी ध्यान नहीं दे रहा था। भाई अरविंद ने बताया कि धर्मेंद्र कुमार को फांसी लगाते बच्चों ने देखा तो शोर मचा दिया परिणाम स्वरूप परिवार व आसपास के लोगों ने तुरंत जाकर उसे फांसी के फंदे से नीचे उतारा धर्मेंद्र कुमार की सांसे चलता देख तुरंत ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुरा लाया गया जहां चिकित्सा अधीक्षक प्रदीप कुमार राजपूत ने प्राथमिक उपचार किया लेकिन हालत गंभीर देखते हुये मेडिकल कॉलेज उरई के लिए रेफर कर दिया है। चिकित्सा अधीक्षक प्रदीप कुमार ने जानकारी देते हुये बताया गया कि धर्मेंद्र कुमार द्वारा फांसी लगाने की बजह सें उसकी गर्दन की हड्डी टूटने की संभावना के चलते व अचेतन स्थिति से होश में ना आने की बजह सें गंभीर हालत में उरई मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर करदिया गया है।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी हाई स्कूल वर्ष 2013 अनुक्रमांक 2739552 का मूल अंक सह प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है।

**प्रार्थिनी**
**पुष्पा तिवारी पुत्री शंख लाल तिवारी ग्राम व पोस्ट जमुना गांव रूपैडिहा बहराइच।**

# कविता पाठ प्रतियोगिता में बच्चों ने दी प्रभावी प्रस्तुतियां

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

सिटी चिल्ड्रेस अकादमी में हिंदी पखवाड़े के सदर्भ में आयोजित कविता पाठ प्रतियोगिता में बच्चों ने प्रभावी प्रस्तुतियां देकर सभी को आश्चर्यचकित कर दिया।




द स्पार्कल्स ग्रुप में नन्हें मुन्नों ने कविताएं सुनाकर सभी को खूब गुदगुदाया। इस ग्रुप से नालन्दा हाउस की कृतिका सिंह को प्रथम, तक्षशिला हाउस के युवराज को द्वितीय व नालन्दा हाउस के विजय हिंद को तीसरा स्थान मिला। द ग्लिटर्स ग्रुप के प्रतिभागियों ने अपनी प्रस्तुतियों से सभी को आनन्दित कर दिया। इस वर्ग में उज्जैन हाउस की समृद्धि ने प्रथम, काशी हाउस की सानवी शाक्य एवं नालन्दा हाउस की मानवी पाल ने द्वितीय व उज्जैन हाउस की अवनी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। द एम्बेसडर्स ग्रुप के प्रतिभागियों ने करुण रस से परिपूर्ण रचनाओं से सभी श्रोताओं को बहुत अधिक प्रभावित किया। इस वर्ग में उज्जैन हाउस के प्रनव मिश्रा ने प्रथम, नालन्दा हाउस की अनुष्का यादव ने द्वितीय एवं उज्जैन हाउस की सुरुचि राठौर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। द पायनियर्स ग्रुप के प्रतिभागियों ने वीर रस से ओतप्रोत प्रस्तुतियों के द्वारा सभी को आनंदविभोर कर दिया। इस वर्ग में उज्जैन हाउस की सूर्याशी ने प्रथम, काशी हाउस की नंदनी त्रिपाठी ने द्वितीय एवं नालन्दा हाउस की तनु यादव ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

इस अवसर पर संस्था के प्रबंधक प्रदीप प्रधान ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं के लिए बच्चों में आत्मविश्वास, शैली, उच्चारण आदि का ज्ञान अति आवश्यक है। प्रशासिका सुधा प्रधान ने बच्चों से संवाद करते हुए उन्हें शुभकामनाएं प्रदान की। सीईओ विश्वास प्रधान ने कहा कि इन प्रतियोगिताओं से बच्चों में आत्म विश्वास के साथ-साथ स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना भी विकसित होती है। मधु प्रधान व प्रधानाचार्या नीरा प्रसाद ने बच्चों को इसी प्रकार लगन के साथ प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित किया। शैक्षणिक प्रमुख प्रेमानंद नायक एवं समन्वयक राम यादव ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। शिक्षक उत्कर्ष अग्निहोत्री एवं शिक्षिका तुलसी पाल के संचालन में हुए कार्यक्रम में प्रबन्धक एवं सीईओ ने विजेताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

# पीएम पोषण योजना के तहत छात्रों को मिलेगा मौसमी फल

**56 लाख से अधिक की धनराशि जारी**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

पीएम पोषण (मध्यान्ह भोजन) योजना के अन्तर्गत अब बच्चों को केवल निर्धारित मीनू के अनुसार भोजन ही नहीं, बल्कि प्रत्येक सोमवार को मौसमी फल भी दिए जाएंगे। इस पहल का उद्देश्य छात्रों को बेहतर पोषण और स्वास्थ्य उपलब्ध कराना है। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने जानकारी दी कि इस योजना के तहत जनपद में प्रति छात्र 4 की दर से कुल 56,31,636/- (छप्पन लाख इकतीस हजार छह सौ छत्तीस रुपये मात्र) की धनराशि विद्यालयों के मध्यान्ह भोजन निधि खातों में हस्तांतरित करने की अनुमति प्रदान की गई है।



परिषदीय स्कूल के बच्चें

जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि शासन की मंशा के अनुरूप सभी विद्यालयों में प्रत्येक सोमवार को निर्धारित मानकों के अनुसार मौसमी फलों का वितरण सुनिश्चित कराया जाए। जनपद में इस योजना के तहत कुल 1,576 विद्यालयों में अध्ययनरत 1,28,965 छात्र-छात्राओं को अतिरिक्त पोषक तत्व प्रदान किए जाने की व्यवस्था की गई है। इनमें 1,006 परिषदीय प्राथमिक विद्यालय, 259 उच्च प्राथमिक विद्यालय, 194 कम्पोजिट विद्यालय, 39 अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालय, 60 इंटर कॉलेज, 13 सहायता प्राप्त मदरसे, 04 दीनदयाल उपाध्याय राजकीय विद्यालय और 01 संस्कृत विद्यालय शामिल हैं।

## जेठ व देवर सहित चार के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज

**छिबरामऊ, कन्नौज।** ग्राम रारुआ निवासी महिला ने अपने जेठ व देवर सहित दो अन्य लोगों के खिलाफ मारपीट का आरोप लगाते हुए आरोपियों के खिलाफमुकदमा दर्ज कराया है। विशुनगढ थाना क्षेत्र के ग्राम ररुआ निवासी लक्ष्मी ने बताया कि बुधवार को वह अपने घर में बैठी अपने पति रघुराज से बात कर रही थी। तभी उनके जेठ कन्हैया आए तो पति रघुराज ने उनसे कहा कि जब खेतों का बटवारा नही हुआ तो खेत क्यों जोत दिए। इतना कहते ही जेठ कन्हैया गालियाँ देने लगे। उसके विरोध करने पर इन्होने आवाज देकर अपने छोटे भाई महराज पुत्र सुरेश व नरेन्द्र पुत्र महेश तथा सन्दीप पुत्र श्रीकृष्ण को बुला लिया और सभी हमलावर हो गए। यह देख वह अपने पति को लेकर घर के अंदर चली गईए लेकिन उक्त लोग उनके पीछे ही घर के अन्दर घुसकर मारपीट करने लगे और फिर कानूनी कार्यवाही करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए।

# कांग्रेस ने बिहार घटना को बताया भाजपा की साजिश

**यूपी में कानून व्यवस्था पर सवाल, मांगा योगी का इस्तीफा**

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

कांग्रेस जिलाध्यक्ष मो. शाकिर हुसैन एडवोकेट ने नगर के दरगाह रोड स्थित कार्यालय में प्रेस वार्ता में बिहार में पीएम मोदी और उनकी मां के खिलाफ कथित अपशब्दों को भाजपा की साजिश करार दिया। उन्होंने दावा किया कि राहुल गांधी ने ऐसे शब्दों का प्रयोग नहीं किया और यह भाजपा का षड्यंत्र है।



उन्होंने उत्तर प्रदेश में योगी सरकार की कानून व्यवस्था पर भी तीखा हमला बोला।

शाकिर ने कहा कि आठ साल के शासन में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। एनसीआरबी के आंकड़ों के हवाले से उन्होंने बताया कि यूपी में महिलाओं और दलितों के खिलाफ अपराध देश में सर्वाधिक हैं, जिसमें 15 प्रतिशत महिला अपराध अकेले यूपी में होते हैं। दलितों पर हमले, उनकी बारातों पर पाबंदी और क्षेत्र से निकालने की घटनाएं बढ़ी हैं। कन्नौज में जनवरी से अगस्त तक 2,798 मुकदमे दर्ज हुए, जो कानून के राज के खात्मे को दर्शाते हैं। अपराधियों में कानून का भय खत्म होने का आरोप लगाते हुए उन्होंने मुख्यमंत्री से नैतिकता के आधार पर इस्तीफे की मांग की।

प्रेस वार्ता में पीसीसी सदस्य संजय पौल, नगर अध्यक्ष आशीष चौहान, आमिर खान एडवोकेट, मेहराज वारसी, राजू खान, शोएल खान आदि मौजूद रहे।

## तहसील कार्यालय में हिंसक झड़प, अधिवक्ता और जिला पंचायत प्रतिनिधि समर्थकों में मारपीट

**छिबरामऊ, कन्नौज।** तहसील कार्यालय में शुक्रवार को एक मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जब अधिवक्ता सचिन बौद्ध और जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि ओमकार शाक्य के समर्थकों के बीच मारपीट हो गई। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस में तहरीर दी, जिसके आधार पर क्रॉस मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू हो गई है। यह घटना स्थानीय राजनीतिक रंजिश और पुराने विवादों का परिणाम मानी जा रही है। खोजीपुर महुआ नगला निवासी अमित शाक्य ने बताया कि वह ओमकार शाक्य, कृष्णकान्त शाक्य और चालक बृजेश कठेरिया के साथ तहसील आए थे। ओमकार एसडीएम से मिलने उनके कक्ष में गए, जबकि अन्य बरामदे में थे। तभी भैनपुरा निवासी सचिन शाक्य पुत्र कमलेश शाक्य वहां पहुंचे और जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य व ओमकार को अश्लील गालियां देने लगे। मना करने पर सचिन ने अपने भाई रिषभ और 3-4 अज्ञात लोगों के साथ मिलकर अमित, कृष्णकान्त और बृजेश पर हमला कर दिया। अमित का गला दबाया गया, बृजेश को जातिसूचक गालियां दी गईं। शोर सुनकर ओमकार और एसडीएम बाहर आए, तब हमलावर भाग निकले। मारपीट में तीनों को चोटें आईं और अमित की चैन गायब हो गई।

**दोनों पक्षों पर मुकदमा दर्ज**

दूसरी ओर, अधिवक्ता सचिन बौद्ध ने दावा किया कि वह तहसील में विधिक कार्य से आए थे। ओमकार ने राजनीतिक रंजिश के चलते 20-30 लोगों के साथ लाठी-डंडों और नाजायज हथियारों से उन पर हमला किया। सचिन को गंभीर चोटें आईं और उनकी छवि धूमिल हुई। अन्य अधिवक्ताओं ने उन्हें बचाया। पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पीएम और उनकी मां के खिलाफ अभद्र भाषा पर भड़कीं विधायक अर्चना पांडेय

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

बिहार में कांग्रेस नेता राहुल गांधी और राजद नेता तेजस्वी यादव की वोटर अधिकार यात्रा के दौरान दरभंगा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी मां के खिलाफ आपत्तिजनक भाषा के इस्तेमाल पर विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडेय ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इस भाषा को अत्यंत निंदनीय और ओछी मानसिकता का परिचायक बताया।



अर्चना पांडेय ने कहा कि राजनीतिक विरोध स्वाभाविक है, लेकिन वाणी का संयम खोना और ऐसी भाषा का उपयोग जो जनमानस को आहत करे, अस्वीकार्य है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री मोदी की मां एक विदुषी महिला थीं, जो अब इस दुनिया में नहीं हैं। उनके खिलाफ ऐसी भाषा का उपयोग शर्मनाक है। विधायक ने कांग्रेस पर घटिया राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि वह शुरू से ही दोषारोपण की राजनीति करती रही है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा, कांग्रेस पहले बैलेट बॉक्स को खराब बताती थी, अब ईवीएम को दोष देती है। जहां हारती है, वहां ईवीएम खराब, और जहां जीतती है, वहां ठीक। शायद अब हारने पर जनता को ही खराब बताएंगे। उन्होंने दावा किया कि बिहार में जनता कांग्रेस की इस मानसिकता को समझ चुकी है और एनडीए फिर से सत्ता में आएगी। अर्चना ने कहा कि केंद्र से सत्ता गंवाने के बाद कांग्रेस के पास जनहित के लिए कोई ठोस विचार नहीं है, केवल आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति बची है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष दिलीप गुप्ता, आदित्य वर्मा, अरुण सिंह, शिव कुमार, पूर्व मंडल अध्यक्ष आनंद गुप्ता, सभासद पंकज दुबे, अंकित शर्मा और वेद प्रकाश राठौर मौजूद रहे।

# खाद की कालाबाजारी और कोटेदारों के भ्रष्टाचार पर भाकियू का आक्रोश




**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

रामलीला मैदान के पास बीके काम्प्लेक्स स्थित भारतीय किसान यूनियन (औनू) के जिला कार्यालय में आयोजित बैठक में जिलाध्यक्ष ठाकुर संजीव सिंह ने खाद की कालाबाजारी पर कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कालाबाजारी नहीं रुकी तो तहसील स्तर पर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि कालाबाजारी करने वालों को चिह्नित कर सख्त कार्रवाई की जाए। प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश चंद दुबे ने कोटेदारों के भ्रष्टाचार पर निशाना साधते हुए कहा कि राशन वितरण में अनियमितताएं चरम पर हैं। कोटेदारों द्वारा राशन कम देने से गरीब किसान और मजदूर परेशान हैं। उन्होंने प्रशासन से राशन वितरण के दौरान कड़ी निगरानी की मांग की ताकि भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया जा सके। बैठक में संगठन के अन्य पदाधिकारियों ने भी किसानों और गरीबों के हितों के लिए एकजुटता दिखाने का संकल्प लिया।

# पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए आयोजित हुई समीक्षा बैठक

**डीएम की अध्यक्षता में बी एंड बी एवं होमस्टे नीति- 2025 के तहत हुई बैठक**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट कार्यालय कक्ष में उत्तर प्रदेश बेड एंड ब्रेकफास्ट (बी एंड बी) एवं होमस्टे नीति- 2025 के संबंध में समीक्षा हुई।



अधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी

बैठक में जनपद में पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने हेतु नीति के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तृत चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं, जिन्हें और अधिक सशक्त बनाने के लिए राज्य सरकार द्वारा लागू की गई यह नीति एक मील का पत्थर साबित होगी। इस नीति के माध्यम से देशी-विदेशी पर्यटक स्थानीय संस्कृति, परंपरा एवं ग्रामीण जीवन शैली का वास्तविक अनुभव प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि नीति के प्रभाव से ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे और स्थानीय अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा। बैठक में बताया गया कि होमस्टे, रूरल स्टे, बेड एंड ब्रेकफास्ट के तहत वे इकाइयाँ, जो अधिकतम 6 कमरों तक के होटल या गेस्ट हाउस के रूप में संचालित हैं, इस नीति के अंतर्गत पंजीकरण हेतु पात्र हैं।

पंजीकरण प्रमाण पत्र प्राप्त होने पर उन्हें अलग से सराय अधिनियम के अंतर्गत प्रमाण पत्र की आवश्यकता नहीं होगी, तथा वे वैध रूप से पर्यटन इकाई के रूप में मान्य होंगी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील स्तर पर 06 सितम्बर 2025 तथा जनपद स्तर पर 08 सितम्बर 2025 को विशेष पंजीकरण कैंप आयोजित किए जाएं। इसमें इच्छुक आवेदकों को ऑनलाइन पोर्टल पर पंजीकरण की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

# रोहिली मेले का डीएम-एसपी ने किया निरीक्षण

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री व पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने जाहिरा देवी मंदिर, रोहिली मेले का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मेले में सुरक्षा व्यवस्था एवं श्रद्धालुओं की सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिए कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और समुचित सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि मेले में पूरी व्यवस्था शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित एवं श्रद्धालुओं के अनुकूल होनी चाहिए, ताकि सभी दर्शन-पूजन एवं मेले का आनंद शांति के साथ ले सकें। जिलाधिकारी ने सम्बंधित विभागों को निर्देशित किया कि किसी भी स्थिति में अव्यवस्था न उत्पन्न होने पाए तथा साफ-सफाई, पेयजल, चिकित्सा सुविधा, पार्किंग एवं ट्रैफिक प्रबंधन आदि सभी बिंदुओं पर विशेष ध्यान दिया जाए। इस दौरान उप



जिलाधिकारी छिबरामऊ ज्ञानेन्द्र कुमार द्विवेदी, तालग्राम थानाध्यक्ष शशिकांत कनौजिया सहित पुलिस एवं प्रशासन के अन्य संबंधित अधिकारी रहे।

**सूचना**

मैने व मेरी पत्नी ने अपनी पुत्री कविता के गलत चाल चलन के चलते अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगी। मेरा व मेरी पत्नी का कोई सरोकार नहीं होगा।

**गेंदालाल पुत्र राजेन्द्र सिंह व मालती देवी पत्नी गेंदालाल निवासी ग्राम दरियापुर हीरामन थाना नवाबगंज जिला फर्रुखाबाद हाल निवासी गीता पुरम कालोनी, फतेहगढ़, फर्रुखाबाद।**

**सूचना**

मेरा हाईस्कूल रोल नं0-973746 व इंटर मीडिएट रोल नं0-492974 का अंकपत्र कहीं रास्ते में गिर/खो गया है। जिसकी काफी खोजबीन की, लेकिन नहीं मिला। मुझे हाईस्कूल व इंटर मीडिएट के अंकपत्र की दूसरी प्रति की आवश्यकता है।

**कौशल किशोर पुत्र हरीराम निवासी म0नं0-5/408 आवास विकास कालोनी, फर्रुखाबाद।**

# दो महिला दरोगा समेत 24 एसआई को मिली नई तैनाती

**कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

**कई चौकियों में लंबे समय से खाली चल रही थी इंचार्ज की पोस्ट, एसपी ने जारी किया आदेश**

जनपद में कानून- व्यवस्था को चुस्त- दुरुस्त बनाने के उद्देश्य से पुलिस महकमे में बड़ा फेरबदल किया गया है। एसपी विनोद कुमार ने 24 सब इंस्पेक्टर (एसआई) के कार्यक्षेत्र में बदलाव करते हुए नई पोस्टिंग की सूची जारी की। इनमें दो महिला दरोगा भी शामिल हैं। जिन 24 दरोगाओं का ट्रांसफर किया गया। उनमें से 20 दरोगा अब तक पुलिस लाइन में तैनात थे, जिन्हें अब विभिन्न थानों और चौकियों की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

महिला दरोगा पूर्णा को पुलिस लाइन से स्थानांतरित कर कचहरी चौकी प्रभारी बनाया गया है, जबकि गीता पाठक को परिवार परामर्श केंद्र की जिम्मेदारी सौंपी गई। करनवीर सिंह को मकरंदनगर चौकी प्रभारी, सुमेश चंद्र को जिला अस्पताल चौकी प्रभारी, भागमल को हाजी शरीफ चौकी प्रभारी, देवेंद्र प्रसाद को शेखाना चौकी प्रभारी, धर्मेंद्र सिंह को इंदिरा नगर (गुरसहायगंज) चौकी प्रभारी, सुरेंद्र पाल को रामाश्रम चौकी प्रभारी, राजेश कुमार को हसेरन चौकी प्रभारी, महेंद्र कुमार को चपुन्ना चौकी प्रभारी, मुनीश कुमार को सकरावा कस्बा चौकी प्रभारी, अंकित यादव को खडिनी चौकी प्रभारी बनाया गया।

वही चैनपाल सिंह सौरिख थाना, सुखवीर सिंह कन्नौज कोतवाली, रामनारायण सिंह तालग्राम, शीलेश कुमार इंदरगढ़, नरेंद्र सिंह तिर्वा कोतवाली, गोपाल जी तिवारी सम्मन सेल प्रभारी, कृष्ण कुमार मिश्रा व्यापारी प्रकोष्ठ प्रभारी, श्रीराम निरंजन चुनाव प्रकोष्ठ प्रभारी बनाया गया। इसके अलावा, वर्तमान चौकी प्रभारियों का भी तबादला किया गया है। रामाश्रम चौकी प्रभारी हरीश कुमार को नौरंगपुर चौकी भेजा गया है। तिर्वा कोतवाली के वरिष्ठ उपनिरीक्षक दीपक कुमार को समधन चौकी प्रभारी बनाया गया है।

वहीं, छिबरामऊ कोतवाली के मनुज कुमार को छिबरामऊ कस्बा चौकी की जिम्मेदारी दी गई है। कचहरी चौकी के प्रभारी सुभाष चंद्र को अब कन्नौज मंडी चौकी प्रभारी नियुक्त किया गया है।

# भक्ति गीतों पर नृत्य ने मोह लिया मन



**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

जय बालाजी सेवा समिति इंदिरा आवास कॉलोनी के बैनर तले श्री गणेश महोत्सव के सांस्कृतिक कार्यक्रम में भक्ति गीतों पर नृत्य ने दर्शकों का मन मोह लिया। राधा तू गोरी घनों में करो गीत पर यशिका रानी तिवारी ने नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। दर्शक उठने का नाम नहीं ले रहे थे। कार्यक्रम में शंकर जी की बारात मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। बाराती के रूप में सजे भूत-प्रेतों ने कार्यक्रम की भव्यता को बढ़ाया। शंकर पार्वती की छटा देखते बन रही थी। पार्वती के रूप में सजी यशिका रानी व शंकर जी के रूप में सजे शुभ मिश्रा ने पंडाल का माहौल भक्ति मय कर दिया। मुख्य अतिथि धर्मेंद्र वर्मा ने भगवान श्री गणेश जी की आरती उतारी और कहा कि यह उनके लिए बड़े सौभाग्य का विषय है कि उन्हें दरबार में आने का मौका मिला। कार्यक्रम के आयोजक सर्वेश कुमार तिवारी ने मुख्य अतिथि को अंग वस्त्र भेंट किए एवं आए हुए भक्तों का हृदय से आभार व्यक्त किया और सभी को प्रसाद वितरित किया।

# काव्य पाठ के प्रस्तुतीकरण से भावविभोर हुए श्रोता

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।** क्षेत्र के अनौगी स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय में सुरभि सांस्कृतिक क्लब के तत्वावधान में भव्य काव्य पाठ समारोह का आयोजन किया गया। शासन के दिशा-निर्देशों के अनुसार छात्र- छात्राओं के व्यक्तित्व विकास एवं सांस्कृतिक चेतना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कवि कुमार विवेक, आफताब कवि कन्नौजी जैसे प्रतिष्ठित कवियों के प्रभावशाली काव्य पाठ से हुई, जिसमें सामाजिक समरसता, मानवीय मूल्य और देशप्रेम की भावनाओं को प्रमुखता से प्रस्तुत किया। महाविद्यालय के पूर्व छात्र वैभव और प्रशांत द्वारा किए गए काव्य पाठ ने छात्र- छात्राओं में विशेष उत्साह और ऊर्जा का संचार किया। उनके संवेदनशील प्रस्तुतीकरण ने सभी श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। इस अवसर पर एक रंगोली प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें छात्र- छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

**कार्यालय ग्रा0पं0 चांदपुर वि0ख0 नवाबगंज, फर्रुखाबाद**

पत्रांकः ग्रा0पं0/ राज्य वित्त/15वां वित्त/मनरेगा योजनान्तर्गत/ वित्तीय वर्ष 2025-2026 दिनांक 30/08/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/15वां वित्त/मनरेगा योजना के अंतर्गतग्राम पंचायत चांदपुर द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यो पर सामग्री आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादातायों से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 31/08/2025 से 06/09/2025 तक अपरान्ह 03 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 06/09/2025 को अपरान्ह 04 बजे प्रधान/सचिव व निविदादाताओं की मौजूदगी में खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0 पं0 कार्यालय से रू 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1- | उचित दर दुकान व जन सुविधा केंद्र का निर्माण कार्य | बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार | 7.49 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्ते-** निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

**प्रधान-(बबिता सिंह) ग्रा0पं0 चांदपुर, वि0ख0 नवाबगंज सचिव-(आकांक्षा सक्सेना )**

# आलू का भाव कमजोर होने से किसान चिंतित

**कनीशा कोल्ड स्टोरेज में 2 लाख 7 हज़ार आलू हुआ था भंडारित अब तक 55 हज़ार की हुई निकासी**

**समधन, समृद्धि न्यूज़।**

आलू भाव काफी कमजोर होने की वजह से किसान कोल्ड स्टोरेजों में जाने तक की हिम्मत नहीं जुटा रहें भाव देख किसान काफी चिंतित हो चुका है।



शनिवार को क्षेत्र के मलिकपुर स्थित कनीशा कोल्ड स्टोरेज में जब हमारे संवाददाता ने पहुंचकर आलू भाव के बारे में कोल्ड स्टोरेज के मैनेजर मुहम्मद आमिर लकी से जानकारी की गई तों उन्होंने बताया कि कोल्ड स्टोरेज में 2 लाख 7 हज़ार आलू पैकेज भंडारित हुआ था जिसमें से 28 अगस्त 2025 तक केबल 55 से 60 हज़ार पैकेट निकासी हुई है और इस समय रैट कंचन आलू 300 रूपए पैकेट से 330 रुपए तक बिक रहा है और सफेद आलू 200 से 225 तक बिक्री हुआ है साथ ही हाइलैंड्स आलू 350 से 400 रुपए पैकेट बिक्री हुई है आमिर लकी ने आगे बताया कि हमारे यहां जो आलू पैकेट के हिसाब बिकता है उसमें व्यापारी से किसान का आलू जो भी रैट की सौदा तय होती है तो आलू पैकेट कोल्ड स्टोरेज के अंदर ही बिक्री से होता है जिसका कोल्ड स्टोरेज का भांडा खरीदने वाले व्यापारी को ही देना होता है रैट काफी सस्ता होने की वजह से किसान कोल्ड स्टोरेजों तक पहुंचने के लिए उचित नही समझ रहा है। कोल्ड में इक्का-दुक्का ही किसान दिख रहे हैं। उधर आलू सस्ता होने की वजह से बाजारों में खरीदारी कम होती देखी जा रही है।



## गेस्ट हाउस में अवैध रूप से चल रहे अस्पताल पर छापा

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।** नगर के एक निजी गेस्ट हाउस में अवैध रूप से फिजियोथेरेपी के नाम पर चलाए जा रहे अस्पताल की जानकारी होते ही स्वास्थ्य अधिकारियों ने छापा मार कर दवाइयां और मशीनें जप्त कर ली। नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के मुख्य चिकित्साधिकारी राहुल मिश्रा ने बताया कि नगर के एक निजी गेस्ट हाउस में फिजियोथेरेपी के नाम पर अवैध रूप से अस्पताल चलाया जा रहा था, जिसमें पहुंचने वाले मरीजों के साथ पर्चा व दवाइयों के नाम पर लूट की जा रही थी, जिसकी जानकारी होते ही उनके नेतृत्व में डॉ अजय पाल, डॉ प्रताप दीक्षित व डाटा इंट्री ऑपरेटर ने वहां छापा मार कर दवाइयां और मशीनों को जब्त करके सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचा दिया। इस संबंध में चिकित्साधिकारी राहुल मिश्रा ने बताया कि अस्पताल पहुंचने पर अभिलेख मांगे गए, लेकिन कोई अभिलेख ना दिखा पाने के कारण यह कार्रवाई अमल में लाई गई। मामले की पूरी जानकारी सीएमओ को दे दी गई है और अब सीएमओ के आदेश के अनुसार विधिक कार्रवाई की जाएगी।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद।**

पत्रांकः 606/ 1-30/2025-26 दिनांक 29/08/2025

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित ई-निविदा नोटिस के अनुसार 15वाँ वित्त आयोग में उपलब्ध धनराशि से कार्यालय अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, फर्रुखाबाद में ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

**निविदा नोटिस सं0 599 ई-निविदा-जलकल**

1-निविदाओं का विस्तृत विवरण वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।
2-आमंत्रित निविदा दिनाँक 12.09.2025 अपरान्ह 4.00 बजे तक उक्त वेवसाइट पर डाउनलोड/अपलोड की जा सकती है।
3-अपलोड करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र वांछित समस्त अभिलेखों एवं मूल जमानत धनराशि के साथ दिनांक 12.09.2025 समय अपरान्ह 4.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा की सकती है।
4-निविदाओं की तकनीकी बिड ऑनलाइन दिनांक 12.09.2025 को अपरान्ह 04: 30 बजे खोली जायेंगी।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, फर्रुखाबाद**

# नोटिस के विरोध में व्यापारियों के साथ आया भाकियू, आंदोलन की बनी रुपरेखा

**113 अतिक्रमणकारी दुकानदारों को चिंहित कर बीते दिन दिये गये थे नोटिस**

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

पीडब्ल्यूडी तथा राजस्वकर्मियों के द्वारा फर्रुखाबाद रोड पर बीते दो दिन पूर्व की गई पैमाइश के विरोध में किसान यूनियन का समर्थन लेकर दुकानदार ने विरोध जताया। जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के फर्रुखाबाद रोड पर 2 दिन पूर्व पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों तथा राजस्व कर्मियों ने पुलिस बल के साथ मेन चौराहे से फर्रुखाबाद रोड पर नापजोख कराई थी। जिसके चलते उसी दिन चिन्नांकन भी किया गया था। बीती रात पीडब्ल्यूडी के अधिकारी कस्बा नवाबगंज आए और 113 अतिक्रमणकारी दुकानदारों को नोटिस दिए। जिसमें एक सप्ताह का समय दिया गया। बताया गया कि एक सप्ताह के अंदर सभी अतिक्रमणकारी दुकानदार अपनी दुकानों का अतिक्रमण हटा लें अन्यथा की स्थिति में उनको इसका मलवा उठाने, एकत्र करने की भरपाई भी खुद ही करनी पड़ेगी। जिससे उत्तेजित दुकानदार शनिवार को किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष अजय कटियार, मंडल उपाध्यक्ष अरविंद शाक्य, लक्ष्मी शंकर जोशी आदि लोग मंडी पहुंचे। जहां बैठक कर सरकार को नीतियों को गलत बताया तथा आगे आंदोलन की रुपरेखा बनायी। सभी व्यापारियों ने किसानों के साथ मिलकर जिला अधिकारी कार्यालय पर ज्ञापन देने की रणनीति बनायी। वहीं जिला अध्यक्ष अजय कटियार ने बताया कि अभी जाकर मंडल उपाध्यक्ष अरविंद शाक्य के आवास पर आगे के लिए चर्चा की जाएगी तथा सोमवार या मंगलवार को जिलाधिकारी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया जायेगा। इस मौके पर अरविंद शाक्य, लक्ष्मी शंकर जोशी, अफरोज मंसूरी, अजय कटियार, छविनाथ शाक्य, सुग्रीव पाल तथा यूनियन के कार्यकर्ता व व्यापारी बैठक में मौजूद रहे।


मंडी में बैठक कर आंदोलन की रणनीति बनाते दुकानदार व भाकियू नेता

# छात्र-छात्राओं ने "एक पेड़ मां के नाम" लगाकर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

शासनादेश के अनुसार पर्यावरण संरक्षण के हित में कदम उठाकर विद्यालय में एक पौधा मां के नाम छात्र-छात्राओं ने पेड़ लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

जानकारी के अनुसार कस्बा नवाबगंज के प्राथमिक विद्यालय पर प्रधानाध्यापक संजीव रंजन तथा सहायक अध्यापक प्रशांत कटियार ने शासनादेश के अनुसार पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। अभियान के तहत सभी बच्चों को एक पेड़ मां के नाम लगाने का संदेश दिया। जिसमें विद्यालय के समस्त बच्चों ने विद्यालय परिसर में तथा गमले में एक पेड़ मां के नाम लगाकर स्वच्छ पर्यावरण का संदेश दिया। शिक्षकों ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी छात्र इन पेड़ों की देखभाल भी करें। जिससे यह बड़े हो सकें। उन्होंने कहा कि पेड़ों से हमें जीवन रुपी ऑक्सीजन मिलती है। ऑक्सीजन के बगैर हम जिन्दा नहीं रह सकते हैं। इसलिए हमें पेड़ों के महत्व को समझना चाहिए। इस मौके पर प्रधानाध्यापक संजीव रंजन, प्रशांत कटियार, वसीम अख्तर तथा छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।


पेड़ों के साथ छात्र-छात्राऐं

# इंडेन गैस टैंकर व डम्पर की आमने-सामने भिड़ंत से गैस टैंकर चालक की मौत

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बीती रात इंडेन गैस टैंकर व डम्पर की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत में इंडेन गैस टैंकर चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। करीब डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद उसके शव को निकालकर मोर्चरी भेजा गया। वहीं दो घायलों को लोहिया अस्पताल में भर्ती किया गया।

दुर्घटना से हाईवे पर लम्बा जाम लगा रहा। जानकारी के अनुसार शनिवार को कोतवाली क्षेत्र के ग्राम इटावा-बरेली हाईवे पर ग्राम बनपोई के निकट तेज रफ्तार गैस टैंकर व डम्पर की आमने-सामने भीषण भिड़ंत हो गयी। जिसमे गैस टैंकर के परखच्चे उड़ गये। चालक चेचिस में फंसकर आगे लटक गया। चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। मृतक चालक 45 वर्षीय नरेश पुत्र जसवंत यादव निवासी ग्राम लालजी पूर्व मंगलपुर कानपुर देहात बताया जा रहा है। करीब डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद उसके शव को निकाला जा सका। वहीं डम्पर चालक 32 वर्षीय विश्राम सिंह निवासी दनक्ष सैया आगरा व डम्पर सहायक विजय पुत्र मातादीन निवैस टीकापुर सैया आगरा गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गयी। पुलिस ने शव निकलवाकर मोर्चरी में रखवा दिया है।


मौके पर खड़े क्षतिग्रस्त वाहन व जांच करती पुलिस

## गवाह को जान से मारने की धमकी के मामले में मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शमीम हत्याकांड के गवाह फजल मंसूरी को सोशल मीडिया पर जान से मारने की धमकी देने के मामले में फतेहगढ़ पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

जानकारी के अनुसार फजल मंसूरी ने पुलिस में दी गई तहरीर में कहा कि माफिया अनुपम दुबे को आजीवन कारावास की सजा सुनाए जाने के बाद उनके समर्थक बौखला गए हैं। उसका कहना है कि जिस मुकदमे में माफिया अनुपम दुबे को सजा हुई है उस मुकदमें में वह गवाह है। अनुपम दुबे के सहयोगिया द्वारा सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट किये जा रहे हैं तथा पोस्ट के माध्यम से धमकियां दी जा रही हैं। तहरीर में पांच सोशल मीडिया एकाउंट्स का जिक्र किया। जिनमें भक्त भोले बाबा, कौशलेंद्र दुबे, रामू त्रिपाठी, प्रमोद मिश्रा, जय श्रीराम आदि आईडी शामिल हैं। पुलिस ने गवाह फजल मंसूरी की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए धारा-351(2), 353(1)(बी) और 353(2) बी.एन.एस. के तहत मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। फिलहाल पुलिस भड़काऊ पोस्ट करने वालों की तलाश कर रही है।


कोतवाली से निकलते फजल मंसूरी

# मां की मारपीट से क्षुब्ध पुत्री ने फांसी लगाकर जान देने का किया प्रयास

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

मां की मारपीट से क्षुब्ध पुत्री ने फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। मां के देख लेने पर उसे आनन-फानन में उतारकर सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत बिगड़ने पर उसे लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गाँव कटरा रहमत खॉ निवासी सायरा उम्र 18 वर्षीय पुत्री वकील से उसकी मॉ ने कहा बेटी खाना बना लो, तो बेटी ने खाना बनाने से मना कर दिया, तो मॉ ने बेटी के साथ मारपीट कर दी। गुस्से में बेटी सायरा ने ऊपर छत की एक मजिल पर जाकर दुपट्टे से कुंडे में फॉसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया।

कुछ देर बाद मां को बेटी सायरा के घर में न दिखने पर ऊपर बने कमरे में जाकर देखा, तो सायरा फाँसी के फन्दे पर लटकी थी। जिससे चीख पुकार मच गई। मॉ ने तुरंत दुपट्टा काटकर सायरा को फांदे के फंदे से उतारा तथा परिजन आनन-फानन में कायमगंज सीएचसी लेकर पहुंचे। जहाँ ड्युटी पर तैनात चिकित्सक डा0 अमरेश कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत बिगड़ने पर सायरा को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।


एंबूलेंस से अस्पताल जाती युवती

## खबरें एक नजर में

### गणेश महोत्सव में पहुंचकर लोगों ने टेंका माथा, आरती में लिया भाग


आरती के दौरान मौजूद भक्तगण

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर के मेरठ कोल्ड स्टोर के सामने रेलवे रोड कायमगंज में श्री गणेश महोत्सव में चल रही आरती में दर्जनों लोगों ने पहुंचकर माथा टेंका और गणपति बप्पा मोरया के उद्घोष लगाये। बताते चलें कि इस समय नगर में जगह-जगह पांडालों में भगवाण गणपति की पूजा अर्चना चल रही है। जिससे नगर का माहौल भक्तिमय बना हुआ है। इस मौके पर उत्तर प्रदेश व्यापार संगठन के जिला महामंत्री जितेंद्र रस्तोगी, उपाध्यक्ष संगम शाक्य, बबलू राठौर, विकाश, अंकित, पुनीत, छोटू, सुनील शर्मा, आदित्य तथा सैकड़ों भक्तगण उपस्थित रहे। आरती के उपरांत सभी को प्रसाद वितरण किया गया। गणेश भगवान की मूर्ति के समक्ष सभी ने माथा टेंका और सर्व मंगल की कामना की।

### पुलिस ने पांच जुआरियों को दबोचा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली पुलिस ने जुआ खेलते पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मौके से हजारों रुपए बरामद किए है। अपराध एवं अपराधियों व जुआरियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में कोतवाली कायमगंज कस्बा चौकी इन्चार्ज नागेन्द्र सिंह कांस्टेबिल विजय गुर्जर, कांस्टेबिल विनीत कुमार, कांस्टेबिल सचिन कुमार की टीम लालबाग क्षेत्र में गशत कर रही थी, तभी मुखबिर खास ने सूचना दी कि पास के खेत में कुछ लोग केले के बाग के पास खाली पड़े खेत में जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर पुलिस ने दबिश दी और पांच लोगों को पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपितों में रहीश, फैसल, सलीम, जावेद और जमील निवासीगण लालबाग शामिल हैं। तलाशी में रहीश से 910 रुपये, फैसल से 400 रुपये, सलीम से 220 रुपये, जावेद से 600 रुपये और जमील से 150 रुपये बरामद हुए। वहीं माल फड़ से 600 रुपये भी पुलिस ने कब्जे में लिए। इस प्रकार कुल 2880 रुपये नगद और 52 अदद ताश के पत्ते बरामद किए। पुलिस ने जुआ अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### बंद मकान का ताला तोड़कर चोरी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** परिजनों के साथ बाहर नौकरी करने गये एक ग्रामीण के घर का ताला तोड़कर चोरों ने सामान चोरी कर लिया। घटना के संबंध में पड़ोसियों ने युवक को सूचना दी। जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव करनपुर निवासी दीपक सोलंकी अपने परिजनों के साथ रोजी रोटी की तलाश में बीते कुछ दिन पूर्व दिल्ली चला गया था। जिसके चलते उसके घर पर ताला लगा था। बीती रात किसी समय अज्ञात चोरों ने उसके घर के ताले तोड़ दिए और सामान चोरी कर लिया। जब सुबह आसपास के पड़ोसी जागे, तो अचानक दरवाजे खुले देख शक हुआ। जिस पर पड़ोसी अंदर गये, तो देखा कि सामान बिखरा पड़ा था। घटना की सूचना मकान मालिक दीपक सोलंकी को दी गयी। जानकारी होने पर पीड़ित दीपक सोलंकी ने फोन पर बताया कि चोरी की सूचना मिली है। वह लोग अपने घर आ रहे है। तब जानकारी कर पुलिस को तहरीर दी जायेगी।

# गणपति बप्पा मोरया कमेटी के तत्वावधान में हरिनाम कीर्तन व देवी जागरण सम्पन्न

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

शुक्रवार रात मुख्य बाजार में हरिनाम कीर्तन व भव्य देवी जागरण का आयोजन हुआ। जागरण में सुंदर भजनों पर भक्त भाव विभोर नजर आए।

शुक्रवार रात नगर के मुख्य बाजार स्थित हनुमान मंदिर पर गणपति बप्पा मोरया कमेटी के सौजन्य से नोएडा स्कॉन मंदिर से आए अभिषेक प्रभु, रानू प्रभु, यशोदा नंदन दास प्रभु आदि भक्तों ने हरिनाम कीर्तन का आयोजन कर हरिकथा का वर्णन किया। कीर्तन में हरे राम हरे राम, राम राम हरे हरे, हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे, महामंत्र का जाप हुआ। कीर्तन के बाद प्रसाद वितरण किया गया। बताते चलें नगर की चिकन वाली गली स्थित कमल मंदिर पर गणपति महोत्सव में गणपति देवा मौर्य कमेटी की तरफ से भव्य देवी जागरण का आयोजन हुआ। जागरण में मुख्य अतिथि के रूप में नन्हें वर्मा व रजनेश राठौर ने फीता काटकर जागरण का शुभारंभ किया। अर्चना जागरण ग्रुप में दूर-दूर से आए कलाकारों ने अपने भजनों से जागरण में नगर वासियों का मन मोह लिया, तो वहीं आकर्षक राधा कृष्ण, शंकर पार्वती आदि झांकियों ने श्रद्धालुओं को पलक तक झपकने नहीं दी। सुंदर भजनों पर भक्त झूमते नजर आए। जहां एक तरफ महिलाएं माता रानी के भजनों पर झूम रही थी, तो वहीं दूसरी तरफ कमेटी के पदाधिकारी व अन्य भक्तगण नाचकर माता रानी को रिझाने की प्रयास में लग रहे। सुबह तारा रानी की कथा के बाद प्रसाद वितरण कर जागरण का समापन किया गया। इस मौके पर गणपति देवा मोरया कमेटी के प्रबंधक प्रमोद मिश्रा, संरक्षक पप्पू राठौर, अध्यक्ष आनंद कश्यप, कोषाध्यक्ष अमित ठाकुर, अभिषेक राठौर, आलोक गुप्ता, बलदेव कश्यप, सुनील राठौर, ज्ञानेंद्र कश्यप, अनूप राठौर आदि मौजूद रहे।


कार्यक्रम के दौरान मौजूद पदाधिकारी, मौजूद कलाकार व सजी झांकियां

# बाढ़ प्रभावित ग्राम शाहीपुर में लगा नि:शुल्क चिकित्सा कैंप

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

गत माह से कंपिल क्षेत्र का गाँव शाहीपुर बाढ़ से प्रभावित चल रहा है। बाढ़ के चलते संक्रामक बीमारियां पैर पसारने लगी हैं।

जिलाधिकारी के निर्देश पर बाढ़ प्रभावित ग्रामों में चिकित्सा कैंपों का भी आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को कम्पिल के ग्राम शाहीपुर में चिकित्सा कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर उनको नि:शुल्क दवायें दी गयीं। इस दौरान काफी संख्या में ग्रामीण खांसी, जुकाम, बुखार व त्वचा रोग से पीड़ित मिले। चिकित्सकों ने ग्रामीणों से कहा कि मौसम बदल रहा है। साथ ही बाढ़ का प्रकोप भी है। ऐसे में संक्रामक बीमारियां तेजी से फैल रही हैं। इसलिए सभी को विशेष सावधनी बरतनी चाहिए। जरा सी असावधानी उन पर भारी पड़ सकती है।


मरीजों को देखकर दवायें देते चिकित्सक

# हत्या के मामले में दो आरोपियों को आजीवन कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अवैध शस्त्र से हत्या करने के मामले में अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या आठ न्यायाधीश दीपेंद्र कुमार सिंह ने सुखेन्द्र सिंह पुत्र नाजर, राकेश सिंह पुत्र बच्चू निवासीगण ग्राम पट्टी जासूपुर राजेपुर को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर आजीवन कारावास से दंडित किया है। बीते चार वर्षो पूर्व थाना राजेपुर क्षेत्र के ग्राम भरखा निवासी इतनेश कुमार पुत्र चिरौंजी पाल ने 8 जनवरी 2021 को पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा था कि मेरा साला गंगाराम पुत्र रामकिशोर निवासी ग्राम जसूपुर जो काफी वर्षो से पंजाब में प्राइवेट नौकरी करता था। मेरे घर सुबह आया था। आते ही वह सो गया। शाम करीब 5 बजे अपने घर जाने की बात कहकर चला गया। इसके बाद लगभग सात बजे मुझे फोन करके बताया कि मेरे गांव के सुखेन्द्र, राकेश ने गोली मार दी है, आप जल्दी आ जाओ। जब मैंने अपने साले से पूछा कि तुम कहां पर हो, तो उसने बताया कि मैं अपने गांव जासूपुर में हूँ। मैं व मेरे अन्य परिजन घटनास्थल पर पहुंचे, तो मेरा साला तड़प रहा था। उसको इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजेपुर ले गया। हालत गंभीर होने के कारण उसे डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल भेज दिया गया। वहां से उसे सेफई मेडिकल कॉलेज के लिया रेफर कर दिया गया। जहां रास्ते में उसकी मौत हो गयी थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया था। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायलय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता अभिषेक सक्सेना की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश दीपेंद्र कुमार सिंह ने सुखेन्द्र को हत्या व अवैध शस्त्र के मामले में दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास व 12 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया व राकेश को हत्या के मामले में आजीवन कारावास व दस हजार के अर्थदंड से दंडित किया।



जनपद न्यायालय फर्रुखाबाद


कार्यकर्ताओं को फार्म देते सर्वेश कुशवाहा व जितेंद्र सिंह आदि

## आगरा खंड स्नातक चुनाव में वोट बनवाने के लिए वितरित किये गये फार्म

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** आगरा खंड स्नातक के चुनाव संबंधित नए वोट बनवाने के लिए कार्यकर्ताओं को फार्म वितरित किये गये। जिला मंत्री भाजपा सर्वेश कुशवाहा, जिला संयोजक आर्थिक प्रकोष्ठ जितेंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष कमल भारद्वाज, पूर्व मंडल अध्यक्ष विकास पांडे, ब्लॉक बूथ प्रमुख शिव प्रताप सिंह, विनीत भारद्वाज, हेम सिंह लोधी, संजीव गुप्ता, आकाश ठाकुर, शिवमंगल सिंह, आकाश गुप्ता, योगेंद्र सिंह राठौड़, प्रधान संजय पाल, रूपेश गंगवार सभी कार्यकर्ताओं को फार्म वितरण किए गए।

### साइकिल का चिमटा टूटने से छात्र घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गॉव आखूनपुर निवासी आर्यन उम्र 9 वर्षीय पुत्र सूरज सिंह के गाँव में बाढ़ आने के कारण वह साईकिल द्वारा कोचिंग पढ़ने मास्टर अखलेश के यहाँ गंगादरवाजा गया था। कोचिंग पढ़कर वापस घर लौटते समय जैसे ही वह गाँव लखनपुर के पास पहुंचा, तभी अचानक साइकिल का चिमटा टूट गया। जिससे साइकिल सवार किशोर घायल हो गया। आसपास के लोगों की मदद से घायल किशोर को कायमगंज नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया गया।

### गाली-गलौज का विरोध करने पर किशोर को पीटा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कम्पिल थाना क्षेत्र के गाँव सुल्तानपुर पलनापुर निवासी रमजाना पत्नी अली बख्स ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा है कि मेरा बेटा रुकमान उम्र 14 वर्ष व साहिल उम्र 6 वर्ष के साथ घर के दरवाजे के सामने बकरी चरा रहे थे, तभी गाँव के ही गुलाब, करु पुत्रगण दरबारी, आशिक अली पुत्र करू और गुलाब का दामाद युनुस एक राय होकर आये और मेरे लड़को को गालियाँ देने लगे। जब मेरे बेटे ने गली देने से मना किया, तो उक्त लोगों ने मेरे तीनों बेटों को लात-घूसों व लाठी-डन्डों से बुरी तरह मारापीटा और युनुस ने ईट मारकर मेरे बेटे रुकमान के सर पर ईट मारकर सर फोड़ दिया। अन्य लोगों ने बीच बचाव किया। उक्त लोग जानसे मारने कि धमकी देकर चले गये। इससे पूर्व में भी उक्त लोगों के मेरे घर में घुसकर मारपीट की थी। पुलिस ने माँ की तहरीर पर बेटे रुकमान का कायमगंज सीएचसी में मेडिकल परीक्षण करवाया।

# धार्मिक स्थल से जाति विशेष का झंडा उतारकर फेंका


झाड़ियों में पड़ा झंडा व जांच करते सीओ

**कम्पिल/कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

धार्मिक स्थल पर लगा झंडा शरारतीतत्वों नें उतारकर फेंक दिया। घटना के बाद ग्रामीणों मे रोष फैल गया। ग्रामीण ने तहरीर पुलिस को दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सीओ ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव निजामुद्दीनपुर निवासी चंदा खां ने दी तहरीर मे बताया की शुक्रवार शाम 6 बजे तीन अज्ञात युवकों नें धार्मिक स्थल पर लगा झंडा उखाड़कर फेंक दिया। आरोप है कि आग लगाकर जला दिया। गांव निवासी फैजान ने युवकों को झंडा उतारकर आग लगाते देखा। फैजान ने घटना की जानकारी अन्य लोगों को दी। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गयी। घटना को लेकर ग्रामीणों नें रोष जाहिर किया। आरोप है कि फैजान द्वारा एक युवक से शिकायत करने पर युवक ने गाली-गलौज की। ग्रामीणों नें धार्मिक भावनाओं को आहत करने का आरोप लगाया। शनिवार सुबह थाने पहुँच ग्रामीणों ने तहरीर पुलिस को दी। थाना प्रभारी ने मामले की जांच कर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। जिसके बाद ग्रामीण वापस लौट गए। मौके पर पहुंची पुलिस नें जांच पड़ताल की। दोपहर बाद सीओ कायमगंज राजेश द्विवेदी ने भी ग्रामीणों से जानकारी की। घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। जिसमे धार्मिक गीत के साथ एक युवक धार्मिक स्थल पर चढ़कर धार्मिक झंडा फेंकते हुए नजर आ रहा है। थाना प्रभारी कपिल चौधरी ने बताया की तीन किशोर ने पानी की टंकी से झंडा उतार दिया था। तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जाएगी। सीओ राजेश कुमार द्विवेदी का फोन बंद था।

### बंदरों ने युवक पर बोला हमला

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गाँव खेतलपुर सौरिया निवासी गुड्डू शाक्य उम्र 48 वर्षीय पुत्र अमर सिंह शाक्य घर के बाहर बैठे थे। उनके घर में बन्दर का बच्चा आ गया और वह चीखने लगा। उसकी आवाज सुनकर बन्दरों के झुन्ड ने गुड्डू पर हमला बोल दिया। जिससे वह बुरी तरह से घायल हो गया। आसपास के लोगों की मदद से परिजनों ने बंदरों के झुंड को भगाया तथा घायल गुड्डू को सामुदायिक स्वास्थ्य में लेकर पहुंचे। जहां घायल का उपचार जारी है।

### उप निरीक्षक राजेश राय बने जहानगंज के थानाध्यक्ष

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बीती रात पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने थाना जहानगंज के थानाध्यक्ष जितेंद्र पटेल का गैर जनपद तबादला हो जाने पर एसओजी उप निरीक्षक राजेश राय को थाना जहानगंज का एसओ बनाया। राजेश राय पूर्व में कादरीगेट के थानाध्यक्ष भी रह चुके हैं।

# पुलिस ने ट्रैक्टर स्टंटबाजों पर कसा शिकंजा, अज्ञात में मुकदमा दर्ज

**दुनाया रोड पर मिले ट्रैक्टर को लिया कब्जे में, थाने में कराया खड़ा**

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

ट्रैक्टर स्टंट का वीडियो सोशल मीडिया तेजी से वायरल हो रहा है। बीते दिन इस संबंध में समृद्धि न्यूज समाचार ने इस संबंध में खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। जिसका संज्ञान लेते हुए पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं दुनाया मार्ग पर खड़े ट्रैक्टर को अपनी हिरासत में लेकर थाने पर खड़ा करा दिया है।

जानकारी के अनुसार बीते दिन मोहम्मदाबाद के दुनाया मार्ग पर दो युवाओं का ट्रैक्टर से खतरनाक स्टंट करने का वीडियो वायरल हुआ था। जिसका समाचार समृद्धि न्यूज ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था। जिसका संज्ञान लेते हुए बबना चौकी इंचार्ज राजेश कुमार अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। वहीं मौके पर जांच पड़ताल करने पहुंची पुलि को मार्ग पर एक ट्रैक्टर मिला था। जिसको हिरासत में लेकर पुलिस ने थाने में खड़ा करा दिया है। पुलिस का कहना है कि स्टंट बाजों की तलाश की जा रही है। उन्हें शीघ्र गिरफ्तार किया जायेगा। वहीं क्षेत्राधिकारी मोहम्मदाबाद ने बताया कि दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है। बताते चलें कि दुनाया मार्ग पर अक्सर ट्रैक्टर चालक स्टंट करते नजर आते हैं।



थाने में खड़ा ट्रैक्टर

# गणेश महोत्सव के चतुर्थ दिन मेडिकल कालेज में पूजन के साथ हुआ भजन कीर्तन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

गणेश चतुर्थी का पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। इसी क्रम में मेजर एस.डी. सिंह पी.जी. आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल के प्रशासनिक भवन में चल रहे सप्त दिवसीय श्री गणेश पूजा महोत्सव के चतुर्थ चरण में बैच-2022 के द्वारा पूजन, आरती एवं भजन संध्या के साथ विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

गणेश चतुर्थी का त्योहार पूरे भारत में बहुत श्रद्धा और धूमधाम से मनाया जाता है। भक्तगण उन्हें विघ्नहर्ता मानते हैं, यानी हर प्रकार की बाधा को दूर करने वाले। इन्हें गजानन, एकदंत, वक्रतुंड, सिद्धि विनायक जैसे कई नामों से जाना जाता है। बप्पा का आगमन भाद्रपद माह की शुक्ल पक्ष की चतुर्थी से शुरू होता है। 6 सितंबर को अनंत चतुर्दशी पर गणपति विसर्जन के साथ गणेश महोत्सव समापन होगा। भक्त गणपति को घर लाते हैं और भक्त अपने घरों, पाण्डालों में तीन दिन, पांच, सात, दिन, नौ दिन व दस दिनों में उनकी पूजा-अर्चना कर उनसे सुख, शांति व सफलता की कामना करते हैं। मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल के प्रशासनिक भवन में चल रहे गणेश पूजा महोत्सव में बैच 2022 फूड स्टॉल का आयोजन हुआ। जिसमें विभिन्न प्रकार के फूड आदि रखे गये। लजीज व्यंजन का गणेश महोत्सव में प्रसाद के तौर पर लुफ्त उठाया गया। सुबह 7 बजे से 8:30 बजे तक पूजन व प्रसाद वितरण हुआ। प्रातः आरती में बैच 2019 के विपिन, अंशू आर्य, रुपाली, अपूर्वा, कृतिका गौतम, हर्षिता व बैच 2022 के अंकित, यश, ओम, प्रांजल, प्रवीन, ईशा, आशा, पार्थ, अनिरुद्ध, राज एवं समस्त बैच के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। देर शाम 5 बजे से 7 बजे तक आतरी व भजन संध्या, प्रसाद वितरण तथा फूड स्टाल लगाये गये। वहीं भक्तों ने कीर्तन कर गणेश जी के जन्म और उनके विघ्नहर्ता स्वरूप की कथाएं सुनी। मान्यता है कि गणेश महोत्सव के चौथे दिन गणेश जी को गुड़ और नारियल से बनी चीजें अर्पित कर सकते हैं। यह भोग उन्हें बहुत पसंद है। मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल के प्रशासनिक भवन विराजे भगवान गजानन के दर्शन के लिए भक्तों की काफी भीड़ लगी रहती है। फूड स्टाल ग्रुप-1 में आराध्या, पलक, खुशबू, शिवानी, सेनम ने भाग लिया। फूड स्टाल-2 में भाव्या, प्रियांशी, कोमल, समर्पित ने प्रतिभाग किया। फूड स्टाल-3 में अभिनाश, करन, विश्वजीत ने भाग लिया। गेम स्टॉल ग्रुप में यश व आशुतोष ने भाग लिया। साथ ही भजन संध्या ग्रुप में आशा, सीमा, आंचल, ईशा, अंकित, प्रवीण, यश, राज द्वारा भक्ति मय गीत प्रस्तुत किये गये। इस मौके पर मेडिकल कालेज के प्रतिभागी प्रशिक्षु मौजूद रहे।



गणेश महोत्सव में भजन कीर्तन करते प्रशिक्षु चिकित्सक

# देवी जागरण में भजनों पर जमकर थिरके भक्त

## कलाकरों ने राधा कृष्ण एवं वीर हनुमान, देवी महाकाली की प्रस्तुत की झांकियां

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

गणेश उत्सव में देवी जागरण का आयोजन हुआ। जिसमें कलाकारों ने भजनों की शानदार प्रस्तुति दी। जिसे सुनकर भक्त भाव विभोर हो गए।

शहर के मोहल्ला छत्तादलपतराय में चल रहे गणेश उत्सव में एसएस म्यूजिकल ग्रुप के संचालक सिंगर सचिन शुक्ला ने चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है व जागो जागो शेरा वाली जागो पहाड़ा वाली सवेरा हो गया है आदि भजनों की प्रस्तुति दी। सिंगर रुहानिका ने प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी भक्तों को लगी है कतार भवानी व सांसों की माला लेके सुमिरु मैं तेरा नाम व मेरे बाला जी महाराज जयकारा गूंजे गली गली आदि की प्रस्तुति दी। रागिनी शर्मा ने आएगी शेरो वाली मां दिल से बुला के देख, सिंगर मोनू मीत ने मेरे घर में पधारों श्रीगणेश जी आदि की प्रस्तुति दी। सुलभ ओम त्रिशूली ग्रुप ने सती वियोग, राधा कृष्ण एवं वीर हनुमान, देवी महाकाली की झाकियों की शानदार प्रस्तुति दी। देवी जागरण में मौजूद श्रोता भक्ति से झूम उठे। इस दौरान सच्चे दरबार की जय, गणपति बप्पा मौर्या आदि के जयकारों से पंडाल गूंज उठा। आचार्य आचार्य धमेंद्र तिवारी माता तारा रानी की कथा सुनाई। आरती पूजन के साथ देवी जागरण का समापन हुआ। इस मौके पर राहुल सक्सेना, विनोद सक्सेना पप्पू, राम पाल सिंह राठौर, अर्जुन राठौर, दिलीप कश्यप, जितेंद्र राठौर, दिलीप वर्मा, करन राठौर, मल्लू यादव आदि लोग मौजूद रहे।



देवी जागरण में झांकी प्रस्तुत करते कलाकार

# सेठ गली के महाराज की आरती में भक्तों ने लिया भाग



राधा-कृष्ण की झांकी प्रस्तुत करते कलाकार

**राधा-कृष्ण व लड्डू गोपाल की प्रस्तुत की गई झांकी**

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

सेठ गली स्थित श्रीराम बैडमिंटन हाल में सेठ गली के महाराजा के महोत्सव में शाम 7 बजे से भव्य झांकी राधा कृष्ण और लड्डू गोपाल और उनके साथी की प्रस्तुति संदीप वर्मा द्वारा की गई। महिलाओं व बच्चों ने बढ़-चढ़का भाग लिया। गणेश जी महाराज की आरती की गई। शाम की आरती सृजन अग्रवाल व उनकी पत्नी प्रांशी अग्रवाल ने की। गौरहरि अग्रवाल ने सब्जी-पूड़ी, खीर का प्रसाद वितरित किया। गणेश पाण्डाल में व्यापारी व स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

वहीं शिवाशीष तिवारी, आशुतोष दीक्षित, रोहित गुप्ता, अंकुर वर्मा, अनिल वर्मा, राजन अग्निहोत्री, सत्यम वर्मा, हर्ष वर्मा, कुलदीप वर्मा, शिवम् अग्रवाल, अभिषेक राजपूत, आयुष मिश्रा, प्रांशु कटियार, मिंटू पंजाबी, ऋतिक पांडेय, अंकुर अग्रवाल, चंदन वर्मा, मुकेश बाथम, आकाश वर्मा, दीपक चतुर्वेदी आदि लोग मौजूद रहे।



साक्षात्कार देते अभ्यार्थी

# रोजगार/अप्रेन्टिसशिप मेले में 201 अभ्यार्थियों का हुआ चयन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ठण्डी सड़क पर रोजगार/अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजन किया गया। मेला में 04 कम्पनियों ने प्रतिभाग किया। 350 रिक्तियों के सापेक्ष 258 अभ्यर्थियों ने भाग लिया। रोजगार/अप्रेन्टिसशिप मेले में कम्पनी के प्रतिनिधियों ने 258 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार कर 201 अभ्यर्थियों का चयन किया। जिसमें अप्रेन्टिसशिप के लिए 135 (डिक्सन-30, ओप्पो-100 एवं टाटा मोटर्स-05) व जॉब ट्रेनी के लिए 66 का चयन किया गया। मेला की व्यवस्था नोडल प्रधानाचार्य राजवीर सिंह ने देखी। इस मौके पर कार्यदेशक बृजेश कुमार, अप्रे0 प्रभारी रंजीत कुमार सुमन, प्लेसमेन्ट प्रभारी सुनील कुमार, विजेन्द्र सिंह, राज किशोर मेहतो एंव समस्त स्टॉफ मौजूद रहा।

# व्यापारियों ने शव यात्रा निकाल अमेरिकी राष्ट्रपति का फूंका पुतला

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर लगाये गये टैरिफ के विरोध में फेडरेशन ऑफ आल इंडिया व्यापार मण्डल ने अमेरिका के राष्ट्रपति का पुतला फूंक कर विरोध प्रकट किया। अमेरिकी राष्ट्रपति को व्यापारियों ने तानाशाह बताते हुए उनकी मनमानी का विरोध जताया। अमेरिका द्वारा लगाये गये टैरिफ से भारत के मध्य निर्यात पर भारी मार पड़ रही है। करोड़ों का निर्यात प्रभावित हुआ है। हजारों नौकरियां खतरे में है। जबकि अपने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्पष्ट कह दिया कि वह देशहित में ऐसे किसी प्रकार के ट्रंप टैरिफ पर कोई समझौता नहीं करेंगे। देशहित और जनहित में हमारा संगठन अमेरिका के राष्ट्रपति का विरोध करता है। संगठन ने अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सेन्ट्रल जेल चौराहे पर अमेरिका के राष्ट्रपति की पहले अर्थी बनाकर शव यात्रा निकाली और फिर चौराहे पर पहुंचकर आग के हवाले कर दिया। इस दौरान जिलाध्यक्ष मनोज मिश्रा, महामंत्री विमलेश मिश्रा, सेन्ट्रल जेल इकाई के अध्यक्ष योगेश गुप्ता, राजन सिंह, प्रशांत शाक्य, देवेन्द्र सक्सेना, मसरुर अंसारी, साजन मिश्रा, सुरेश चन्द्र मिश्रा, प्रशांत कटियार, गुड्डू शाक्य, अनुपम पाण्डेय, अर्पित अग्निहोत्री, अभय यादव, राहुल यादव, राहुल उपाध्याय, अंकित दुबे, अवनीश कुमार, आशीष पाल, शिवम दुबे, प्रवेन्द्र उपाध्याय, पंकज पाल, सत्यप्रकाश, आदि व्यापारी मौजूद रहे।



ट्रंप का पुतला फूंककर विरोध प्रदर्शन करते व्यापारी

# स्कूली बच्चों ने विभिन्न न्यायालयों में जाकर किया भ्रमण, कार्यों को समझा

**लीगल अवैरनेस कार्यक्रम जिला जज की अगुवाई में सम्पन्न**

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के द्वारा जिला जज नीरज कुमार के मार्गदर्शन में लीगल अवैरनेस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सेंट एंथोनी व आर्मी पब्लिक स्कूल के बच्चों ने विभिन्न न्यायालय में जाकर न्यायिक प्रक्रिया को समझा। कार्यक्रम का शुभारम्भ जिला जज ने दीप प्रज्वालित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि सभी को भारत के सविधान के बारे मे जानकारी होनी चाहिए। जिससे वह एक जागरूक नागरिक बन सके। जिला जज ने सोसाइटी एवं शीश मेहरोत्रा सोसाइटी के वाइस चेयरमैन के इस प्रयास की सराहना की। अपर जिला जज अभिनीतम उपाध्याय ने बच्चों को भारत के संविधान के बारे में जानकारी दी। अपर जिला जज संजय कुमार ने बच्चों को विभिन्न न्यायालयों के बारे मे जानकारी दी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्य के बारे में बताया एवं बच्चों को एक जागरूक नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर न्यायिक अधिकारी शैलेन्द्र सचान, संजय कुमार, घनश्याम शुक्ला, सुरेश राणा, शीश महरोत्रा, कौशल्या गिरी, एकता साध, धीरन्द्र वर्मा, आकाश, डॉ. नावेद, अलीम गुंजा आदि मौजूद रहे।



कार्यक्रम में मौजूद छात्र व न्यायिक अधिकारी

# भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा-2024 का पुरस्कार वितरण का हुआ आयोजन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

मदन मोहन कानोडिया बालिका इण्टर कालेज में भारतीय संरकृति ज्ञान परीक्षा-2024 का पुरस्कार वितरण समारोह सम्पन्न हुआ।

शांतिकुन्ज हरिद्वार के तत्वाधान में वर्ष 2024 में सम्पन्न हो चुकी भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के कक्षा-05 से 12 तक तथा स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर जनपद एवं तहसीलवार प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले समस्त छात्र एवं छात्राओं को मुख्य अतिथि डॉ. मिथलेश अग्रवाल,व विशिष्ट अतिथि सुरेन्द्र गुप्ता, महेशचन्द्र वर्मा ने पुरस्कार वितरण किया। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि एवं अतिथियों को भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के आयोजक डॉ. मुकेश सिंह राठौर एवं सचिव शिवकुमार कटियार एवं बच्चों ने तिलक एवं माल्यार्पण किया। जनपद एवं तहसील स्तर पर 30 से अधिक विद्यालयों के प्रधानाचार्य, प्राचार्यगण एवं उनके प्रतिनिधियों की पहचान पर विजयी पुरस्कृत छात्रों को मदन मोहन कानोडिया बालिका इण्टर कालेज के प्रागंण में प्रधानाचार्या सुमन त्रिपाठी की देखरेख एवं अतिथियों द्वारा शांतिकुंज हरिद्वार की ओर से सम्मानित एवं पुरस्कार वितरण किया गया। शुभारम्भ मदन मोहन कानोडिया स्कूल की छात्राओं ने सरस्वती वन्दना प्रस्तुत की। प्रदेश स्तर पर गंगापार स्थित महात्मा गांधी इ0का0राजेपुर की कक्षा-09 की छात्रा कु0 मनाली का विशेष सम्मान किया गया। कक्षा-05 से 08 तक छात्रों में ऑल सेन्टस पब्लिक स्कूल के अनुराग यादव तथा बाल विहार यूनिवर्सल जू0हा के सैजल बाबा, हर्ष कुमार, कु0 अदिति पाल प्रथम रहें। आर्मी पब्लिक स्कूल के पारस शर्मा, सार्थक दीक्षित, आल सेन्टस के युवराज शुक्ला एवं भारत भारती शिशु विद्या मन्दिर के शिवानी प्रजापति द्वितीय रही। अभय सिंह, अंकुर यादव व उन्नति यादव, तनवी शाक्य ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। तहसील स्तर पर सीपी इण्टर नेशनल स्कूल के संकल्प गंगवार, आलिया खान व खुशी भारत भारती विद्या मन्दिर डाली शाक्य, रोजी पब्लिक स्कूल के मेधा प्रथम तथा कुशाग्र यादव, नन्दिनी मिश्र, भारत भारती विद्या मन्दिर के नैतिक गुप्ता, मदन मोहन कानोडिया बालिका इण्टर कालेज दरक्शा तथा पायल, एन0ए0के0पी0 की नैन्शी कश्यप, दिव्यांशी राजपूत द्वितीय रही। आमोद कुमार, शौर्य प्रताप सिंह, हिमान्शु यादव, संगम, आर्यन राठौर व शिवमोहन तृतीय स्थान पर रहे। कायमगंज तहसील के कक्षा-07 से 12 तक नबावगंज के शालिनी यादव, वंशिका दुबे, अंजली एवं रजलामई की देवांशु प्रथम तथा शुकरूल्लापुर की वैष्णवी, नीतू तथा नवाबगंज के त्रिलोचन वैभव कुमार, आदित्य कुमार,विवेक कुमार द्वितीय तथा नैन्शी देवी, आकर्ष, सोनम, अरहान, आकांक्षा, दीक्षा तृतीय रहे। डॉ. मिथलेश अग्रवाल ने कहा कि आने वाली पीढी को संस्कारित किये जाने की आवश्यकता है, जिससे सनातन संस्कृति को बचाया जा सके। डॉ. मुकेश सिंह राठौर एवं शिवकुमार कटियार आदि मौजूद रहे।



कार्यक्रम में मौजूद विजेता व अतिथि

# 48वीं यूपी स्टेट राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में 49 खिलाड़ी करेंगे प्रतिभाग

**7 सितम्बर तक जयपुर में चलेगा आयोजन**

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

48वीं यूपी स्टेट राइफल शूटिंग चैंपियनशिप 30 अगस्त से 7 सितंबर तक जयपुर में होने वाली प्रतियोगिता में जनपद की अभिमन्यु स्पोर्ट्स शूटिंग अकादमी के 49 निशानेबाज प्रतिभाग करेंगे।

कोच अनिल कुमार पाल ने बताया कि 10 एमएम एयर राइफल पीप साइड में 19 खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। जिनमें साक्षी तिवारी, एकता तिवारी, सोनम प्रजापति, दिव्यांशी राजपूत, देवांत अग्निहोत्री, अक्षरा, निखिल पाल, प्रतीक पाल, ईशान, ऋषभ पाल, भूपेन्द्र प्रताप सिंह, दीप सिंह, शिवा, अनिल कुमार पाल, बंसिका पाल, अजीत कुमार निषाद, प्रेरणा चतुर्वेदी, इब्राहिम सिद्दीकी, सोमबीर सिंह प्रतिभाग करेंगे। वहीं 10 एमएम एयर पिस्टल में 8 निशानेबाज प्रतिभाग करेंगे। जिनमें नंदिता सक्सेना, वेद प्रकाश शुक्ला, कौस्तुक सिंह, प्रिया पाल, सौर्य चतुर्वेदी, आदर्श सिंह, अनंत राजपूत, अमित कुमार आनंद के नाम शामिल है। 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल में पांच निशानेबाज प्रतिभाग करेंगे। जिनमें तहसीन सिद्दीकी, समीउल्लाह खान, पंकज यादव, बृजमोहन सिंह, अमित कुमार आनंद के नाम शामिल है। 50 मीटर राइफल प्रोन में 22 निशानेबाज अनिल कुमार पाल, आरती चतुर्वेदी, सुरेश्वर सिंह, गगन दीप, भूपेंद्र प्रताप सिंह, अरुणेन्द्र प्रताप सिंह, तहसीन सिद्दीकी, जुबेरिया शाह, एकता तिवारी, आशुतोष पांडेय, अर्थदीप सिंह, देविंदर सिंह, मोनू सिंह, कुलदीप कुमार पाल, फराज खान, राहुल कुमार, उमर, साध, अपूर्वा दुबे, निकिता सिंह, सोमवीर सिंह व अनुज कुमार सिंह प्रतिभाग करेंगे।

कोच अनिल कुमार पाल ने बताया कि अभिमन्यु स्पोर्ट्स शूटिंग अकादमी के सबसे ज्यादा निशानेबाज 48वीं यूपी स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप में प्रतिभाग करेंगे।



निशानेबाज खिलाड़ी

# कनोडिया स्कूल में 345 छात्राओं ने खाई फाइलेरिया से बचाव की दवा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

फाइलेरिया लाईलाज बीमारी है इसका इलाज सिर्फ वर्ष में एक बार खिलाई जाने वाली दवा से ही हो सकता है, इसके लिए हमें स्वास्थ्य कार्यकर्ता द्वारा दी जाने वाली दवा का सेवन करके ही करना है। डीएमओ ने कहा कि 1 सितंबर से जिले में माप अप राउंड शुरू होगा, जो 5 सितंबर तक चलेगा। इस दौरान छूटे हुए लोगों को फाइलेरिया से बचाव की दवा खिलाई जायेगी।

जिन लोगों ने किसी भी कारण से दवा का सेवन न किया हो तो अपने नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पर या स्वास्थ्य कार्यकर्ता से लेकर कर लें। मदन मोहन कनोडिया बालिका इन्टर कॉलेज में 345 छात्राओं और 15 अध्यापकों को बूथ लगाकर फाइलेरिया से बचाव की दवा का सेवन कराया गया। प्रधानाचार्या सुमन त्रिपाठी ने फाइलेरिया बचाव की दवा खाने की बात कही। इस दौरान पीसीआई से अनुपम मिश्रए, एनएम सोनी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता रेनू सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



फाइलेरिया की दवा खाते शिक्षक

# डॉ. महेन्द्र गुप्ता के प्रयास से युवती को वापस मिली आंखों की रोशनी

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। दुनिखेड़ा कलांन जिला शाहजहांपुर निवासी 22 वर्षीय सुषमा के आंख में कैंसर ट्यूमर होने से उसे दिखायी देना बंद हो गया। कई जगह उपचार कराने के बाद पिता रामासरे अपनी बेटी को कायमगंज स्थित डॉ. महेन्द्र गुप्ता को दिखाया। डॉ. महेंद्र गुप्ता ने कैंसर से पीड़ित उनकी बेटी का नि:शुल्क इलाज करने की जिम्मेदारी ली। उन्होंने उनकी बेटी की आंख को पूरी तरह से इलाज और ऑपरेशन करवाकर पूरी तरह से सही कर दिया। गरीब बेसहारों के लिए देवदूत बने डॉक्टर महेंद्र गुप्ता का आई हॉस्पिटल के नाम से कायमगंज जटवारा में अस्पताल है। आंखों की रोशनी वापस मिलने से पीड़िता व उसके परिजनों ने समाजसेवी डॉ. महेन्द्र गुप्ता को दुआयें दी।



डॉ. महेन्द्र गुप्ता

# जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में सीपी ग्लोबल विजयी

**राष्ट्रीय खेल दिवस पर ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम में हुआ आयोजन**

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर जनपद स्तरीय जूनियर बालिका वर्ग ताइक्कांडो एवं जूनियर बालक वर्ग कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन स्व. ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम फतेहगढ़ में कराया गया।

कबड्डी एवं ताइक्कांडो प्रतियोगिता का शुभारम्भ भोजपुर विधायक नागेन्द्र सिंह राठौर व नगर मजिस्ट्रेट संजय कुमार बंसज ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं टॉस कराकर किया। क्रीड़ाधिकारी ने अतिथि को माला पहनाकर तथा पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। कबड्डी प्रतियोगिता में 14 बालक टीमों एवं ताइक्कांडो प्रतियोगिता में 79 बालिका खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। वहीं सांसद मुकेश राजपूत, भाजपा जिलाध्यक्ष फतेहचन्द्र वर्मा, डीएस राठौर एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने हॉकी, ताइक्कांडो एवं कबड्डी प्रतियोगिता में विजेता/ उपविजेता खिलाड़ियों एवं खेल निर्णायकों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कबड्डी प्रतियोगिता का पहला मैच वीरपुर मोहम्मदाबाद व आरआईसी फतेहगढ़ के बीच खेला गया। जिसमें वीरपुर मोहम्मदाबाद ने 20 पाइन्ट से विजेता बना। दूसरा मैच शहीद देवानंद एकेडमी मदनपुर व सीपीएन कायमगंज के बीच खेला गया। जिसमें शहीद देवानंद एकेडमी मदनपुर 17 पाइन्ट से विजेता बना। तीसरा मैच राष्ट्रीय जनता इण्टर कालेज बी एवं भारतीय इ.का. मोहम्मदाबाद के मध्य खेला गया। जिसमें भारतीय इ.का. मोहम्मदाबाद टीम वॉकओवर देकर राष्ट्रीय जनता इण्टर कालेज बी विजेता बना। चौथा मैच राष्ट्रीय जनता इण्टर कालेज ए व एमआईसी फतेहगढ़ के बीच खेला गया। राष्ट्रीय जनता इण्टर कालेज ए 06 पाइन्ट से विजेता बना। पांचवा मैच नवाबगंज टीम व बालाजी टीम के बीच खेला गया। नवाबगंज टीम 06 पाइन्ट से विजयी बनी। छठवां मैच पिथूपुर मेंहदिया व सुपर जेंट के बीच खेला गया। पिथूपुर मेंहदिया 05 पाइन्ट से विजयी बना। सातवां मैच सीपी ग्लोबल मोहम्मदाबाद व वीरपुर के बीच खेला गया। वीरपुर टीम 12 पाइन्ट से विजेता बनी। आठवां मैच भारतीय इ0का0 मोहम्मदाबाद व शहीद देवानंद के बीच खेला गया। शहीद देवानंद 10 पाइन्ट से विजेता बना। 9वां मैच राष्ट्रीय जनता इण्टर कालेज व नवाबगंज टीम के बीच खेला गया। नवाबगंज टीम 12 पाइन्ट से विजेयी बनी। 10वां मैच सीपी ग्लोबल बी व पिथूपुर मेंहदिया के बीच खेला गया। सीपी ग्लोबल बी टीम 21 पाइन्ट से विजेयी बनी। पहला सेमीफाइनल मैच सीपी ग्लोबल ए व शहीद देवानंद एकेडमी मदनपुर के बीच खेला गया। सीपी ग्लोबल ए टीम 04 पाइन्ट से विजेता बनी। दूसरा सेमीफाइनल मैच सीपी ग्लोबल बी व नवाबगंज टीम के मध्य खेला गया। नवाबगंज टीम 12 पाइन्ट से विजेता बनी। फाइल मैच सीपी ग्लोबल ए टीम व नवाबगंज टीम के बीच खेला गया। सीपी ग्लोबल ए टीम 08 पाइन्ट से विजेता एवं नवाबगंज टीम उप विजेता बने। वहीं जूनियर ताइक्वांडों बालिका वर्ग प्रतियोगिता में अंडर-24 भार वर्ग में कृतिका प्रथम, अनघा सिंह द्वितीय, एंजल सिंह तृतीय स्थान पर रही। अंडर-28 भार वर्ग में आस्था प्रथम, आन्या द्वितीय, अर्पिता राजपूत तृतीय स्थान पर रही। अंडर-34 में सिद्धी प्रथम, काजल द्वितीय, नैन्सी तृतीय स्थान पर रही। अंडर-36 में दिव्यांशी प्रथम, अन्वी शुक्ला द्वितीय, दीपा शुक्ला तृतीय स्थान पर रही। अंडर-40 में सुमन प्रथम, अनुष्का अग्रवाल द्वितीय, संजना चौहान तृतीय स्थान पर रही। अंडर-44 में स्वाती राजपूत प्रथम, संजीवनी द्वितीय, निहारिका तृतीय स्थान पर रही। अंडर-51 में कशिश प्रथम, अंशिका शाक्य द्वितीय, आध्या सक्सेना तृतीय स्थान पर रही। अंडर-54 में अनुष्का प्रथम, सोनाक्षी यादव द्वितीय, निधि कनौजिया तृतीय स्थान पर रही। अंडर-58 में वैष्णवी आर्य प्रथम, वनिका गुप्ता द्वितीय, एकता चतुर्वेदी तृतीय स्थान पर रही। अंडर-63 में आध्या प्रथम, गरिमा ने द्वितीय स्थान पाया व तृतीय स्थान पर जैकलिन रही। कबड्डी प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका कबड्डी एसोसिएशन के जिला सचिव कुलदीप कुमार यादव, सुभाष चन्द्र, अरुण कुमार, सुनील पाल, विमलेश कुमार, अभिषेक शाक्य, सपना यादव, अभिषेक पाल, अतुल कटियार, अतीत यादव व ताइक्वांडों प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका सनी दिवाकर आदित्य राठौर, रुबी, दीपांजली, उपासना, सिमरन कनौजिया, रशिका यादव, निकिता दुबे, मुस्कान राजपूत, श्रद्धा त्रिपाठी ने निभाई। इस अवसर पर सुशांत गुप्ता, अर्जुन विक्रम सिंह, अमित चौहान, प्रदीप जायसवाल, वैभव सोमवंशी, आशीष सक्सेना आदि मौजूद रहे।



विजेता खिलाड़ियों के साथ सांसद, जिलाध्यक्ष व अन्य

# विंध्य कॉरिडोर से तीर्थ यात्रियों की सुविधाओं में व्यापक बदलाव : डॉ. दिलीप अग्निहोत्री

- राज्य सूचना आयुक्त ने विंध्याचल पहुंच कर मां विंध्यवासिनी का किया दर्शन-पूजन



**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज।**

राज्य सूचना आयुक्त डॉ दिलीप अग्निहोत्री ने मां विंध्यवासिनी देवी के धाम विंध्याचल पहुंच कर मां विंध्यवासिनी देवी का विधि-विधान व मंत्रोच्चार के साथ दर्शन पूजन किया। तीर्थ पुरोहित प. धीरज मिश्र द्वारा दर्शन मंत्रोच्चार के साथ दर्शन पूजन कराया गया।

आयुक्त ने कहा कि विंध्य कॉरिडोर से तीर्थ यात्रियों की सुविधाओं में व्यापक सुधार हुआ है। विंध्याचल में उन्होंने कहा कि शक्ति पीठों में मां विंध्यवासिनी धाम का विशेष महत्व है। एक तरफमां गंगा दूसरी तरफविंध्य पर्वत शृंखला इस पूरे क्षेत्र को सुरम्य बनती है। इसके साथ ही यहां काली खोह और अष्टभुजा देवी का भी धाम है। विंध्यवासिनी काली खोह और अष्टभुजा धाम आध्यात्मिक त्रिकोण का निर्माण करते हैं। साधना की दृष्टि से यह सिद्ध क्षेत्र है। नवदुर्गा की अवधि में यहां साधक विशेष अनुष्ठान करते हैं। दूर-दूर से यहां दर्शनार्थी पहुंचते हैं।

विंध्यवासिनी धाम को नव्य और भव्य बनाने के लिए 2021 में कॉरिडोर का निर्माण शुरू हुआ था। आधुनिक सुविधाओं के साथ ही सुगम आवागमन के लिए गलियों का कायाकल्प किया गया है। यहां चार प्रमुख मार्गों पर प्रवेश द्वार बनाया गया है। मुख्य मंदिर के चारों तरफ पचास फीट चौड़ा परिक्रमा पथ बनाया गया है। परिक्रमा पथ का निर्माण पूर्ण हो चुका है। मां विंध्यवासिनी देवी मंदिर एवं विंध्य कॉरिडोर निर्माण के साथ-साथ काली खोह,अष्टभुजा मंदिर निर्माण तथा त्रिकोण मार्ग के चौड़ीकरण एवं सौन्दर्यकरण का कार्य पूरे त्रिकोण तीर्थ को सुविधा संपन्न बना रहा है।

# अदवा नदी स्थित पुल के दोनों छोर के मरम्मत के लिए डीएम को सौंपा पत्र




**हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज।**

अपना दल एस के जिला महासचिव युवा मंच शशिकांत सिंह पटेल ने जिलाधिकारी मिर्ज़ापुर पवन कुमार गंगवार को प्रार्थना पत्र सौपकर अदवा नदी पर स्थित पुल के दोनों छोर के मरम्मत कार्य कराने की मांग किया है। पुल के दोनों छोर अदवा नदी में आये बाढ़ से क्षतिग्रस्त हो गया है जिससे हलिया हथेड़ा मार्ग पर यात्रा करने वाले लोगो को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पुल के दोनों छोर की रेलिंग में टूट गई है जिससे हादसा होने का खतरा बढ़ गया है। पुल का दोनों छोर बारिश होने से अदवा बांध का जल स्तर बढ़ने पर अदवा बांध से अदवा नदी में पानी छोड़े जाने से पानी के बहाव में क्षतिग्रस्त हो गया है लेकिन आज तक पुल के क्षतिग्रस्त दोनों छोर का विभाग द्वारा मरम्मत कार्य नहीं कराया गया है। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव राजयसभा सांसद अरुण सिंह अपने गृह गांव बैधा जाने के कार्यक्रम को देखते हुए क्षतिग्रस्त दोनों छोर पर मोरंग गिराकर गड्ढे भर दिए गए थे।

# मंडलायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा कर प्रगति के बारे में ली जानकारी

**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज।**



मंडलायुक्त विंध्याचल मंडल बालकृष्ण त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय सभागार में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक अपर निदेशक स्वास्थ्य, संयुक्त निदेशक, मण्डलीय कार्यकम/लेखा प्रबन्धक एवं अन्य मण्डलीय टीम के साथ मण्डल के समस्त मुख्य चिकित्सा अधिकरी एवं अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला कार्यकम अधिकारी, आई0सी0डी0एस0 तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रतिभाग किया गया। समीक्षा बैठक का आरम्भ विगत बैठक में दिये गये निर्देशों के अनुपालन पर चर्चा से की गई। बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन से आच्छादित विभिन्न कार्यक्रमों जैसे वित्तीय प्रगति समीक्षा, एच0एम0आई0एस0 कार्यक्रम की समीक्षा, आर0सी0एच0 कार्यक्रम की समीक्षा, कम्युनिटी प्रोसेस कार्यकम की समीक्षा, शहरी स्वास्थ्य मिशन कार्यकम की समीक्षा, क्वालिटी एश्योरेंश कार्यकम, राष्ट्रीय क्षयरोग कार्यकम, के उपलब्धियों की समीक्षा के साथ ही यूनिसेफएवं अन्य सहयोगी संस्था समर्थित कार्यक्रमों की भी समीक्षा की गई।

समीक्षा बैठक में मंडलायुक्त द्वारा समस्त कार्यकमों की गहन समीक्षा करते हुए, कम प्रगति वाले बिन्दुओं पर अप्रसन्नता करते हुए, 15 दिवस में सुधारात्मक कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि समस्त चिकित्सा इकाईयों पर जीवन रक्षक औषधियों, उपकरणों आदि की उपलब्धता एवं क्रियाशीलता एवं शीतल पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। साथ ही यह निर्देश भी दिये गये कि मण्डल में संचालित समस्त स्वास्थ्य कार्यक्रमों/ गतिविधियों की नियमित अनुश्रवण व समीक्षा प्रत्येक स्तर पर करते हुए प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करने हेतु प्रयास किये जाय।

## खबरें एक नजर में

### जहरीले जंतु के काटने से महिला की मौत

**राजगढ़ (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** राजगढ़ थाना क्षेत्र के गढ़वा गांव में घर में सो रही विवाहिता को किसी जहरीले जंतु ने काट लिया। स्वजनों द्वारा आनन फानन में राजगढ़ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां पर डॉक्टर द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया लेकिन विवाहिता की हालत में सुधार न होने पर परिजन उसे सोनभद्र स्थित जिला चिकित्सालय ले गए जहां पर इलाज के दौरान विवाहिता की मौत हो गई। प्रेमलता 37 वर्षीय पत्नी जितेंद्र कुमार निवासी गढ़वा रात में सो रही विवाहिता को किसी जंगली जंतु ने काट लिया। जिससे आज राती में ही सोनभद्र स्थित लोढ़ी जिला चिकित्सालय में इलाज के दौरान विवाहिता की मौत हो गई। स्वजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। गांव के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विनोद कुमार सिंह अस्पताल में पहुंच गए हैं। गांव में सन्नाटा छाया हुआ हैं विवाहिता की मौत से हर कोई स्तब्ध है। मृतक की डेड बॉडी को डॉक्टर ने ने पोस्टमार्टम को भेजा। परिजनों का आरोपी का बुरा हाल है।

### बेंगलुरू गए युवक की संदिग्ध मौत

**हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के अहुगी कलां गांव निवासी रामसागर कोल के पुत्र ऋषिराज कोल (19) की बेंगलुरु में शुक्रवार की देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक दस दिन पूर्व गांव के अपने साथियों संग चाट-फुल्की का काम करने बेंगलुरु गया था। बताया जाता है कि शुक्रवार को शाम अचानक उसके पेट में तेज दर्द उठने लगा तबियत बिगड़ने पर साथियों ने उसे घर भेजने का निर्णय लिया और बेगलूरु के यशवंतपुर रेलवे स्टेशन लेकर पहुंचे।

लेकिन ट्रेन छूट जाने से वह घर के लिए रवाना नहीं हो सका। रात में स्टेशन पर ही रुकना पड़ा। उसी दौरान उसकी हालत और बिगड़ गई और यशवंतपुर रेलवे स्टेशन पर मौत हो गई। घटना की सूचना गांव निवासी मृतक के साथी श्रीराम ने परिजनों को दी। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक तीन भाइयों में दूसरे नंबर पर अविवाहित था।एक बहन है। जिसकी शादी हो चुकी है। मां राजवंती और पिता राम सागर बेटे की मौत की खबर सुनते ही बेसुध हो गए। दोनों का रो-रो कर बुरा हाल है। बेंगलुरु पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जांच करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के पिता रामसागर ने बताया कि रोजगार की तलाश में साथियों के साथ दस दिन पूर्व बेंगलुरू गए बेटे ऋषिराज की रेलवे स्टेशन पर अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई है।

### संगठन की बैठक में अनेक मुद्दों पर हुई चर्चा




**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज।** रूपौधा नारायनपुर में संगठन की समीक्षा बैठक में अनेक मुद्दों पर चर्चा की गई। प्रांतीय अध्यक्ष डॉ अरविंद पटेल, जिलाध्यक्ष सुनील पटेल फौजी, विधानसभा मड़िहान प्रभारी चंद्रभान सिंह पटेल उर्फ टिंकु बाबा, विधानसभा चुनार प्रभारी महेंद्र सिंह पटेल उर्फ मुन्ना मैनेजर, सतीश पटेल, रामप्रसाद, शारदा प्रसाद त्यागी, विजय पटेल, डॉ जितेंद्र पटेल, चंद्रभान पटेल, राजेश पटेल, संतोष यादव, चंद्रशेखर पटेल, सुशील पटेल, आशीष पटेल, दिवाकर, नंदलाल पटेल, दयाशंकर पटेल, मनोज पटेल, पाल फौजी, ब्लॉक अध्यक्ष अभिषेक पटेल, आशीष पटेल, शिवम् पटेल, प्रिंस पटेल, आकाश मौर्य आदि मौजूद रहे।

# नहर में मिला अधेड़ राजमिस्त्री का शव, पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज।**



स्थानीय थाना क्षेत्र के मधोर गांव के लिंक नहर के पुलिया के पास शनिवार की सुबह अधेड़ राजमिस्त्री का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने राजमिस्त्री के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अनुमान लगाया जा रहा है की नहर में गिरने से पानी में डूबकर राजमिस्त्री की मौत हुई है। राजमिस्त्री की मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया है। थाना क्षेत्र के मधोर गांव निवासी 57 वर्षीय रामपति राजमिस्त्री का कार्य करते थे की शुक्रवार को में कार्य करने के बाद शाम 7 बजे घर आये और लगभग 7.30 बजे घर से फिर निकले की वापस घर नहीं लौटे। सुबह राजमिस्त्री का शव घर से दूर मधोर नहर के पुलिया के पास मिला है। शव के मिलने पर पहुँचे परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दिया मौके पर पहुँची पुलिस ने शव को नहर से राजमिस्त्री के शव को बाहर निकलवाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृत राजमिस्त्री को तीन पुत्र व तीन पुत्री है मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया है। राजमिस्त्री के हाँथ पर व गले पर चोट के निशान है। मृत राजमिस्त्री के पुत्र की सूचना पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत का कारण स्पष्ट होगा की राजमिस्त्री की मौत कैसे हुई है। अनुमान लगाया जा रहा है की पानी में डूबने से राजमिस्त्री की मौत हुई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की राजमिस्त्री का शव लिंक नहर के पुलिया के पास मिला है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का स्पष्ट कारण पता चलेगा।

### महाव नाले में जलस्तर बढ़ने से ओवरटॉपिंग

**देवघट्टी हरखपुरा में स्थिति नियंत्रित तीन नए अवर अभियंता तैनात**

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** महाव नाले के जलस्तर में वृद्धि के कारण उत्पन्न ओवरटॉपिंग की स्थिति पर सिंचाई विभाग द्वितीय ने तत्काल कार्रवाई की है। 22 अगस्त को नाले का जलस्तर 13 फीट तक पहुंच गया, जो पिछले रिकॉर्ड से 1 फीट अधिक था। किलोमीटर 15.00 के पास ग्राम देवघट्टी हरखपुरा में हुई ओवरटॉपिंग को दुरुस्त कर लिया गया है। नौतनवां के विधायक ऋषि त्रिपाठी ने 23 अगस्त को कटाव स्थल का निरीक्षण किया। उनके निर्देश पर सिंचाई विभाग द्वितीय के अधिशासी अभियंता राजीव कपिल ने कार्रवाई की। स्थल पर तैनात अवर अभियंता विवेक कुमार शुक्ला और विवेक कुमार भारद्वाज को हटा दिया गया है। उनकी जगह अमित कुमार, शशांक पाण्डेय और वसीम अहमद को नियुक्त किया गया है। एक्सईएन राजीव कपिल ने भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सहायक अभियंता को निर्देश दिए हैं। ठेकेदार के लगभग 30 लाख रुपये के कार्यों का भुगतान रोक दिया गया है। सिंचाई विभाग और प्रशासन महाव नाले पर प्रभावी नियंत्रण के लिए मिलकर काम कर रहे हैं।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने ग्राम प्रधानों को दिया प्रशस्ति पत्र

**हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज।**




जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मिर्ज़ापुर द्वारा लालगंज तहसील के अंतर्गत हलिया विकास खंड के एक दर्ज ग्राम प्रधानों को शनिवार को ग्राम न्यायायाल परिसर में जिला जज अरविन्द कुमार मिश्रा के हाथों से प्रशस्ति पत्र दिया गया है।

जिसमे ग्राम पंचायत हलिया के ग्राम प्रधान शिवबाबू सेठ, ग्राम पंचायत गलरिया के ग्राम प्रधान गुलाब पटेल, गुर्गी के ग्राम प्रधान रमेश मौर्य, उंटी के ग्राम प्रधान मार्कण्डेय प्रसाद मौर्य, गड़बड़ा के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रजनीश गुप्ता सहित एक दर्जन ग्राम प्रधानों को जिला जज द्वारा मुकदमा विहीन ग्राम के रूप में ग्राम की स्थापना संचालन में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया है।

ग्राम स्तर पर आपसी समन्वय विवादों का शांतिपूर्ण समाधान सामाजिक सौहार्द और सामूहिक निर्णय प्रक्रिया को प्राथमिकता देकर अपने अपने ग्राम को न्यायालयिन मुकदमे से मुक्त रखा। यह पहल अन्य ग्रामो के लिए प्रेरणादायक है आपका यह प्रयास सुलझे गांव बढ़े गांव की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस दौरान अपर जिला जज विनय आर्या, ग्राम न्यायालय जज जनीत प्रवीन आदि मौजूद रहे।

### सर्पदंश से युवक की मौत

**महाराजगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर पंचायत आनंदनगर के वार्ड नंबर तीन में एक युवक को चर में सांप ने डस लिया। जिससे उपचार के दौरान मौत दो गई।

बताया जाता है कि वार्ड नंबर तीन निवासी बीरे का 25 वर्षीय पुत्र दीपक को बीती रात घर पर ही किसी जहरीले सांप ने काट लिया। जिसको लेकर परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनकटी फरेंदा पहुंचया, जहां चिकित्सकों ने दीपक का प्राथमिक इलाज शुरू की बिगड़ती हालत देख उसकी हालत देख चिकित्सकों ने जिला चिकित्सालय महाराजगंज रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान दीपक की मौत हो गई।

परिजनों द्वारा दीपक के मौत की सूचना पुलिस को दी गई सूचना पाकर फरेंदा कोतवाली पुलिस शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा तैयार कराकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। वक्त मामले में फरेंदा कोतवाल प्रशांत पाठक से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि मामला संज्ञान में है। जांच पड़ताल कर शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है।

# नौतनवा पहुंची वाराणसी जीएसटी टीम ने अनेक स्थानों पर की छापेमारी

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**



जीएसटी विभाग वाराणसी की टीम एक बार फिर नौतनवा कस्बे में पहुंची तो कारोबारियों में हड़कंप मच गया। जीएसटी विभाग की टीम कस्बे के उस्मान नगर, महेंद्र नगर एवं अन्य मोहल्ले के कुछ चिह्नित व्यापारियों की तलाश में पहुंची।

उनके वास्तविक ठिकाने और कारोबार के पैमाने की जांच-पड़ताल हो रही है। सोनौली सीमा के रास्ते बड़े पैमाने पर सामान नेपाल भेजे जाने वाले में टैक्स रिफंड का इनपुट मिला है। इसको लेकर एजेंसियां सीमा पर कड़ी निगाह बनाए हुए हैं।

व्यापारियों की कुंडली खंगाली जा रही है। व्यापारियों के नाम चिह्नित करने बाद विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचकर जांच कर रहे हैं। कागजों में दर्शाए गए ठिकानों में अधिकतर अधिकारी पहुंच ही नहीं पा रहे हैं, जिसको लेकर भी अधिकारियों में सस्पेंस बढ़ जा रहा है।

जानकारों की माने तो कागजों में सामानों की खरीद होती है, लेकिन सामान एक देश से दूसरे देश तक पहुंचता ही नहीं है। कार्रवाई कर रही टीम के अधिकारी सबसे पहले महेंद्र नगर के एक व्यापारी के पते पर पहुंची तो उसका भी सही ठिकाना नहीं मिल सका। जांच के दौरान पता चला कि व्यापारी के दस्तावेज के सहारे काम को कोई और अंजाम दे रहा है।

# सांसद ने 15 वर्ष पुराना सड़क बनाने का वादा अब फिर दोहराया

- पहली बार कांग्रेस से जीतने के बाद ढेकहरी बुजुर्ग से खुर्द सड़क बनाने का वादा किया था
- सांसद वादा, विधायक, उप मुख्यमंत्री वादा कब किसका वादा पूरा होगा, पूछती है जनता

**सिद्धार्थनगर, समृद्धि न्यूज।**



विकास खंड बढ़नी अंतर्गत ढेकहरी खुर्द से आर्रा नाला तक की गड्ढा युक्त सड़क पर क्षेत्रीय सांसद जगदंबिका पाल के भी नजर ए इनायत की संभावना है। दो दिन पूर्व ढेकहरी चौराहे पर एक कार्यक्रम में सांसद जगदंबिका पाल ने उक्त सड़क के निर्माण की बात कही है। लगातार चार बार सांसद होते आए सांसद पाल को इस सड़क की याद तब आई जब क्षेत्र के एक युवा समाजसेवी अजय अग्रहरि ने उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से मिलकर इस सड़क के पुनर्निर्माण की अपील की।

जनपद सिद्धार्थनगर के विकासखंड बढ़नी का ढेकहरी बुजुर्ग से ढेकहरी खुर्द आरा नाला तक की गड्ढा युक्त सड़क को बनाने के लिए क्षेत्रीय जनता लगभग 20 वर्षों से वाट जोह रही है वर्ष 2009 में कांग्रेस से पहली बार सांसद जगदंबिकापाल ने जब चुनाव जीता था तो उन्होंने ढेकहरी चौराहा पर अभिनंदन समारोह मे सार्वजनिक ऐलान किया था कि हम अपने कोटे से इस सड़क को बनवाएंगे पर उसके बाद कांग्रेस छोड़कर 2014, 19 फिर 24 में लगातार चौथी बार सांसद का चुनाव जीते पर उन्होंने कभी इस गड्ढा युक्त सड़क के निर्माण का वादा याद नहीं किया गत कुछ माह से ढेकहरी के एक सामाजिक कार्यकर्ता नौजवान ने जब प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री आदि को रजिस्ट्री प्रार्थना पत्र देने के कुछ दिनों बाद विधायक विनय वर्मा से मिलकर सडक की व्यथा सुनाई तो उन्होंने कहा बजट एलाट हो गया। काफी इंतजार के बाद नौजवान अजय अग्रहरि लखनऊ जाकर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से मिला और सड़क की दुर्दशा बताई तो आश्चर्य जताते उन्होंने सामाजिक कार्यकर्ता अजय अग्रहरि के मूल प्रार्थना पत्र के साथ शासन का अपना लेटर पैड जिलाअधिकारी सिद्धार्थनगर को प्रेषित किया कि उक्त सड़क के निर्माण में हर संभव कदम उठाया जाए। उक्त खबर सिद्धार्थनगर के अखबारों की सुर्खियां बनी तो इसी शुक्रवार 29 अगस्त को सांसद जगदंबिका पाल ढेकहरी चौराहे पर आकर एक धार्मिक कार्यक्रम में गणेश जी को साक्षी मानकर फिर वही वादा ऐलान किया कि हम अपने सांसद कोटे से ढेकहरी बुजुर्ग से ढेकहरी खुर्द अर्रा नाला तक की सड़क को बनवाऊंगा।

क्षेत्रीय जनता सांसद के 15 साल पुराने वादे व उनके दो दिन पहले के वादे फिर विधायक विनय वर्मा के बजट के वादे उपमुख्यमंत्री के लिखित वादे के क्रम में अब ठोस करवाई सड़क निर्माण की बाट जोह रही है देखना है किस राजनेता का वादा फली भूत होता है और जनता का 20वर्षो का भगीरथ प्रयास कब सफल होता है कई बुद्धिजीवियों का कहना है यहां के राजनेता काम नहीं करना चाहते हैं नहीं तो इस जनपद में दो नेताओं के कद इतने बड़े हैं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष माता प्रसाद पांडेय उनकी स्थिति एक सरकार जैसी रही है, वह लखनऊ में जिस विभाग के मंत्री से सिद्धार्थनगर जनपद के विकास के लिए सड़क आदि के लिए कह देते वह मंत्री खुशी-खुशी इस जनपद में विकास कर देता।

वही हाल चार बार के सांसद व पूर्व मुख्यमंत्री जगदंबिका पाल का है अगर यह मन से किसी विकास कार्य को चाहे तो कोई दो दो राय नहीं कि वह कार्य पूरा न हो जाए बढ़नी जैसी छोटी जगह पर चार बार केंद्रीय रेल मंत्रियों को लाकर रेलवे डेवलपमेंट करवाएं तो उनकी क्षमता जनपद की जनता जानती है पर विकासखंड बढ़नी के अंतर्गत की सड़क व अन्य विकास कैसे इनके निगाहों से बनने को बची रह गई यह सोचनीय विषय है। सच कहा जाए तो इनका कद छमता अब उद्योग पति ढूढकर बढनी क्षेत्र में सुगर फैक्ट्री निर्माण करवाने की हो गयी है। जिससे किसानों की कैश क्राफ्ट,गरीबी दूर हो जायेगी।

उक्त सम्बन्ध मे क्षेत्र के दर्जनों बुद्धिजीवियों ने कहा विकास न करने मे केवल राजनेताओं की गल्ती नही है जनता की भी है जब विकास के नाम पर ओट ही नही करते हैं पार्टी जाति अगडा पिछडा की वयार चलती है तो विकास कैसे होगा।

# ब्रेक फेल होने से वर्कशॉप गेट से भिड़ी रोडवेज बस, अनेक यात्री घायल

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**



जिले में आज शनिवार को उस समय हड़कंप

मच गया जब उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग की एक बस का अचानक ब्रेक फेल हो गया। बस अनियंत्रित होकर वर्कशॉप के गेट से टकरा गई। इस घटना में दर्जनों यात्री घायल हो गए। घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां सभी खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं। चालक की सूझबूझ से बड़ा हादसा टल गया।

परिवहन विभाग की बस संख्या UP 77 AN 3054 यात्रियों को लेकर ठूठीबारी की तरफ जा रही थी। बस में दर्जनों यात्री सवार थे। रास्ते में अचानक ब्रेक ने काम करना बंद कर दिया और बस अनियंत्रित हो गई। चालक ने स्थिति को संभालने की कोशिश करते हुए तुरंत बस को पास ही स्थित धनेवा वर्कशॉप की ओर मोड़ दिया ताकि तकनीकी खराबी को सुधारा जा सके। लेकिन जैसे ही बस वर्कशॉप के गेट के पास पहुंची, वह नियंत्रण खो बैठी और तेज रफ्तार में गेट से टकरा गई।

### वर्कशाप गेट में एकाएक टकराने से मची अफरा-तफरी

टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस के भीतर सवारियों में चीख-पुकार मच गई। कई यात्री सीटों से गिर पड़े और कुछ खिड़कियों व दरवाजों से टकरा गए। इस अफरा-तफरी के बीच स्थानीय लोग तुरंत घटनास्थल पर जुट गए और राहत-बचाव कार्य शुरू किया। उन्होंने बस से घायलों को बाहर निकालकर नजदीकी अस्पताल पहुंचाया।

### बस में सवार घायलों का इलाज जारी

हादसे में घायल सभी यात्रियों को जिला अस्पताल और समीपवर्ती स्वास्थ्य केंद्रों में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों ने बताया कि अधिकतर घायलों को सामान्य चोटें आई हैं, जबकि कुछ को सिर और हाथ-पांव में गंभीर चोटें लगी हैं। प्रशासन ने सभी घायलों के समुचित इलाज का आश्वासन दिया है।

### प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और परिवहन विभाग के अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। बस को क्रेन की मदद से सड़क किनारे हटाया गया। अधिकारियों ने दुर्घटना की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में तकनीकी खराबी और रखरखाव की लापरवाही की संभावना जताई जा रही है।

# शिव मंदिर पोखरे में अचानक मरने लगीं मछलियां, कारण का नहीं लगा सुराग

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**



थाना क्षेत्र के लालपुर स्थित शिव मंदिर पोखरे में बृहस्पतिवार को अचानक मछलियों के मरने लगी इससे हड़कंप मच गया। यह पोखरा गांव के लोगों के लिए आस्था का केंद्र माना जाता है। यहां की मछलियों को कभी भी नहीं खाया जाता।

ग्रामीण पंकज सिंह, रमेश जायसवाल, राहुल सिंह, अमरेश यादव, रशीद खान का कहना है कि इस पोखरे की मछलियों का कभी भी शिकार नहीं किया गया है और न ही बेचा गया है। मंदिर पर आने वाले श्रद्धालु मछलियों को खिलाने के लिए भूजा लेकर आते हैं। शिकार नहीं होने से मछलियों का आकार बहुत बड़ा हो गया था। बृहस्पतिवार को अचानक मछलियों का मरना देख ग्रामीण परेशान हो गए। ग्रामीणों ने मछलियों को बचाने के लिए पोखरे के पानी में चूना डाला, फिर भी 20 क्विंटल से अधिक मछलियां मर गईं। पोखरे से निकली कुछ मछलियों का वजन 35 किलो तक था। ग्राम प्रधान पंकज सिंह ने बताया कि मरी हुई मछलियों को पोखरे से बाहर निकालकर पोखरे में चूना और पानी डालकर बाकी मछलियों को बचाने का प्रयास किया जा रहा हैं। इस बारे में मत्स्य विभाग और वन विभाग के अधिकारियों को सूचित कर दिया गया है।